रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 22 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-91 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक : धनखड़



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि शांति का वातावरण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। धनखड़ ने राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के एक कार्यक्रम 'भारत के मूल मूल्य, हित और उद्देश्य' को संबोधित करते हुए कहा कि यदि वैश्विक स्तर पर किसी भी स्थान पर शांति भंग होती है, तो इससे विकास और समरसता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसीलिए राष्ट्रीय सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है। धनखड़ ने कहा कि वैश्विक शांति भंग हो रही है और युद्ध तीव्र हो रहे हैं। शत्रुता सिद्धांतों में बदल रही है और जलवायु संकट मंडरा रहा है।

### छत्तीसगढ़ में 5.37 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर।** 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान में अब तक 5.37 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 1.16 लाख से अधिक किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 971 करोड़ 16 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि 21 नवम्बर को 26501 किसानों से 1.18 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है।

### कीमती उपहार से उपजे विवाद पर रेलवे की सफाई



**नयी दिल्ली।** रेलवे ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद सुदामा प्रसाद को संसदीय स्थायी समिति के दौरे के समय उपहार में सोने का स्मारक सिक्का और चांदी की वस्तु देने को लेकर विवाद पर स्पष्ट किया कि ये उपहार किसी अपेक्षा के साथ नहीं बल्कि शिष्टाचार की दृष्टि से भेंट किए गए थे। सूत्रों के अनुसार रेलवे के उपक्रमों राइट्स के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर कार्यक्रमों में स्मृति चिह्न के तौर पर विशेष रूप से एक-एक ग्राम सोने के सिक्के बनवा कर सभी कर्मचारियों को बांटे गए थे। संसदीय समिति के सदस्यों का रेलवे के कामकाज का निरीक्षण एक उच्च स्तरीय गरिमामयी कार्यक्रम होता है।

# भारत मंडपम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की आत्मीयता ने जीता सबका दिल

**पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सादगी और संवेदनशीलता ने एक बार फिर लोगों के दिलों को छू लिया। यह दृश्य था राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में, जहां छत्तीसगढ़ दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। छत्तीसगढ़ की परंपरा और कला की शानदार प्रस्तुतियां मंच पर हो रही थीं, और दर्शक तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ा रहे थे। इसी दौरान मुख्यमंत्री साय की नजर दर्शकों के बीच एक वृद्ध व्यक्ति पर पड़ी, जो खड़े होकर कार्यक्रम देख रहे थे। मुख्यमंत्री ने तुरंत अपने सहायक से कहा कि उस बुजुर्ग को पास बुलाएं। कुछ ही पल में वह बुजुर्ग व्यक्ति मुख्यमंत्री के पास पहुंचे। साय ने बड़े ही आत्मीय भाव से उनका स्वागत किया और उन्हें अपने पास बैठने का आग्रह किया। कार्यक्रम देखकर बाहर आये बुजुर्ग रामावतार तिवारी ने बताया कि मुझे बहुत अच्छा लगा जब मुख्यमंत्री ने मुझे सम्मान दिया, अपने पास बैठाया और मेरा हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री ने इतना बड़ा ओहदा हासिल करने के बाद भी अपनी विनम्रता और संस्कार को नहीं छोड़ा। रामावतार तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सीधे सरल लोगों के बारे में सुनते आये हैं। वहां के मुख्यमंत्री से मिलकर लगा कि सीधे और सरल लोगों के मुखिया भी सीधे और सरल स्वभाव के हैं। मुख्यमंत्री साय का हृदय संवेदनशीलता से परिपूर्ण है। हम एक दूसरे से अपरिचित भले ही हो सकते हों लेकिन संवेदनशील हृदय के द्वारा हम एक दूसरे की भावनाओं को प्रगाढ़ता से महसूस कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बोली महिला कांस्टेबल- सुरक्षा बल का हिस्सा बनकर होता है गर्व



**रायपुर।** जब युवा साथी मुझसे कहते हैं कि हम भी आपके जैसे बनना चाहते हैं, तब मैं गर्व और हौसले से भर जाती हूं। मैं चाहती हूं कि बस्तर के अधिक अधिक से अधिक युवा सुरक्षा बलों में भर्ती होकर देश की सुरक्षा में अपना योगदान दें। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि मैं इस सुरक्षा बल का हिस्सा हूं और नक्सल अभियानों में मेरी भूमिका रही है। सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन की जांबाज महिला कांस्टेबल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके बस्तर के सेडवा कैंप प्रवास के दौरान ये बातें साझा की। मुख्यमंत्री साय बस्तरिया बटालियन की महिला कांस्टेबल के आत्मविश्वास से भरे शब्दों को सुनकर गर्व से भर गए और शाबाशी देते हुए कहा कि जवानों के हौसलों से ही हमें ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि नक्सल ऑपरेशन में बस्तर की बहुत सारी बेटियां चुनौतियों के बीच सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। बस्तर में नक्सलवादियों से मुकाबला करती हमारी बेटियों के पराक्रम का कोई सानी नहीं है। मुख्यमंत्री साय को बताया गया कि सीआरपीएफ के चुनिंदा जवानों को कोबरा बटालियन में काम करने का मौका दिया जाता है। इन जवानों को नक्सल ऑपरेशन और जंगलवार में महारत हासिल है। जवानों ने टेकलगुड़ेम में कैम्प स्थापना के दौरान हुई घटना का जिक्र करते हुए बताया कि नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में हमारे कई साथी घायल हुए लेकिन हमारी टीम ने डटकर मुकाबला किया और कैम्प स्थापित करने में सफल हुए, जिसके कारण नक्सलियों को गांव छोडकर भागना पड़ा। जवानों ने अबूझमाड़ की चुनौतियों के बारे में मुख्यमंत्री को बताया। उन्होंने कहा कि दुर्गम इलाकों में कई तरह की चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सभी जवानों का मनोबल ऊंचा है। हमारी तैनाती संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में होती है और हम हर तरह की चुनौतियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। हमारी कोशिश है कि हमारा राज्य नक्सलमुक्त हो। हम सब जवान टीम वर्क के साथ अभियानों को अंजाम देते हैं। नक्सल ऑपरेशन के दौरान जब जवान घायल होते हैं तब उनके लाइफसपोर्ट के लिए भी टीम हमेशा मुस्तैद रहती है। ग्राउंड जीरो से हायर मेडिकल फेसिलिटिज तक जवानों को ले जाने के लिए एयर लिफ्ट करने का काम भी तत्काल किया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तर प्रवास के दौरान अचानक ही सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन में जवानों से मिलने बस्तर जिले के सेडवा कैंप पहुंचे थे। उन्होंने जवानों से खुलकर आत्मीयतापूर्वक बात की और जवानों ने भी मुख्यमंत्री से आत्मीय संवाद करते हुए माओवादी आतंक के उन्मूलन के प्रयास में अपने अनुभवों और चुनौतियों को साझा किया।

## पायनियर ने खबरों की विश्वसनीयता को कायम रखा : विजय शर्मा

### स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री, कवर्धा कार्यालय का किया शुभारंभ

**पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा**
www.dailypioneer.com






राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित परिचर्चा में राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय, राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर के संपादक ए. एन. द्विवेदी शामिल हुए। इस अवसर पर पायनियर के जिला ब्यूरो कार्यालय का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर ने देश के साथ राज्य में भी खबरों को विश्वसनीयता को कायम रखा है। पायनियर का इतिहास वर्षों साल पुराना है। उन्होंने कहा कि पत्रकार जनता के हितों के लिए समर्पित भाव से काम करते हैं। विकट और विषम परिस्थिति में भी पत्रकारों का काम साहस के साथ-साथ चुनौतिपूर्ण भी होता है। लेकिन समाचार पत्र व पत्रकार शासन-प्रशासन को वास्तविक स्थिति की जानकारी प्रदान करते हैं। खबरों के माध्यम से कई सारे सुधारात्मक कार्य भी होते है, इसलिए समाचार में विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक है। निश्चित ही पायनियर इस कसौटी में शत प्रतिशत खरा उतरा है। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने में सफल हुई है। आज राज्य में किसानों को धान की कीमत 3100 रूपए प्रति क्विंटल दी जा रही है। इस साल रिकार्ड धान खरीदी का अनुमान है। किसानों को एकसाथ धान की कीमत का भुगतान किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में राज्य के विकास की गति और तेज हुई है। नक्सल मामलों में भी हमने बड़ी सफलता हासिल की है। अब तक 200 से अधिक नक्सली मारे गए है। वहीं 700 से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में युवाओं के सपनों को भी पंख मिल रहे है। राज्य के साथ ही कबीरधाम जिले का भी चहुंमुखी विकास हो रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। सभी के प्रयासों से छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ➢शेष पेज 12 पर...

## रायपुर नगर दक्षिण उपनिर्वाचन के लिए मतगणना कल

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर दक्षिण उपनिर्वाचन के लिए मतगणना कल सेजबहार स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि विधानसभा क्षेत्र 51- रायपुर नगर दक्षिण के उपनिर्वाचन की मतगणना तिथि 23 नवंबर दिन शनिवार को नियत है। मतगणना तिथि को मतगणना कार्य गवर्मेंट इंजीनीयरिंग कॉलेज, सेजबहार, रायपुर (ब्लॉक-ई) में सम्पन्न किया जाएगा। निर्वाचन के लिए 2 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त मतगणना के लिए 4 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य मतगणना तिथि के दिन प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगा, जिसमें प्रातः 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना होगी। पोस्टल बैलेट की गणना प्रारम्भ होने के पश्चात् प्रातः 8.30 बजे से ईव्हीएम मशीनों के मतों की गणना प्रारम्भ होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने बताया कि मतगणना हॉल में ईव्हीएम में पड़े मतों की गिनती के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। यह गणना कुल 19 राउण्ड में पूरी होगी। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 1 अतिरिक्त टेबल की व्यवस्था की गई है। मतगणना हॉल के प्रत्येक टेबल में एक-एक काउटिंग सुपरवाईजर, काउटिंग असिस्टेंट एवं माइक्रो आब्जर्वर होंगे, जो मतगणना का कार्य संपादित करेंगे। मतगणना हॉल में ही रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतगणना की जानकारी को संधारित करने के लिए डाटा कम्पाइलेशन एवं अपलोडिंग सेक्शन बनाया गया है। मतगणना हॉल में अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के मतगणना एजेन्ट्स भी उपस्थित रह सकेंगे, जो मतगणना हॉल में किए गए फेंस से बाहर लगी हुई कुर्सियों में बैठकर मतगणना कार्य का अवलोकन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना हॉल में अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा। रिटर्निंग ऑफिसर अपने विवेक के अनुसार किसी भी व्यक्ति को मतगणना परिसर या मतगणना हॉल से बाहर जाने को कह सकते हैं और यह निर्देश बाध्यकारी होगा।

## पीएम मोदी करेंगे संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ

**पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे। सहकारिता मंत्रालय में सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी और इफको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि वैश्विक सहकारी आंदोलन की प्रमुख संस्था अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 साल के इतिहास में पहली बार इफको की पहल पर 'आईसीए महासभा एवं वैश्विक सहकारी सम्मेलन' आयोजन भारत में होगा। यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 30 नवंबर तक होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में वैश्विक सहकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। डॉ. अवस्थी ने बताया कि भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का विषय 'सहकारिता से सभी की समृद्धि का निर्माण' होगा। इसके अलावा सक्षम नीति एवं उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र, सभी के लिए समृद्धि बनाने को उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व का पोषण, सहकारी पहचान की पुष्टि और भविष्य को आकार देना: 21वीं सदी में सभी के लिए समृद्धि का एहसास करना आदि उप विषय होंगे। कार्यक्रम में रोशडेल पायनियर्स अवार्ड 2025 भी प्रदान किया जाएगा, जो सहकारी समितियों के विकास और अंतरराष्ट्रीय सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए उनके बहुमूल्य योगदान के लिए व्यक्तियों या संगठनों को दिया जाता है। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन दुनिया भर में सहकारी समितियों का संगठन है।

## आप ने दिल्ली विधानसभा के लिए 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**वार्ता ‹ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। आप की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक में आज उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गयी। पहली सूची में उम्मीदवारों में छतरपुर से ब्रह्मा सिंह तंवर, किराड़ी से अनिल झा, विश्वास नगर से दीपक सिंघला, रोहतास नगर से सरिता सिंह, लक्ष्मी नगर से बीबी त्यागी, बदरपुर से राम सिंह नेताजी, सीलमपुर से जुबैर चौधरी, सीमापुरी से वीर सिंह धींगान, घोंडा से गौरव शर्मा, करावल नगर से मनोज त्यागी, मटियाला से सुमेश शौकीन शामिल हैं। आप ने पहली सूची में कांग्रेस और भाजपा छोड़कर आए नामों को प्राथमिकता दी है जबकि 11 में से छह सीटों पर दूसरे दलों से आए प्रत्याशी घोषित किए हैं। अनिल झा, बीबी त्यागी और ब्रह्म सिंह तंवर कुछ दिनों पहले ही भाजपा से आप में शामिल हुए हैं।

## यासीन मलिक से जिरह के लिए जेल में अदालत स्थापित करने का सुझाव

**पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने जम्मू की अदालत के कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक से शारीरिक रूप से जिरह करने के लिए जेल में एक अदालत स्थापित करने का सुझाव देते हुए गुरुवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो से इस संबंध में विकल्प तलाशने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह निर्देश देते कहा, हमारे देश में अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था...उच्च न्यायालय में उसका पक्ष रखने के लिए वकील नियुक्त किया गया था। जम्मू की एक अदालत ने चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और 1989 में मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े गवाहों की जिरह के लिए मलिक की पेशी का आदेश दिया था। मलिक आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद दिल्ली की तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। सीबीआई ने मलिक को जम्मू-कश्मीर ले जाने के आदेश का विरोध करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ के समक्ष दलील देते हुए कहा कि मलिक अक्सर पाकिस्तान की यात्रा करता रहा है। वह हाफिज सईद के साथ मंच साझा करता रहा है। मेहता ने शीर्ष अदालत से कहा कि वह (मलिक) सिर्फ एक आतंकवादी नहीं है और ऐसे मामलों में नियमों के अनुसार नहीं चल सकता।' मलिक ने मामले में गवाहों से जिरह करने के लिए शारीरिक रूप से उपस्थित होने की अनुमति की गुहार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति वीडियो कॉन्फ्रेंस पर जिरह नहीं करता है। मेहता ने दलील देते हुए कहा कि अदालत ने कहा था कि इस मामले में मलिक को शारीरिक रूप से पेश होने की अनुमति देना उचित नहीं है। पीठ ने कनेक्टिविटी के मुद्दे का हवाला दिया। सॉलिसिटर जनरल ने अपनी ओर से स्पष्ट किया कि कनेक्टिविटी है। उन्होंने कहा कि अगर वह इस बात पर अड़े रहते हैं कि वह व्यक्तिगत रूप से जिरह करना चाहते हैं तो मुकदमे को स्थानांतरित किया जा सकता। पीठ के समक्ष मेहता ने मलिक और संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी हाफिज सईद की मंच साझा करते हुए एक तस्वीर दिखाई।

### सहकारिता मंत्री ने विभागीय काम-काज की गहन समीक्षा की

## सभी जनप्रतिनिधियों और किसानों को सहकारिता से जोड़ा जाए : केदार कश्यप

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com



सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि सहकारिता से समृद्धि के लिए राज्य के सभी जनप्रतिनिधियों और किसानों को सहकारिता से जोड़ा जाना चाहिए। सहकारिता मंत्री ने मंत्रालय महानदी भवन में सहकारिता विभाग के काम-काज की गहन समीक्षा की। कश्यप ने कहा कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सहकारिता से समृद्धि पर विशेष ध्यान दे रहे है। हमें प्रदेश में सहकारिता के दायित्वों का अच्छे से निर्वहन करना है। इसके लिए पूरे प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करना जरूरी है। सहकारिता मंत्री ने विभागीय समीक्षा करते हुए खरीफ वर्ष 2024-25 में धान खरीदी के लिए की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में जानकारी दी गई कि खरीफ सीजन में 160 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक करीब 4 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि सहकारी समितियों में धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने समितियों में माईक्रो एटीएम के संचालन की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कहा कि प्रत्येक समिति में यह सुविधा सुनिश्चित की जाए। किसानों को रूपे कार्ड वितरित किए जाए। बैठक में राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत में बहुआयामी समितियों के तहत मत्स्य डेयरी और लघु वनोपज समितियों की स्थापना, पैक्स समितियों में गोदाम निर्माण की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए जिन पैक्स समितियों में गोदामों का निर्माण नहीं हुआ है। वहां शीघ्र ही निर्माण करा लिया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीयकृत अन्न भण्डारण योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आर.आई.डी.एफ योजना के अंतर्गत राज्य में 200 मीट्रिक टन क्षमता के 725 पैक्स गोदामों को शामिल करने की सहमति दी गई है। जिससे राज्य में एक लाख 45 हजार मिट्रिक टन भण्डारण क्षमता की वृद्धि होगी। समीक्षा के दौरान सभी सहकारी समितियों में कम्प्यूटराइजेशन और कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की प्रगति की समीक्षा की गई। इसी तरह से भारतीय बीज सहकारी समिति, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात समिति, राष्ट्रीय सहकारी जैविक समिति में सदस्यता की भी समीक्षा की गई।

## गडकरी ने गया में करोड़ों रुपए की योजनाओं की दी सौगात

**एजेंसी ‹ गया**
www.dailypioneer.com



केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बिहार के गया में करोड़ों रुपए की कई योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकापर्ण किया। गडकरी ने गया-डोभी मुख्य सड़क मार्ग पर मगध विश्वविद्यालय के समीप नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लिए केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार विशेष व्यवस्था कर रही हैं। बिहार में सड़कों का जाल बिछेगा। उन्होंने इस मौके पर गया, पटना एवं बिहार की अन्य जिलों में कई रेलवे ओवरब्रिज बनाने की घोषणा की। इसके अलावा कई किलोमीटर तक सड़क बनाने की भी घोषणा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा की मांग पर पश्चिम चंपारण के बेतिया में गंढक नदी पर फोरलेन बनाया जाएगा। इसके अलावा बिहार में ग्रीन एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा। बनारस-सारनाथ से वाया डोभी होते हुए बोधगया तक सड़क बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज छह सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण हुआ है। गडकरी ने कहा कि राजौरी से बख्तियारपुर तक फेज तीन की सड़क का उद्घाटन हुआ है। वहीं फेज एक के तहत बनने वाली सड़क का शिलान्यास भी किया गया है। आने वाले समय में बिहार की तस्वीर बदल जाएगी।

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
**श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल**
NABH
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज
**अब मात्र ₹ 100/-**
**के पंजीयन - शुल्क पर साल भर पाए**
**निःशुल्क ओ.पी.डी**
सारे जांच प्रचिलित मार्केट दरो से आधी कीमत (50%)पर
गंभीर से गंभीर बीमारियों का आयुष्मान कार्ड से इलाज
ICU भर्ती व सारेऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*
गर्भवती महिलाओं के लिए निः शुल्क डिलीवरी*
ESIC एवं समस्त TPA (हेल्थ इंश्योरेंस) से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा
मोवा, रायपुर
फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771-4241000/01/02

# विकास के लिए महत्वपूर्ण कारक है सुशासन : ओपी चौधरी

## केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय तथा राज्य शासन के सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा नवा रायपुर में दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




सुशासन विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। इससे न केवल देश का सुव्यवस्थित विकास होता है, बल्कि यह नागरिकों के जीवन को भी बेहतर बनाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रारंभ हुए स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, जीएसटी, जैम पोर्टल, डिजिटल इनक्लुजन जैसे नवाचारों ने देश में बड़ा बदलाव लाया है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने नवा रायपुर में केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग तथा छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा सुशासन पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए ये विचार व्यक्त किए। छत्तीसगढ़ सहित देशभर से आए भारतीय प्रशासनिक सेवा और केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अधिकारी सम्मेलन में सुशासन के लिए किए जा रहे नवाचारों, बेस्ट प्रेक्टिसेस और जनोन्मुखी कार्यो पर विमर्श कर रहे हैं। नागरिक केंद्रित सुशासन पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को 55 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में ब्यूरोक्रेट्स की महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने सम्मेलन में भागीदारी कर रहे विभिन्न राज्यों के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से कहा कि सुशासन, नवाचार और बदलाव के लिए खुद को ट्रांसफॉर्म करना होगा, ताकि आप लोगों की प्रतिभा और व्यक्तित्व में क्षरण न हो। समय के साथ स्वयं को बदलने वाले ही प्रासंगिक रहेंगे। चौधरी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और सुशासन से वर्ष 2047 तक 55 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगी। वित्त मंत्री चौधरी ने सम्मेलन में कहा कि कई कलेक्टर और अधिकारी प्रभावी नवाचार कर रहे हैं। समय और अपने क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप बेहतर नागरिक सेवाएं डिलीवर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सभी अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने की जरूरत है, तभी कल्याणकारी पहलों को नागरिकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रति नजरिया तेजी से बदलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्मेलन में दो दिनों तक होने वाले नवाचारों, बेस्ट प्रेक्टिसेस और सुशासन के कार्यों की चर्चा से राज्य के अधिकारी भी प्रेरित होंगे और उन्हें यहां लागू करने की पहल करेंगे। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन की सफलता तभी है जब हम जिनके लिए काम कर रहे हैं, उनके चेहरों पर मुस्कान ला पाएं। आपके लाभार्थी आपके कार्यो से संतुष्ट हैं, तो वही सुशासन की सफलता है। सुशासन के लिए लक्षित लोगों तक योजनाओं और कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पहुंचाने के लिए अच्छी नीयत सबसे ज़रूरी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में विभिन्न विकास प्राधिकरणों के गठन, रायपुर में कैनाल लिंकिंग रोड, एक्सप्रेस वे के निर्माण जैसे कई उदाहरण देते हुए कहा कि शासन-प्रशासन में यहां भी कई नवाचार हो रहे हैं। क्षेत्रीय और स्थानीय जरूरतों को देखते हुए उनके अनुरूप लोगों के कल्याण के काम हो रहे हैं। केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के अतिरिक्त सचिव पुनीत यादव ने उद्घाटन सत्र में कार्मिक एवं जन शिकायतों के निराकरण के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया की कई डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर तेजी से शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। देश के विभिन्न भागों में हो रहे नवाचार, बेस्ट प्रेक्टिसेस और सुशासन के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित और पुरस्कृत किया जा रहा है। पहले सत्र में चार राज्यों में हो रहे अलग-अलग नवाचारों को साझा किया गया। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक एस.एन. त्रिपाठी ने इस सत्र की अध्यक्षता की। उत्तरप्रदेश में जल जीवन मिशन के संचालक अनुराग श्रीवास्तव ने वहां सौर आधारित सफल जल प्रदाय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सौर आधारित जल प्रदाय योजनाओं से उत्तरप्रदेश में अगले 30 सालों में एक लाख करोड़ रुपए की बचत होगी। इन योजनाओं से कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा। ओड़िशा के कोरापुट जिले के कलेक्टर वी. कीर्ति वासन ने ग्रामीण औद्योगिक काम्प्लेक्स के ज़रिए स्थानीय लोगों को रोज़गार से जोड़ने के लिए किए जा रहे नवाचार की जानकारी दी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के नागालैंड के अधिकारी थवासीलन ने अपने राज्य में नागालैंड स्वास्थ्य सुरक्षा सोसाइटी और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के नवाचार को साझा किया।

# मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण ने सेजबहार धान खरीदी केन्द्र में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूरे प्रदेश में 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभांरभ किया गया, साथ ही समिति में 14 नवम्बर से 20 नवम्बर 2024 तक मनाये जा रहे सहकारिता सप्ताह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, कार्यक्रम के अध्यक्षता नंदकुमार साहू पूर्व विधायक रायपुर ग्रामीण, अतिथि के रूप में जितेन्द्र धुरंधर मंडल अध्यक्ष पचपेड़ी नाका रायपुर ग्रामीण, हिमांचल प्रसाद साहू पूर्व सरपंच बोरियाकला, अनिता साहू सरपंच ग्राम सेजबहार तथा सहकार भारती छ.ग. के महिला सह प्रमुख प्रिया सिंह थे। कार्यक्रम में समिति के कृक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मोतीलाल साहू ने छ.ग. शासन द्वारा किये गये चुनावी वादे अनुरूप किसानों से 21 क्विं प्रति एकड़ की धान खरीदी की जानकारी दी। उन्होनें सभी से अपील किये की ये सभी सहकारिता से जुड़े एवं सहकारिता के माध्यम से अपने आर्थिक एवं सामाजिक विकास को आगे बढ़ाये। नंदकुमार साहू पूर्व विधायक ने भी अपने उद्बोधन में छ.ग. शासन की नीतियों पर प्रकाश डाला तथा चुनावी वादा पुरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सहकार भारती के प्रदेश महिला सह प्रमुख प्रिया सिंह ने भी उपस्थित महिलाओं को सहकारिता से जुड़ कर शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाने के साथ-साथ कुटीर एवं गृह उद्योग के माध्यम से अपने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने हेतु स्वयं सहायता समूह बनाकर सहकारिता में अपनी सहभागिता हेतु बल दिया। कार्यक्रम में जिला सहकारी संघ रायपुर की ओर से रूपेश परमार एवं अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। रूपेश परमार ने सहकारिता के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दी।

# शव ही है पहला शिक्षक... नये बैच ने ली शव के सम्मान की शपथ





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के एनाटॉमी विभाग में नवप्रवेशित छात्रों ने शवों साक्षी मानकर कैडेवरीक ओथ के प्रथम वर्ष के छात्रों ने शव के विच्छेदन से शरीर संरचना सीखते है। ये कैडवर चिकित्सको के प्रथम शिक्षक होते हैं। इनके प्रति सम्मान तथा गरिमा के साथ व्यवहार हेतु ये कैडेवरीक ओथ की जाती है। इस अवसर पर एसबीआईएमएस की डीन डॉ. देवश्री सरकार उपस्थित रही, जिन्होंने सबको ये शपथ दिलाई एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. सुमेधा अंजनकर व समस्त एनाटॉमी शिक्षकों समेत अन्य शिक्षकों ने भी शव और उनके परिजनों के बलिदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की।

# डेढ़ करोड़ की शराब पर चला रोडरोलर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी में 1 करोड़ 40 लाख की जब्त अवैध शराब पर पुलिस ने रोडरोलर चलाकर नष्ट कर दिया गया है। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर माना थाना के कंपाउंड में पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत जब्त 33,532 लीटर अवैध शराब रोलर चलाया गया। इस दौरान एसएसपी संतोष सिंह, एडीएम देवेंद्र पटेल समेत पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि रायपुर पुलिस ने रायपुर क्षेत्र के थाना इलाकों में शराब तस्करों के खिलाफ बड़ एक्शन लिया था, जिसमें 33,532 लीटर देशी-विदेशी शराब जब्त किया गया था। इसके बाद प्रशासन ने कानूनी कार्रवाई करते हुये जब्त शराब की बोतलों पर रोडरोलर चलवाया। जिला के सभी 31 थानों में जब्त 33534 लीटर शराब जिसमें 12351 लीटर देशी, 17351 लीटर विदेशी 3394 लीटर महुआ शराब, 459 लीटर बीयर आबकारी अधिनियम में निहित प्रवधान के अंतर्गत जिला दण्डाधिकारी द्वारा गठित कमेटी ने नष्टीकरण किया गया। उक्त कमेटी मे अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी देवेन्द्र पटेल, उपायुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा, अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू, थाना प्रभारी सिविल लाईन रोहित मालेकर, थाना प्रभारी मंदिर हसौद सचिन सिंह, थाना प्रभारी पुरानी बस्ती योगेश कश्यप की उपस्थिति में ये कार्रवाई की गई।

# जैन दादाबाड़ी में आयोजित दीक्षा महोत्सव में सम्मिलित हुए राज्यपाल रमेन डेका

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल रमेन डेका गत दिवस रायपुर के जैन दादाबाड़ी में आयोजित पंच दिवसीय दीक्षा महोत्सव में विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने वहां स्थित मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और उपस्थित तपस्वी जैन मुनियों से प्रदेश की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने 12 कठिन व्रतों के साथ आत्मशुद्धि की क्रिया को मुमुक्षुओं द्वारा मानवता के लिए की जा रही कठोर तपस्या बताते हुए उनके त्याग और समर्पण को नमन किया। महोत्सव में रायपुर (उत्तर) विधायक पुरंदर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जैन समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# एकलव्य आदर्श विद्यालय के राष्ट्रीय खेलों का मेजबानी करेगा छत्तीसगढ़



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के मेजबानी इस बार छत्तीसगढ़ को मिली है। यह खेल प्रतियोगिता 14 से 20 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। खेल प्रतियोगिता में 15 एकल एवं युगल तथा 7 सामूहिक खेल इस तरह कुल 22 खेलों का आयोजन किया जाएगा। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने नवा रायपुर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में दिल्ली से नेस्ट्स के ज्वाइंट कमिश्नर बीसी रतोरी, असिस्टेंट कमिश्नर गौरव सिंह, टीआरआई के प्रभारी संचालक संजय गौड़, खेल विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न खेल एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि 14 से 20 दिसंबर के मध्य प्रस्तावित एकलव्य आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में देश के 25 राज्यों में संचालित एकलव्य विद्यालय के लगभग 6 हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में खिलाड़ियों एवं उनके साथ आनेवाले अधिकारियों के ठहरने, भोजन व आवागमन के साथ ही खेल स्थलों, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली-पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रमुख सचिव बोरा ने बताया कि भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर सामान्य जाति के विद्यार्थियों के समकक्ष लाने एवं उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रदेश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया नवीन पंचायत भवन सहित लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ पाटन
www.dailypioneer.com



पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नारधी में नवीन ग्राम पंचायत भवन एवं विभिन्न विकास कार्यक्रम का लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किया गया। आपको बता दें पूरे पांच साल में करोना काल को छोड़ कर चार करोड़ से ऊपर के विकास कार्य ग्राम पंचायत में हुआ है। पुल पुलिया का विकास कार्य तो अलग से किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रहे। कार्यक्रम का अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री के ओ एस डी मनीष बंछोर, आशीष वर्मा ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विराजमान रहें जिला पंचायत सभापति मोरध्वज साहू मोनू साहू ,जनपद उपाध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य नीलम ललित सिन्हा, सेक्टर प्रभारी थानेश्वर यदु, अनिल सरसिहा, विक्की यादव, अरविंद चौबे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की ग्राम पंचायत नारधी में कांग्रेस के शासनकाल में लगातार विकास की गंगा बही है। विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया साथ ही नवीन ग्राम पंचायत का भी लोकार्पण किया गया। भाजपा की 1 वर्ष की सरकार ने विकास के नाम में एक हिट तक नहीं रख पाई है। वहीं किसानों को धान बेचने में हो रही है दिक्कतें अभी अनावरी के हिसाब से धान की खरीदी की जा रही है 21 कुंटल धान खरीदने की सरकार की मंशा नहीं दिख रही है। कार्यक्रम को संबोधित पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं किसान नेता राकेश ठाकुर ने भी किया। ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को 31000 कुंटल धान की मिल रही है। वह भूपेश सरकार की देन है।भूपेश बघेल के सरकार ने किसानों के हित में कार्य किया है। आज भाजपा की सरकार प्रदेश में है और किसान परेशान है।भूपेश सरकार के कार्यकाल में किसान आर्थिक रूप से मजबूत हुए है। जिला पंचायत सभापति मोनू साहू ने कहा की ग्राम पंचायत नारधी में 5 वर्ष में विकास की एक नई गाथा लिखी गई है। पूर्व मुख्यमंत्री के शासनकाल में किसी भी पंचायत को विकास कार्य के लिए कमी नहीं हुई।

बीजेपी के शासनकाल में कोई भी पंचायत में एक भी काम नहीं हो पाई है। ग्राम पंचायत के सरपंच ललित सिन्हा ने स्वागत भाषण देते हुए ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यो को गिनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का स्वागत सम्मान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। रात्रि में कार्यक्रम जय बजरंग रामधुनी झांकी परिवार के द्वारा अनुपम प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की तैयारी ग्राम पंचायत सरपंच ललित सिन्हा एवं उप सरपंच शारदा प्रसाद वर्मा एवं समस्त पंच गण के द्वारा किया गया। सभी अतिथियों का शाल श्रीफल सहित प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लोमन साहू शिक्षक ने किया आभार प्रकट ग्राम के नागरिक ने किया।

# गुवाहाटी में अ.भा. विद्युत महिला खेल स्पर्धा में छत्तीसगढ़ को 8 पदक, मुख्यमंत्री साय, कंपनी अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



46वीं अखिल भारतीय विद्युत महिला स्पर्धा में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम इवेंट में टेबल टेनिस व शतरंज में रजत, बैडमिंटन में कांस्य व व्यक्तिगत स्पर्धाओं को मिलाकर 8 पदक हासिल करने में कामयाब रही। समापन समारोह में असम की ऊर्जा एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री नंदिता गोर्लोसा ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री तथा ऊर्जा मंत्री विष्णुदेव साय, पॉवर कंपनी अध्यक्ष व ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के दल को बधाई देते हुए कहा है कि इनके उम्दा प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन हुआ है। प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमताओं का झण्डा गाड़ने के लिए इसी प्रकार लगन और निष्ठा से अभ्यास करते रहना चाहिए। गुवाहाटी असम में 17-20 नवंबर तक आयोजित इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की टीम ने अलग-अलग श्रेणी में पदकों पर अपना कब्जा जमाया। टीम की मैनेजर अनामिका मण्डावी ने बताया कि टेबल टेनिस स्पर्धा में टीम इवेंट में (दिव्या आमदे, श्रद्धा वर्मा, शिखा खाण्डे, शोभना सिंह) द्वारा रजत पदक हासिल किया गया, सिंगल्स में दिव्या आमदे द्वारा स्वर्ण एवं डबल्स में श्रद्धा व दिव्या की जुगलबंदी को रजत पदक प्राप्त हुआ। इसी तरह बैडमिंटन में (संध्या रानी, जुवेना गोम्स, वीरांगना भगत, श्रद्धा पिल्लई) द्वारा टीम इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ, सिंगल्स में संध्या रानी ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। शतरंज स्पर्धा में टीम इवेंट में नूतन ठाकुर, मीना कुर्रे, सानिली चौहान, भारती फेराओ ने रजत पदक दिलाया, प्रथम बोर्ड प्राइस में नूतन ठाकुर, चौथी बोर्ड प्राइस भारती फेराओ को मिला। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की महिला खिलाड़ियों ने पांच स्पर्धाओं (टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, टेनिकोइट) के लिए राष्ट्रीय स्तर के 8 स्टेट टीमों से मुकाबला कर तीन स्पर्धा में कुल 8 पदक प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ महिला खिलाड़ियों को टीम मैनेजर अनामिका मांडवी, कोच सागर पिंपलापुरे के द्वारा पूरे टूर्नामेंट मे मार्गदर्शन मिलता रहा। इस अवसर पर ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के प्रेसिडेंट सुरेश कैमल, महासचिव के. शिव कुमार, खेल अधिकारी टी.कुमार वेदुवालु, खेल अधिकारी एम.एस. नायडू, उप. महा. प्रबंधक वित्तीय पूर्वी नाथ उपस्थित थे।

223 Nov. 2024
Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तों में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts
ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
Vastu समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
( वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र )
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# घोटा में जल्द पूरा हो जाएगा पुल का निर्माण कार्य 31 साल के संघर्ष बाद ग्रामीणों को मिली राहत

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com




घोटा क्षेत्र के लोगों के लिए यह खुशखबरी है की घोटा से केवटी मार्ग पर निर्माणाधीन पुल का कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इससे लोगों को आवागमन में आसानी होगी। 31वर्षो के संघर्ष बाद अब इस मार्ग में हुए पुलिया निर्माण से ग्रामीण अब बेहद खुश है। पुलिया निर्माण होने से स्कूली बच्चों में नई मुस्कान दिख रही है। किसानों को अपनी फसलों को बेचने के साथ स्थानीय व्यापारियों को भी एक सुगम आवागमन सुविधा मिलेगी। बारिश से होने वाले जलभराव से किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से निजात मिल गई है। पुलिया बनने से कई गांवों के स्कूली बच्चें खुशी-खुशी अपने नन्हें कदम बढ़ाते हुए स्कूल जा रहे है।

**लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से बन रही पुल, जनवरी में होगा शुभारंभ** - यह पुल लोक निर्माण विभाग से करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। पुल की स्वीकृति मिलने के बाद से काम शुरू हुआ है और अब लास्ट पड़ाव में है। स्लैब और रेलिंग का कार्य भी पूर्ण हो चुका है यानी अब टाप कोड डामर बिछाना बच गया है।ठेकेदार अखिल सिंह राठौर के अनुसार दिसंबर 2024 में कार्य पूर्ण हो जायेगा यानी 1 जनवरी 2025 में इसका शुभारंभ हो जायेगा।

**रास्ते आसान हो तो हर मुश्किल आसान** - रास्ते आसान हो तो हर मुश्किल आसान हो जाती है लेकिन रास्तों में कठिनाईयों का सामना करना पड़े तो यह बेहद मुश्किल हो जाती है। ऐसी ही मुश्किलों का सामना कर रहे थे विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम घोटा क्षेत्र के ग्रामीण उनके गांवों के बीच नदी में पुलिया नहीं होने से उन्हें बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अत्यधिक बारिश होने से जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती थी, जिससे क्षेत्रवासियों के लिए आवागमन करना एक चुनौती भरा होता था। इन्हीं दिक्कतों को देखते हुए इस इलाके के ग्रामीण पुलिया निर्माण के लिए विगत कई वर्षो से संघर्ष कर रहे थे।

**1994 से टूटी हुई थी रपटा** - ग्रामीणों ने बताया इस नदी में 1984 में रपटा का निमार्ण हुआ था 1994 में यह रपटा टूट गया। जिसके बाद से इस क्षेत्र के दर्जन भर गांव के ग्रामीण नदी में पुलिया बनाने की मांग कर रहे थे। लेकिन उनकी मांगे पूरी नही हो रही थी इस दौरान ग्रामीणों को बेहद परेशान होना पड़ा अब 31 साल बाद उन्हें इस गंभीर समस्या से छुटकारा मिलेगा। ग्रामीणों ने बताया पुलिया निर्माण का कार्य लगभग लास्ट है उक्त नदी में पूरी गुणवत्ता के साथ एक मजबूत पुलिया का निर्माण किया जा चुका है जिससे ग्रामों के ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

**अब आने जाने के लिए एक सुगम राह मिली** - कृष्णा कावडे ने पुलिया निर्माण के बारे में बताते है कि यह केवल एक ही गांव की नहीं बल्कि कई गांव ले लिए मील का पत्थर है। पुलिया निर्माण से ग्राम पंचायतों में आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आ रही है। स्कूली बच्चों और किसानों को भी अब आने जाने के लिए एक सुगम राह मिली है। बारिश में जलभराव होने से हो रही परेशानियों से पूर्ण रूप से राहत मिल गई है। मजबूत पुलिया निर्माण को देखते हुए यात्री वाहन की सुविधा भी शुरू हो गई है।

# पोस्ट मेट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन में कमलेश कुमार जुर्री, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो) कोंडागांव व विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश व सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय द्वारा पोस्ट मेट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास कोण्डागांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्रों के प्रति विधिक जागरूकता लाने के उद्देश्य में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर निःशुल्क कानूनी की जानकारी देते हुए, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, मोटर यान अधिनियम, यातायात अधिनियम, साथ ही मोबाइल से होने वाले अपराध जैसे फ्रॉड कॉल, ब्लैकमेल करने और फोटो वायरल करने जैसे अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए उपस्थित छात्रों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक बलराम यादव व पारेश्वर देवांगन अधिकार सहित छात्रावास के बच्चे उपस्थित रहें।

# किसान विरोधी भाजपा का चरित्र फिर हुआ उजागर : मोहन मरकाम

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



धान खरीदी में किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने बयान जारी कर भाजपा को आड़े हांथों लेते हुये कहा कि, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी 3100 रुपए धान का समर्थन मूल्य एक मुस्त देने के साथ प्रत्येक तीन पंचायतों की सीमा क्षेत्र में धान खरीदी केंद्र खुलवाने व ग्राम पंचायत भवन में धान की राशि का वितरण करने की घोषणा कर जनता का वोट बटोर सरकार बनाने के बाद भाजपा का अपने घोषणापत्र के वादों से दूर दूर तक कोई नाता नहीं दिख रहा हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसानों का प्रदेश है यहाँ धान की उपज अत्यधिक होती हैं इसीलिए छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता हैं। चुनावी वर्ष में किसानों से जुड़ी बड़ी बड़ी घोषणाएँ बड़े बड़े वादों के सहारे सत्ता में आने वाली भाजपा का किसान विरोधी चाल चरित्र और चेहरा वर्ष भर में ही दिखाई देने लगा है। भाजपा के घोषणापत्र में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा था, परन्तु किसानों से मात्र 15 से 17 क्विंटल धान ही खरीदी करने का मौखिक दवाब अधिकारियों द्वारा खरीदी केंद्र के कर्मचारियों को दीया जा रहा हैं और ऐसा नही करने पे उनके ऊपर निलंबन की कार्यवाही की जा रही है जिसकी शिकायत संबंधी पत्र भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है साथ ही भाजपा ने 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य एक मुश्त देने की घोषणा की थी परन्तु धान खरीदी केंद्रों में जो पोस्टर लगे हैं उसमें मात्र 2300 रुपए प्रति क्विंटल देने की बात लिखी हुई है जिससे क्षेत्र के किसानों में असमन्सज की स्थिति बनी हुई है और किसान भी भाजपा सरकार से सवाल कर रहे है कहां गया भाजपा का घोषणा कहाँ गये उनके वादें क्या भाजपा का घोषणा सिर्फ जुमला था ? मरकाम ने आगे कहा मैं सवाल करना चाहूंगा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उपमुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा अरुण साव से क्या यही है मोदी की गारंटी? क्या यही है साय का सुशासन? क्या यही है डबल इंजन सरकार का काम ? किसान अपने खून पसीने और मेहनत की कमाई धान को बेचने के लिए परेशान हैं कई लेम्पसों में तो 10 प्रतिशत 12 प्रतिशत सूखा धान लाने पर ही धान खरीदने वरना नहीं खरीदने की धमकी किसानों को दी जा रही हैं क्या यही है भाजपा का सुशासन? भाजपा ने चुनाव के दौरान प्रति तीन पंचायत में धान खरीदी केंद्र खोलने की बात कही थी प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन में धान की राशि भुगतान करने का वादा किया था कहां कहां अपने घोषणा को अमल कर रहीं विष्णुदेव साय सरकार बताये। भाजपा की कथनी और करनी में अंतर दिखना अभी से शुरू हो गयी है साल भर में ही सरकार किसानों को रुलाने में उन्हें परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहीं है सभी क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है लेकिन राज्य की भाजपा सरकार को इन सबसे कोई सरोकार नहीं है जबकि कांग्रेस के शासन में किसान खुश थे किसानों के हितों को ध्यान में रख हमने योजना बनाई थी हमारी सरकार के दौरान किसानों की सुविधा को देखते हुए धान खरीदी केंद्र खोले गए।

# कलेक्टर द्वारा की गई जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



14 नवंबर से जिले के 67 उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से धान उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा धान उपार्जन कार्य में संलग्न सभी विभाग खाद्य, सहकारिता, जिला सहकारी बैंक, विपणन एवं नागरिक आपूर्ति निगम की समीक्षा बैठक में जिले के पंजीकृत कृषकों से शासन के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से औसत अच्छी किस्म के धान लेने व किसानों को उपार्जन केन्द्र में टोकन प्राप्त करने से उपार्जन केन्द्र में धान विक्रय तक हर सम्भव सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया, जिससे किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। शासन के निर्देशानुसार नये पुराने बारदाने में 50:50 के अनुपात में खरीदने, बारदानों में अनिवार्य रूप से उपार्जन केन्द्रों का मार्का लगाने और खरीदे गए धान की सट्टा किंग निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप किये जाने कहा गया। साथ ही कोचियों व्यापारियों पर नजर रखने एवं अवैध धान विक्रय के लिए लाए जाने पर एसडीएम, तहसीलदार एवं खाद्य विभाग को सूचना देने एवं नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय हैं कि, जिले में इस वर्ष 55 हजार 298 किसानों के द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है, जिसमें गतवर्ष की तुलना में 3266 नवीन कृषकों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। कुल पंजीकृत कृषकों के कुल धान का रकबा 76383.67 हे. है।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिसों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 3 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोंडागांव जिले के ग्राम पल्ली निवासी बलीराम नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी रमिला नेताम को जिले के ग्राम सातगांव निवासी सालिकराम की गाज गिरने से मृत्यु होने पर पत्नी सुकबती को, जिले के ग्राम बनजुगानी निवासी धनसिंग की गाज गिरने से मृत्यु होने पर पत्नी सुकलदई को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

## संबलपुर में लोगों को शराब पीने के लिए संसाधन उपलब्ध कराने वाले पर हुई कार्यवाही

**भानुप्रतापपुर।** पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम संबलपुर में धर्मेन्द्र कुर्रे अपने घर सामने में कुछ लोगों को शराब पीने के लिए संसाधन मुहैया उपलब्ध कराकर लोगों को शराब पिला रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दिया जो शराब पीने वाले व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर इधर उधर भाग गये। धर्मेन्द्र कुर्रे पिता स्व. जनकलाल कुर्रे उम्र 39 वर्ष निवासी संबलपुर के कब्जे से 01 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक पानी बटल में भरी हुई देशी महुआ शराब लगभग 80 एमएल कीमती करीबन 40 रूपये एवं 02 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास मिला। आरोपी धर्मेन्द्र कुर्रे के विरुद्ध अपराध धारा 36(C) आबकारी एक्ट का का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

बस्तर ओलम्पिक-2024 की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का रंगारंग शुभारंभ आज नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में किया गया, जिसके मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद नाग ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के साथ-साथ वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में भी प्रतिनिधित्व करते हुए अपने हुनर का श्रेष्ठतम प्रदर्शन करें।

नाग ने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्तर ओलम्पिक के आयोजन के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहां की युवा प्रतिभाओं को दिशा देकर आगे बढ़ाने का प्रयास किया है, यह बेहद सराहनीय प्रयास है। सांसद ने मौजूद प्रतिभागियों को सलाह देते हुए कहा कि मोबाइल भी एक नशा के समान है और इसका उपयोग उतना ही करें जितना कि सब्जी में नमक। उन्होंने सभी खिलाड़ियों व विद्यार्थियों को रील के बजाय रियल हीरो बनने की सीख दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन कांकेर विधायक नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोई भी खेल टीम वर्क से खेला जाता है। सभी खिलाड़ी अनुशासन और संयम के साथ उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए अपनी पहचान स्थापित करें तथा अपने हुनर को अंजाम दें। इस अवसर पर उन्हांने मुख्यमंत्री साय का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया ने बस्तर ओलम्पिक के माध्यम से क्षेत्र के युवा वर्ग की काबिलियत को मंच देने और निखारने हेतु नवाचारी प्रयास किया। कार्यक्रम में उपस्थित भानुप्रतापपुर विधायक मंडावी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक से खेल प्रेमियों को एक मंच मिला है, उनके भीतर छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को बाहर लाने का सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। इसके पहले, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि बस्तर ओलंपिक-2024 राज्य शासन की अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य सुदूर अंचल में निवासरत युवक-युवतियों की खेल प्रतिभाओं को अवसर देना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि जिले में खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए जनप्रतिनिधियों के सहयोग से एक एथलेटिक ट्रैक की स्वीकृति मिली है जिसका लाभ जिले के खिलाड़ियों को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए जो भी आवश्यकताओं व सुविधाओं की दरकार होगी, उसे जिला प्रशासन द्वारा मुहैया कराया जाएगा। इस दौरान विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा भिलाई से आए कराटे के 20 प्रशिक्षुओं के दल ने कोच हरिहर राव के नेतृत्व में आत्मरक्षा पर आधारित विभिन्न अभ्यासों का प्रदर्शन किया। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि नाग ने बस्तर ओलम्पिक की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की। साथ ही सभी खिलाड़ियों को अनुशासन व खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा नशामुक्त भारत की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी सहित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास हेतु पात्र अपात्र सूची जारी

**नारायणपुर।** प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत ओरछा के ग्राम पंचायतों से आवास हेतु पात्र अपात्र की स्थायी प्रतिक्षा सूची जारी किया गया है, जिसमें से स्थायी प्रतीक्षा सूची में कुल 2 हजार 913 में से 294 परिवार अपात्र एवं आवास प्लस में कुल 182 में से 10 परिवार अपात्र पाए गए है। अपात्र परिवारों की सूची कार्यालय जनपद पंचायत ओरछा के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। जिन भी हितग्राही को इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो वह 26 नवम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## शिवसेना ने नगरीय निकाय क्षेत्र के ठेका कर्मचारियों की मांगों का किया समर्थन

**भानुप्रतापपुर।** शिवसेना नेता चंद्रमौली मिश्रा ने बताया मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ठेका कर्मचारियों की मांग को पूर्ण करने की मांग की है। उन्होंने कहा भानुप्रतापपुर में विगत दिनों से नगरीय निकाय क्षेत्र के प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है। जिससे नगर निकाय क्षेत्र में बिजली, पानी ,सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है। प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल के कारण सफाई कर्मचारी सफाई नहीं कर रहे हैं। जिससे शहरो की सफाई व्यवस्था चरमरा आ गई है। नालिया बाजबजा रही है। कूड़ेदान में कूड़ा पड़ा हुआ है। जिससे शहरों में बीमारी का खतरा बढ़ा हुआ है।सड़क बत्ती नहीं जल रही है। समय पर पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके कारण नगरीय निकाय क्षेत्र की जनता त्राहि त्राहि कर रही है शिवसेना द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय क्षेत्र के प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों को पूर्ण करने की मांग किया गया है।

## विकासखंड कोयलीबेड़ा में आयोजित बैठक में शिक्षकों को दिया गया मार्गदर्शन

# बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों का एक दिवसीय समीक्षा बैठक का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ➤ कोयलीबेड़ा/पखांजूर
www.dailypioneer.com



आह्वान संस्था द्वारा विकासखंड कोयलीबेडा मे बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों का एक दिवसीय समीक्षा बैठक एवं सह क्षमतावर्धन बैठक का आयोजन बीआरसीसी आफिस पखांजूर में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी शील कुमार सिंग, सहायक शिक्षा अधिकारी अमिताभ सरकार व अशोक कुमार टंडया, विकास खण्ड स्रोत समन्वयक बिपुल बैनर्जी के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। बैठक में विकासखंड में संचालित 38 बालवाड़ी के प्रभारी शिक्षक सम्मालित हुए। जिसमें 13 इस सत्र में नए चयनित बालवाड़ी के प्रभारी शिक्षक शामिल हुए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी शील कुमार सिंग ने कहा, बालवाड़ी शिक्षकों का क्षमतावर्धन बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमें शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है ताकि वे बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें।आह्वान संस्था के जिला समन्वयक लक्ष्मण मालवीय ने बताया, हम बालवाड़ी शिक्षकों के क्षमतावर्धन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें शिक्षकों को प्रशिक्षित कर रहे हैं जिसका परिणाम बालवाड़ी की कक्षाओं देखने को मिलेंगे।

इस बैठक में बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों को बच्चों के विकासात्मक आयाम, थीम आधारित पाठ्यक्रम और खेल आधारित शिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। शिक्षकों को दैनिक पाठ्ययोजना, लेशन प्लान पर समझ बनाते हुए संख्यापूर्ण अवधारणाओं पर विस्तृत समझ बनाया गया। सत्र में बालवाड़ी संचालन के अकादमिक सफलता एवं चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा के बाद भाषा विकास, संज्ञानात्मक विकास, और सर्कल टाइम की डेमो प्रस्तुति दी गई। जिससे शिक्षकों को गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण विधियों को समझने का अवसर मिला। और बच्चों के विकासात्मक सीखने के परिणामों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान भाषा और संज्ञानात्मक विकास, मिश्रित गतिविधियां पाठ्यक्रम का उपयोग कर कक्षा संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में बच्चों के सीखने के संकेतक, लक्षित उद्देश्य की प्राप्ति, भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही बालवाड़ी कक्षा की गतिविधियों का आकलन प्रपत्र पर चर्चा किया गया।

इस अवसर पर बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस समीक्षा बैठक में आह्वान ट्रस्ट कांकेर से बालवाड़ी जिला कार्यक्रम समन्वयक लक्ष्मण मालवीय तथा सहायक जिला समन्वयक अमित कुमार साहू एवं अन्य ब्लॉक के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# बाल दिवस के अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल सेलेगांव में विविध आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव में बाल दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के मध्य संबंधों में प्रगाढ़ता लाने एवं शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की नितांत आवश्यकता होती है। इन्हीं उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जूनियर वर्ग बालक कबड्डी में मोक्ष, तनिष, अनेश, भूपेश, इंद्रकुमार, भावेश जैन, हिमेश की टीम प्रथम, बालिका जूनियर वर्ग कबड्डी में सेजल, भूमि, सांची, सुनीता, मोना, हिना, सानिया प्रथम स्थान प्राप्त किए। सीनियर वर्ग बालिका कबड्डी में वंदना, सोनम, दुलेश्वरी, कृति, पूजा, सुरेखा, भुनेश्वरी प्रथम एवं दीप्ति, लिसी, महेश्वरी, लक्ष्मी कलिका, डिंपल, करीना द्वितीय स्थान पर रहे। वॉलीबाल में साहिल की टीम प्रथम एवं प्रियांशु की टीम सेकंड स्थान पर रही। दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता में सतरूपा प्रथम, प्रीति द्वितीय तथा शिवानी की टीम तृतीय स्थान पर रही। सिंगिंग कंपीटिशन में चंद्ररूपा पटेल प्रथम, सोफिना खान द्वितीय स्थान पर रहे। एकल नृत्य में सृष्टि देवांगन प्रथम एवं ईशा जामडा द्वितीय स्थान प्राप्त किए। इसीप्रकार रंगोली प्रतियोगिता में नीलू एवं राधा हिड़को प्रथम तथा पीयूष साहू द्वितीय रहे।

# संपर्क केंद्र से दुकलहा साहू को एक फोन पर मिला अंत्योदय राशन कार्ड

## 24 घंटे में ही गौरीशंकर प्रभाकर को हुआ ऑनलाइन रिकार्ड दुरुस्त, बी 1 किया गया प्रदान

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा संचालित संपर्क केंद्र 92018-99925 के माध्यम से जरूरतमंदों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रेंगाबोड के निवासी दुकलहा साहू ने 92018- 99925 में फोन के माध्यम से अपनी समस्या दर्ज की कराया। जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान किया। दुकलहा साहू ने बताया कि उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है और वे पिछले एक वर्ष से अकेले जीवनयापन कर रहे हैं। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान करने की गुहार लगाई ताकि वे अपने जीवनयापन को सरल बना सकें। उनकी इस समस्या को खाद्य विभाग ने प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई की और उन्हें अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान किया। तत्काल राशन कार्ड मिलने पर दुकलहा साहू नेसंपर्क केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र हमारे जैसे जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मुझे मेरी समस्या का तुरंत समाधान मिला,इसके लिए मैं जिला प्रशासन का आभारी हूं। इसी तरह सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम छतवन निवासी गौरीशंकर प्रभाकर



एवं रूपेंद्र प्रभाकर ने सोसायटी में धान बेचने हेतु पंजीयन कराना चाहा। परन्तु कृषि भूमि ऑनलाइन दर्ज नहीं होने के चलते सोसायटी में पंजीयन नहीं हो पा रहा था। जिसमे आने वाले दिनों में धान बेचने में काफी



कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता था। अतःअपने जमीन का रिकॉर्ड दुरस्त करवाने के लिए 92018- 99925 में फोन करके अपनी समस्या दर्ज कराया। जिस पर तहसीलदार सोनाखान द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन बी 1 में सुधार करते हुए उन्हें 24 घंटे के भीतर ही ऑनलाइन बी 1 खसरा की प्रति प्रदान किया। प्रभाकर ने जमीन सम्बंधित समस्या तत्काल निराकरण होने पर कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही आम लोगो से अपील करते हुए संपर्क केंद्र का लाभ लेने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि नवाचारी पहल के तहत जिले में आम जनता के समस्याओं, मांगो के निराकरण, योजनाओं की जानकारी सहित सुझाव प्रदान करने के उद्देश्य से संपर्क 92018-99925 की स्थापना संयुक्त जिला कार्यालय में की गई है। इसके माध्यम से अब जिलेवासियों को घर बैठे ही अपनी मागों समस्याओं एवं सुझावों के निराकरण सहित योजनाओं संबधित जानकारी की सुविधा उपलब्ध होगी। जिसमें जिले का कोई भी व्यक्ति 92018- 99925 फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। न केवल इसमें शिकायत बल्कि रूटिन में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी मुहैया करायी जायेगी। इसके लिए बकायदा रूटिन में अधिकारी कर्मचारियों की विभागवार ड्यूटी भी लगायी गई है। जो भी शिकायतें दर्ज करायी जाती उनका लगातार मॉनिटरिंग करते हुए उन्हे अलग से समय सीमा में दर्ज की जाती।

# लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षक बाबू एवं भृत्य पर गिरी गाज

## 4 को किया गया पद से बर्खास्त

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में अनाधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित 1 शिक्षक,1 बाबू एवं 2 भृत्य पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जिसमें विकासखण्ड सिमगा के शास.प्राथ. शाला दौरेंगा पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी कुमारी निकिता लारिया, शास.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहरा में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 शैली गुप्ता,शास.हाई स्कूल संजारी नवागांव में पदस्थ भृत्य बलराम दिवान,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओडान पदस्थ भृत्य राजेश कुमार श्रीवास्तव शामिल है। उपरोक्त कर्मचारीगण अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के विरुध्द अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए कार्य से पृथक कर दिया गया है। इनके द्वारा मूलभूत नियम 18 एवं छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) (एक) (दो) (तीन) तथा अवकाश नियम 7 निहित नियमों के विपरीत पाया गया जो कदाचरण की श्रेणी में आता है। गौरतलब है कलेक्टर दीपक सोनी पूर्व में लंबे समय से अनुपस्थित 6 को शिक्षकों एवं भृत्यों पर कार्रवाई की जा चुका है।

# सहकारी समिति मर्यादित भंवरपुर के अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी ने पदग्रहण किया



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भंवरपुर पंजीयन क्रमांक 1237 के प्राधिकृत /अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी ने पदग्रहण किया। जिसमें जिला सहकारी बैंक ब्रांच भंवरपुर के शाखा प्रबंधक छालो विशाल सुपरवाइजर श्याम सुंदर पटेल लेखापाल माखन चौधरी भंवरपुर समिति प्रबंधक जितेन्द्र पटेल एवं भंवरपुर सोसाइटी के समस्त कर्मचारी गंण एवं भाजपा गंण कृषक बंधु कृष्णकुमार पटेल तोषकुमार पटेल गिरधारी लाल नायक भरत चौधरी माखन चौधरी रामेश्वर पटेल पुरन पटेल रेशम चौधरी घनश्याम चौधरी मोहन पटेल देवकी दिवान महेन्द पटेल दिनबन्धू चौधरी ठंडाराम चौधरी तोषकुमार चौधरी गुलाब किशोर स्वर्णकार डोलामणी पटेल एवं क्षेत्र के समस्त कृषक गंण उपस्थित थे । जिन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी को पुष्प माला एवं गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए बधाईयाँ दी। नवनियुक्त अध्यक्ष ने मंच को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं अपने दायित्व को निभाते हुए सोसाइटी के सभी किसानों कर्मचारियों एवं के हित में कार्य करूंगा और जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताकर जो अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है उसे शत प्रतिशत निभाऊंगा।

# धान बेचने आये किसानों को पूरी सुविधा प्रदान करे समिति : रंजना साहू



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

पूरे प्रदेश के धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी जोर शोर से चल रही है, इसी बीच नगर पंचायत आमदी धान उपार्जन केंद्र में किसानों के द्वारा टोकन में आ रही दिक्कतों की जानकारी मिलने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षद गणों के साथ धान खरीदी केंद्र पहुंचीं। जहां पर रंजना साहू ने किसानों से विस्तृत चर्चा किए एवं धान उपार्जन समिति को निर्देशित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार सबसे अधिक दाम में अन्नदाता किसान भाइयों का धान खरीद रहे हैं। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की भाजपा सरकार ने किसान भाइयों को अधिक लाभ एवं मुनाफा देने के लिए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का निर्णय लिया है जिसके तहत किसान भाई पंजीयन कराकर अपनी धान को प्रति एकड़ 21 क्विंटल बेच रहे हैं, जिसका प्रति क्विंटल 3100 रुपये की राशि मिलेगी। साहू ने आगे कहा कि धान बेचने आये सभी किसानों को पूरी सुविधा समिति प्रदान करें व टोकन में आ रही दिक्कतों को अतिशीघ्र दूर करने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए। पूर्व विधायक रंजना साहू के साथ धान उपार्जन केन्द्र में मुख्य रूप से हेमंत माला नगर पंचायत अध्यक्ष, तेजराम साहू उपाध्यक्ष, उमानन्द कुंभकार पार्षद, कोमल यादव पार्षद, लक्ष्मी जितेंद्र पटेल पार्षद, प्रेम साहू पार्षद, सुनीता कृपाल साहू, किशोर कुंभकार भाजपा नगर अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार पटेल भाजपा महामंत्री, ज्योति साहू, प्रेमशंकर साहू, रजनीश भेसले, नारायण मटियारा, कृपाल साहू, रेवत साहू, महेंद्र कोसरिया, भुनु साहू, जागेश्वर साहू, बेनीराम साहू, सुरेश साहू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे ।

# गिरौद में आयोजित किया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर

पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी एवं कुन्डेल की राष्ट्रीय सेवा योजना योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष संयुक्त रूप से ग्राम गिरौद में आयोजित किया गया है। जिसके द्वितीय दिवस रविवार को युवा पीढ़ी संदर्भ विषय पर बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया । इस परिचर्चा के आमंत्रित वक्ता विजय कुमार कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संतगुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद थें। विजय कुमार नें छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा अपनें कर्तव्यों को ईमानदारी से निर्वहन करते हुए जनसेवा , राष्ट्रीय सौहार्द्र ,भ्रष्टाचार , अनाचार , अनीति से संघर्ष जैसे कितने ही महत्वपूर्ण कार्य संपन्न कर सकतें हैं , ऐसा करनें के लिये उन्हें बस अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिये। इसके आभाव में युवा होंने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है परंतु कोई भी युवा अपनें होंने का अपनी उपस्थिति का एहसास करा दें तो वह औरों के लिये प्रेरणास्त्रोत बन



जाता है। उन्होंने आईएएस दुर्गाशक्ति नागपाल , आर्मस्ट्रांग पामे , आईपीएस शिवदीप लांडे , युवा राकेशशर्मा एवं -विक्रमजीतसिंह जैसे युवाओं के अदभुत , अकल्पनीय , अविस्मरणीय योगदानों का उदाहरण देकर छात्र -छात्राओं को उनकी जिम्मेदारी एवं राष्ट्रीय कर्तव्यों का भलीभाँति निर्वहन करनें हेतु प्रेरित किया। आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई करेली बड़ी की कार्यक्रम दुर्गा सिन्हा नें किया। मौके पर शास.उ.माध्य.वि. कुंडेल के कार्यक्रम अधिकारी टांडे सर एवं शिक्षक डिगेश्वर गजपाल सहित बड़ी संख्या में शिविरार्थी स्वयंसेवक उपस्थित थें ।

# एकीकृत किसान पोर्टल पर धान विक्रय के लिए पंजीयन की अवधि में हुई वृद्धि

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिलें के कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रूपये के दर से धान का उपार्जन किसानों से किया जा रहा है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि धान विक्रय के लिए शासन द्वारा पंजीयन की अवधि 31 अक्टूबर तक नियत किया गया था, इस अवधि में जिले के 91 हजार 84 कृषकों का समिति स्तर से विपणन वर्ष 2024-25 हेतु कैरीफारवर्ड, पंजीयन किया गया है। परन्तु इस अवधि में कुछ राजस्व ग्राम वनअधिकार पट्टा, वनग्राम एवं असर्वेक्षित ग्राम के किसानों का समिति स्तर से समय-सीमा में कैरीफारवर्ड, पंजीयन की कार्यवाही नहीं होने के कारण से धान विक्रय से वंचित हो रहे थे।

# लंबर सहकारी समिति के अध्यक्ष उत्तर निषाद ने संभाला कार्यभार



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति लंबर के नवनियुक्त अध्यक्ष उत्तर निषाद ने विगत दिनों समिति पहुंच कर कार्यभार संभाल लिया इस दौरान एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विद्या चौधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवरपुर थेचौधरी ने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार में धान खरीदी का एक मुश्त भुगतान किया जा रहा है जिससे किसानों में हर्ष व्याप्त है उन्होंने ने कहा कि देश में अमीत शाह प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, दयाल दास बघेल एवं महासमुंद लोकसभा सांसदमति रुप कुमारी चौधरी के नेतृत्व में सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं किसानों को हर क्षेत्र में शासन से मदद मिल रहा है उत्तर निषाद ने कहा कि किसानों की सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जावेगा उन्होंने ने कहा कि छोटे किसानों का एक मुश्त टोकन काटा जाएगा समिति में किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दिया जाएगा तथा कर्मचारियों को गड़बड़ी नहीं करने दी जाएगी तथा कर्मचारियों को गड़बड़ी करने पर नहीं बक्शा जायेगाउत्तर निषाद ने अपने नियुक्ति पर सांसदमति रूपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक भंवरपुर के मैनेजर छालो विशाल, तुलाराम चौहान समिति प्रबंधक लंबर झनकराम चौधरी मंडल उपाध्यक्ष बनीत सिदार समिति अध्यक्ष रोहीना राजेन्द्र कोशरीया समिति अध्यक्ष बडेसाजापाली मदनलाल चौरसिया हाई स्कूल अध्यक्ष लंबर एवं समस्त समिति स्टाफ व काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# एनएचएम अंतर्गत हो रही रिक्त संविदा पदों की चयन सूची जारी

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त पदों में भर्ती हेतु विज्ञापन ज़ारी हुआ था। जिसके अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों के वर्गवार वरीयता सूची दिनाँक 27 अगस्त 2024 को ज़ारी किया गया था। ततपश्चात भर्ती प्रक्रिया के अगले अनुक्रम में पदवार एवं वर्गवार चयनित अभ्यर्थियों की सूची जिला चयन समिति द्वारा अनुमोदन एवं अनुशंसा पश्चात तैयार कर जिले की विभागीय वेबसाइट में प्रकाशित किया गया है। अतः उक्त संबंध में पदवार एवं वर्गवार चयनित अभ्यर्थियों की विस्तृत जानकारी हेतु जिला बलौदा बाज़ार-भाटापारा की वेबसाइट www. balodabazar. gov. in अथवा कार्यालयीन सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

# वायु सेना भर्ती क़े सम्बन्ध में कैरियर मार्गदर्शन 25 नवम्बर से 29 नवम्बर तक

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारतीय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल क़े द्वारा जिले क़े शैक्षणिक संस्थाओ में भारतीय वायु सेना भर्ती क़े सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी क़े लिए कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन 25 नवम्बर से 29 नवम्बर 2024 तक की जायेगी। इस कैरियर मार्गदर्शन में शामिल होकर युवा अपने कैरियर का लाभ उठा सकते हैं। निर्धारित कार्यक्रम क़े अनुसार 25 नवम्बर को शासकीय दाउ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार एवं शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक, शासकीय जी.एन.ए. महाविद्यालय भाटापारा, नवीन विधि महाविद्यालय भाटापारा, शासकीय आईटीआई देवरी भाटापारा दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक जिसमें नवीन विधि महाविद्यालय भाटापारा, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज देवरी एवं आईटीआई देवरी भाटापारा भाग लेंगें। 26 नवम्बर शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय सिमगा में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक जिसमें आईटीआई सिमगा भाग लेंगें। आईटीआई हथबंद में 3 बजे से 4.30 तक, 27 नवम्बर शासकीय दौलत शर्मा महाविद्यालय कसडोल में सुबह 10.30 बजे से 12 बजे तक, आईटीआई असनींद में दोपहर 12.30 बजे से 2 बजे तक, शासकीय महाविद्यालय लवन में दोपहर 3.30 बजे से 5 बजे तक, 28 नवम्बर शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक जिसमें आईटीआई पलारी भी भाग लेंगें। शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में दोपहर 2.30 बजे से 4 बजे तक, 29 नवम्बर शासकीय नवीन महाविद्यालय सोनाखान में सुबह 10.30 बजे से 12 बजे तक एवं आईटीआई सकरी बलौदाबाजार में दोपहर 2.30 बजे से 4 बजे तक जिसमें पॉलिटेक्निक कॉलेज सकरी बलौदाबाजार भी भाग लेंगें। उक्त कैरियर मार्गदर्शन से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय या दूरभाष नम्बर 07727299443 से संपर्क कर सकते है।

# राजस्व सर्वेक्षण संबंधी कार्य प्रारंभ होने घोषणा

**धमतरी।** छग भू.राजस्व संहिता 1959 क्रमांक 20, सन् 1959 की धारा 67 की उपधारा 1 के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी द्वारा जिले के 7 राजस्व ग्रामों में राजस्व सर्वेक्षण संबंधी कार्य के प्रारंभ होने की घोषणा की गई है। यह क्षेत्र जारी अधिसूचना की तारीख से लेकर तब तक ऐसे सर्वेक्षण के अधीन समझा जाएगा, जब तक कि ऐसी संक्रियाओं के बंद किए जाने की घोषणा करने वाली अधिसूचना जारी न कर दी जाए। जारी घोषणा के तहत धमतरी तहसील के छाती स्थित ग्राम बोदाछापर, कुरूद के दरबा स्थित ग्राम ढेठा, नगरी के ग्राम मोहमल्ला मा., मगरलोड के ग्राम खड़मा रै, भखारा के ग्राम सेमरा डी, कुकरेल के ग्राम सिरौदकला और बेलरगांव तहसील के सिहावा स्थित ग्राम भेजरीरावन के लिए अधिसूचना जारी की गई है।

# तत्कालीन कलेक्टर की जांच का जिम्मा अपर कलेक्टर को, उठे सवाल

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा न खाऊंगा, न खाने दूंगा का नारा दिया गया और इसके चलते पूरे देश में अभी तक इसका पालन किया जा रहा है। इसी तर्ज पर राज्य सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय भी कार्य कर रहे हैं। आज देश और प्रदेश की जनता निष्पक्ष कार्यशैली से प्रभावित होकर विश्व प्रसिद्ध भाजपा को लगातार सरकार बनाने का मौका देने हेतु पूरी तरह मतदान एक तरफा कर रहे हैं। लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि छग के धमतरी जिले में एक ऐसे अधिकारी का भ्रष्टाचार की शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली को भेजी गई जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान डीएमएफ, सीएसआर फण्ड का खुलकर दुरूपयोग किया है जिसकी शिकायत सूचना के अधिकार से प्राप्त प्रमाणित दस्तावेज के साथ प्रेषित की गई थी। इसे पीएमओ कार्यालय ने गंभीरता से लेते हुए दिनांक 24.1.2024 को छग के चीफ सेक्रेटरी को जांच के लिये नियुक्त किया किंतु उन्होंने अपनी जांच को आयुक्त रायपुर संभाग को प्रेषित किया। हद तो यह है कि अब एक आईएएस अधिकारी की जांच अपर कलेक्टर धमतरी को सौंपी गई है, जो हास्यास्पद है।

तत्कालीन कलेक्टर पी एस एल्मा ने डीएमएफ एवं सीएसआर फण्ड का जिस तरह अपने कार्यकाल में दुरूपयोग किया वह धमतरी के इतिहास में कभी भी ऐसा किसी अधिकारी ने नहीं किया। सीएसआर फण्ड के मद से नगरी स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निर्माण के पूर्व





इस पूरे मामले को कलेक्टर के आदेश पर जांच अधिकारी बनाये गये अपर कलेक्टर मरकाम से दूरभाष पर चर्चा किये जाने उनका कहना था कि कलेक्टर के आदेश पर मेरे द्वारा जांच की जा रही है और दस्तावेज लगभग इकट्ठा कर लिया गया है और मेरी जांच को कलेक्टर को सौंप दूंगा। प्रतिनिधि ने जब उनसे पूछा कि क्या एक आईएएस अधिकारी की जांच आपके द्वारा की जा सकती है तो उन्होंने इस सवाल के जवाब में गोलमोल जवाब देकर बचने का प्रयास करते नजर आये।

पुरानी भवन को तोड़वाने में इस राशि का खर्च किया गया है जबकि उक्त फण्ड से यह कार्य नहीं कराया जा सकता। जनहित के कार्यों में इस राशि का उपयोग किया जाता है वहीं उन्होंने उक्त स्कूल के निर्माण में डीएमएफ फण्ड राशि का इस्तेमाल किया गया है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के निर्माण को बिना निविदा निकाले किसी शासकीय एजेंसी को छोड़ ग्राम पंचायतों से करवाया गया। उक्त ग्राम पंचायत में तत्कालीन कलेक्टर का एक रिश्तेदार भी कार्य किया। इसी तरह जिला चिकित्सालय में भी उक्त फण्ड से डिस्मेंटल का कार्य करवाया गया। ऐसे अनेक भ्रष्टाचार हैं, जो उन्होंने अपने कार्यकाल में किया है जो आज भी जिले में चर्चित है। सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के मुताबिक जिस डीएमएफ, सीएसआर फण्ड का दुरूपयोग कर भ्रष्टाचार किया गया है। मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस, सुशासन के नारे को भी ग्रहण लग रहा है। इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित विभिन्न विभागों को सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों को संलग्न कर शिकायत भेजी गई।

शिकायत पत्र में संलग्न दस्तावेज प्रमाणित करते हैं कि डीएमएफ, सीएसआर फण्ड का तत्कालीन कलेक्टर एल्मा ने खुलकर दुरूपयोग किया है। शिकायत के आधार पर प्रधानमंत्री कार्यालय से जांच मुख्य सचिव रायपुर को भेजी गई जिसकी प्रतिलिपि शिकायतकर्ता को भी दी गई। जानकारी दी गई कि आपकी जांच रायपुर संभाग के आयुक्त करेंगे और इस बाबत कार्यालय आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर द्वारा पत्र क्रमांक 2363 दिनांक 19.12.2023 को पत्र प्रेषित कर पत्र प्राप्ति के बाद शिकायतकर्ता आश्वस्त थे कि उनकी जांच आयुक्त द्वारा की जायेगी। लेकिन जब आयुक्त का पत्र प्राप्त हुआ तो शिकायतकर्ता के पैरों तले जमीन खिसक गई। उक्त पत्र में आयुक्त रायपुर संभाग द्वारा कलेक्टर धमतरी को उपरोक्त पत्र भेजकर तत्कालीन कलेक्टर पीएस एल्मा के विरूद्ध जांच करने का आदेश दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि उक्त पत्र के आधार पर कलेक्टर के विरूद्ध होने वाली जांच कलेक्टर से ही करवाई जा रही है। लेकिन इसी बीच 20.11.2024 को पत्र क्रमांक 9452 भेजकर बताया गया कि तत्कालीन कलेक्टर एल्मा की जांच प्रक्रियाधीन है। यह जानकारी भी सूचना के अधिकार के तहत शिकायतकर्ता को दी गई। इस तरह यह प्रकरण जो वर्ष 2023 से प्रारंभ है, लगभग एक वर्ष गुजर जाने के बाद भी अधूरा है और इसमें अधिकारी को बचाने अधिकारी वर्ग की लॉबी हावी होने का भी संभावना व्यक्त की जा रही है।

भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ तक डूबे तत्कालीन कलेक्टर जो कि यहां पूर्व में जिला पंचायत के सीईओ भी रह चुके हैं, उनकी जब धमतरी में पदस्थापना हुई, उसके बाद से उन्होंने अनेक ऐसे कार्य कर शासन को हानि पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिनकी चर्चा नगरी, कुरूद, मगरलोड सहित धमतरी जिले में चर्चित है। अभी तक एक वर्ष गुजर जाने के बाद भी जांच नहीं होने से यही माना जा रहा है कि अधिकारी को बचाने के लिये कुछ अधिकारी, प्रधानमंत्री मोदी का नारा और मुख्यमंत्री साय के सुशासन की धज्जिंया उड़ाने में लगे हैं।

# प्रसव के बाद भी माता और शिशु के स्वास्थ्य की लेते रहें जानकारी : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने बीते दिन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने जिले में मातृ मृत्यु दर की जानकारी ली तथा इसमें कमी लाने के लिए भविष्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रसव के बाद डिस्चार्ज माता का नियमित फॉलोअप और अस्पताल के द्वारा भी फोन से सम्पर्क कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते रहें तथा स्वास्थ्यगत किसी तरह के समस्या हो तोए तत्काल समुचित उपचार की सुविधा प्रदाय की जाए। इसके साथ ही मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गर्भवती पंजीयनए छूटे हुए हितग्राहियों का लक्ष्य अनुरूप पंजीयन, गर्भवती चार जांच, संभावित प्रसव को संस्थागत प्रसव के लिए हितग्राही तैयार करना इत्यादि की समीक्षा कलेक्टर ने की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिया कंवर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले के ऐसे नर्सिंग अस्पताल जहां सामान्य से अधिक सिजेरियन प्रसव हो रहें हैं, उक्त अस्पतालों के विरूद्ध जांच के आदेश कलेक्टर ने दिए। साथ ही जिले के ऐसे स्वास्थ्य केन्द्र जहां पर्याप्त स्टाफ होने के बावजूद प्रसव की संख्या में कमी है। उन्हें नोटिस देने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

# जिला स्तर के अधिकारी ग्राम पंचायतों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत, पी.डी.एस. विद्यालय एवं स्वास्थ्य केन्द्रों की गतिविधियों का शीघ्र करें अवलोकन: कलेक्टर चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा के साथ विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने धान खरीदी हेतु गिरदावरी सत्यापन की जानकारी ली। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में संचालित योजनाओं और सरकारी कार्यालयों की गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की विशेष भूमिका तय की गई है। इस पहल के तहत, जिला स्तर के अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत, पी.डी.एस., विद्यालय एवं स्वास्थ्य केन्द्रों की गतिविधियों का अवलोकन करना होता है। इस प्रक्रिया में अधिकारी एक विशेष एप्लिकेशन के माध्यम से सभी जरूरी जानकारियां प्रस्तुत करते हैं, जिससे योजनाओं और कार्यक्रमों की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में कलेक्टर ने सत्यापन कार्य के लिए जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें 30 नवम्बर से पहले सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चौधरी ने धान खरीदी में अनियमितता पाये जाने पर प्रकरण अनिवार्य रूप से तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। साथ ही खाद्य अधिकारी से खरीफ विपणन 2024-25 में धान उर्पाजन केन्द्रों में बफर लिमिट निर्धारण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने विभागों में लंबित पेंशन प्रकरण को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान पशु संगणना की भी जानकारी ली। जिले में ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने उद्यानिकी विभाग को मिले लक्ष्य पूर्ति हेतु उप संचालक कृषि को कृषकों को ऑयल पाम की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की अद्यतन प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी नगरीय निकायों, जनपद एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुनः डोर-टू-डोर अभियान चलाकर परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही वृद्धावस्थ्या पेंशन के सभी हितग्राहियों का भी आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार सेवानिवृत्ति पश्चात् लंबित पेंशन प्रकरण के निराकरण पर भी अधिकारी विशेष ध्यान देवे। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना व समग्र शिक्षा के तहत प्रगतिरत निर्माण कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्कूल जतन योजना के अंतर्गत निर्माण एजेंसी द्वारा जीर्णोद्धार स्कूल व शौचालय का मूल्यांकन कर रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करते हुए 30 नवम्बर से पहले स्कूल शौचालयों की मरम्मत पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्रों में केन्द्र के खुलने का निर्धारित समय चस्पा करने को कहा, ताकि आम जनता को परेशानी न हो। कलेक्टर सु चौधरी ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरण, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के वेब एवं पोस्ट द्वारा प्राप्त शिकायत, सारथी-ई पोर्टल और पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही शीघ्र प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मती मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग एच.एस. मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# आयुक्त ने निगम में चल रहे कार्यो के सुचारू संचालन के लिए ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाइ
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई। जिसमें शासन द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक विभाग प्रमुख से प्राप्त किये। योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियो को निर्देशित किये और कहा कि हमे प्रयास करना है जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रमुख रूप से आयुक्त का कहना था कि हम सबको जनता के प्रति अच्छा काम करना है। जो भी निगम व जनता के हित का काम है उसे हमे समय पर बताए, हम सब मिलकर निराकरण करेगें। जो भी पेडिंग फाईल है उसे नियमानुसर डिस्पेज के माध्यम से भेजे, सबका निराकरण किया जाएगा। जोन के अधिकारियों को बताया कि जो भी रूका हुआ फाईल है उसे लाकर निराकरण करवाए। निगम क्षेत्र में जितने भी उद्यान है, उसका रखरखाव करना हमारी प्राथमिकता है। जो भी पुराना काम रूका हुआ है, उसकी लिस्ट बनाकर दें, हम बात करेगें, उसका निराकरण करवाया जाएगा। रूके हुए निर्माण कार्यो को शीघ्र पुरा करवाया जाए। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बहुत से काम बीएसपी से एनओसी नहीं मिलने के कारण रूका हुआ है उसका निराकरण करने के लिए आयुक्त ने पत्र लिखने के लिए कहा। आयुक्त ने यह भी ध्यान देने को कहा हमे मितव्यिता बनाना है, अनावश्यक बिजली का उपयोग नहीं करना है। लाईट, पंखा, एसी का उपयोग जो करने के बाद बंद कर देना है। वाहन शाखा में अनावश्यक खर्च को रोकना है, जहां पर भी बचत हो सकता है उसे अवश्य करें। छोटी-छोटी बचत बड़ा रूप लेता है, हम सब मिलकर के निगम के स्वच्छता रैकिंग को सुधारेगें। बैठक में मुख्य अभियंता, उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन के सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, परियोजना अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, लेखाधिकारी, राजस्व अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी, शहरी अजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण विभाग प्रभारी, राशन कार्ड प्रभारी, स्थापना प्रभारी, जोन के राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन के तहत मोतीमपुर समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग दुर्ग मंडल के अधीक्षण अभियंता संजीव ब्रिजपुरिया ने जल जीवन मिशन के तहत मोतीमपुर समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना के कार्यों का जायजा लिया और एजेंसी को कार्य को तेजी से करते हुए तकनीकी गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ब्रिजपुरिया ने कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की महत्वाकां योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों को नल कनेक्शन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलकर काम करना होगा। मोतीमपुर समूह जल प्रदाय योजना से क्षेत्र के कई गांवों को लाभ मिलेगा। इस योजना के पूरा होने से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा और उनकी जीवनशैली में सुधार आएगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता उत्कर्ष उमेश पांडेय, सहायक अभियंता प्रकाश सिंह ठाकुर, उपभियंता कल्पना पोया और टीपीआई एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# टाइफाइड होने की भ्रामक जानकारी देने वाले कथित डॉक्टर के अस्पताल को किया सील

## महापौर दौरे के बाद पुरैना में स्वास्थ्य विभाग की दबिश

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

टाइफाइड बीमारी बताकर ईलाज करने वाले प्राइवेट प्रेक्टिशनर मो. साजिद की अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग ने ताला लगा दिया है। वहीं जगदंबा चौक पुरैना के भरत मेडिकल स्टोर को अस्थाई तौर पर बंद कर दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा है। रिसाली महापौर शशि सिन्हा के भ्रमण के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उक्त कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि रिसाली महापौर मंगलवार को महापौर परिषद के सद्स्यों के साथ पुरैना भ्रमण की थी। इसके बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुरैना वार्ड 38 में सघन सर्वे किया था। इस दौरान खुलासा हुआ कि कोई टाइफाइड का मरीज गंभीर नहीं है। वे दैनिक कार्य कर रहे है। कुछ दिन पूर्व बुखार आने पर उन्हे स्थानीय अल्टरनेटिव डिग्री धारी मो. सजिद ने टाइफाइड होने का दावा करते उपचार किया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अल्टरनेटिव डिग्रीधारी मो. साजिद के खिलाफ कार्रवाई की।

**331 घरों का हुआ सर्वे**-447 घरों का सर्वे में केवल 3 मरीज बुखार के मिले। आर डी किट परीक्षण में बुखार सामान्य (मौसमी) पाया गया। वहीं पुरैना वार्ड 39, 40 में कुल 331 घरों तक स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। जहां 10 लोगों को बुखार होना पाया। टाइफाइड की पुष्टि नहीं हुई।

**अस्पताल को किया सील**-प्राइवेट प्रेक्टिशनर मो. साजिद अल्टरनेटिव डिग्रीधारी से पूछताछ के दौरान साजिद ने बताया कि वो एक पैथालॉजी रिपोर्ट के आधार पर टाइफाइड बताया था। इसके बाद नायब तहसीलदार चन्द्रशेखर कंवर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया एवं पटवारी और पार्षद की उपस्थिति में कथित अस्पताल को सील किया गया।

**आयुक्त ने की अपील**-रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने निगम कर्मचारियों को एहतियात बरतने की हिदायत दी है। सैंपल भेजे गए पानी का रिपोर्ट पीएचई से प्राप्त कर प्रस्तुत करने कहा है। वही आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है की वे पानी उबालकर पीए। तबियत बिगड़ने पर सरकारी अस्पताल या फिर चलित चिकित्सा ईकाई में ईलाज कराने की सलाह दी है।

# सहकारी समितियों में अध्यक्षो की नियुक्ति

## सिर्फ किसान वर्ग के ही कार्यकता: सरला कोसरिया

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा संचालित सरायपाली विधानसभा के विभिन्न सहकारी समितियों में शासन द्वारा अध्यक्षो की नियुक्ति की गई है ।इन समितियों में अध्यक्षो की नियुक्ति सिर्फ किसान वर्ग के भाजपा कार्यकर्ता लोगों की ही कि गई है। सरायपाली विधानसभा में 3 बैंक सरायपाली,तोरेसिंहा एवं भंवरपुर में स्थापित है। सरायपाली शाखा में 15 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, तोरेसिंहा शाखा के अंतर्गत 11 प्राथमिक कृषि साख समिति एवं भंवरपुर में 8 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां संचालित हैं। जिसके माध्यम से राज्य शासन समर्थन मूल्य पर (भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार का ऐतिहासिक निर्णय 3100 रुपये प्रति क्विंटल एवं प्रति एकड़ 21 क्विंटल) किसानों का धान खरीदी करती है। सभी नवनियुक्त अध्यक्षों ने अपने अपने सहकारी समितियों में पदभार ग्रहण कर लिया है। सरायपाली शाखा के अंतर्गत निम्न अध्यक्षों की नियुक्ति की गई जिनमे कामता प्रसाद पटेल (नूनपानी), संजय डड़सेना (जम्हारी), जयलाल पटेल (नवरंगपुर), नेपाल साहू (रिसेकेला), शरद पटेल (नवागढ़), अनंत कुमार पटेल (सरायपाली), रमेश नायक (भोथलडीह), उपेंद्र चौधरी (कनकेबा) ,नरेश प्रधान (पुटका) , कैलाश साहू (चिवरकुटा ), पंकज साहू ( सिंगबहाल ), अनंतराम बीसी ( रुढा), घनश्याम भोई (मलदामाल) व प्यारीराम साहू (तिहारिपाली ) समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

# 70 प्लस वृद्धजनों के लिए 5 लाख रूपये तक के आयुष्मान कार्ड पर निःशुल्क ईलाज की सुविधा



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ में से एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड सभी परिवार के लिए बन रहा है। जिसमें सामान्य वर्ग के परिवार के लोग 50 हजार रूपये तक का ईलाज शासन द्वारा निर्धारित बड़े अस्पतालों में निःशुल्क करवा सकते है। बीपीएल श्रेणी निवासरत परिवार 5 लाख रूपये तक का आयुष्मान कार्ड पर फ्री में ईलाज करवा सकते है। अभी केन्द्र सरकार द्वारा मान. प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषणा के बाद सभी वर्ग के परिवार के लिए 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनो के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। नेहरू नगर वेस्ट सियान सदन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर वृद्धजनो के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किये। वहां पर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है, अभी तक सैकड़ो लोगो ने आयुष्मान कार्ड बनवा लिया। कोई भी 70 वर्षिय महिला/पुरूष अपना आधार कार्ड ले जाकर बनवा सकते है। शिविर जारी है, इसी प्रकार का शिविर अन्य जोन में वार्ड पार्षदगणो से संपर्क करके लगाया जाएगा। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी 70 प्लस के महिला/पुरूष वृद्धजनो से निवेदन किया है, कि यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा वृद्धो के लिए ईलाज में हो रहे तकलीफको देखते हुए मान. प्रधानमंत्री जी द्वारा लाया गया है।

# कमिश्नर ने की खास अपील कहा-घर घर पहुच रही निगम की टीम, छुटे हुए हितग्राही आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाए

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है।नगर निगम के कर्मचारी इसके लिए घर-घर दस्तक दें रहे है। वरिष्ठ नागिरकों का आयुष्मान बनाने घर-घर पहुंचकर निरन्तर कर्मचारी तीन दिनों में 386 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। यह कार्य नगर पालिक निगम क्षेत्र में 22 नवंबर तक चलेगा।कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश में दीनदयाल अंतोदय योजना,राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम व आंगनबाड़ी मितानिन को प्रशिक्षण दिया गया। जानकारी में बताया गया है कि उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर डोर-टू-डोर जाना होगा। प्रत्येक कर्मचारी मोबाइल एप से ओटीपी लेकर जानकारी भरेंगे।इसके बाद वरिष्ठ नागरिक पंजीकृत किसी भी अस्पताल में पांच लाख तक निश्शुल्क उपचार करवा सकते हैं।आयुष्मान कार्ड प्रभारी ने बताया कि निगम क्षेत्र के 17 वार्डो में दिनांक 18 से 22 नवंबर तक में निगम के 50 से अधिक कर्मचारी फील्ड में रहें कर काम कर रहे है।निगम क्षेत्र के पूरे 60 वार्डो में अलग अलग चरणों मे घर घर दस्तक देगी आयुष्मान कार्ड सर्वे के लिए। यह कार्य को 30 नवंबर तक पूर्ण करेंगे। वहीं कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने पार्षदों और परिवार के मुखिया से अपील की है कि वे 70 से अधिक उम्र वाले विष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। इसमें उनके लिए पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध रहेगा।

**कमिश्नर ने की खास अपील**-कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शहर वासियों से घर घर निगम टीम द्वारा पहुँचकर आयुष्मान कार्ड बना रही है। आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है।नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आयुष्मान कार्ड मितानीन घर-घर जाकर जाकर बना रही है BPL आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का एवं सामान्य आयुष्मान कार्ड से 50 हजार तक का ईलाज निःशुल्क करा सकते है।

# नालियों में कचरा फेकने वालो के क्षेत्र में सफाई रोक दी जाएगी

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय बुधवार सुबह 7 बजे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 में निकले। उन्होने भ्रमण के दौरान नेहरू नगर स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचे। वहां पर चल रहे कचरा सेग्रिगेशन के कार्य को देखे और वहां पर कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों से पुछे कि किस प्रकार से कचरे को अलग-अलग किया जाता है, उसका किस प्रकार से निष्पादन किया जाता है। खाद बनाने कि विधि आदि का अवलोकन किये। यह सब देख सुन कर आयुक्त बहुत खुश हुए और कार्य करने वाले कर्मचारियों को इसी तरह से कार्य करने को कहा। किसी प्रकार की समस्या आने पर आप हमसे संपर्क कर सकते है। निगम आयुक्त पदभार ग्रहण करते ही शहर की साफ -सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर-शोर से लग गये है। उन्होने सभी जोन के जोन आयुक्तों को निर्देशित किए है कि अपने-अपने क्षेत्र के सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए रोज सुबह वार्डो का भ्रमण करें, मैं स्वयं भी निरीक्षण करने पहुचुंगा। नेहरू नगर रैश्ने आवास के पास आयुक्त जब सफाई का निरीक्षण कर रहे थे। वहां पर स्थानीय निवासियों द्वारा नालियों में कचरा फेकने की शिकायत मिल रही थी। उन्होने निवासियों को बुलाकर समझाया कि नाली में कचरा फेकते हुए पाये जाओगे तो इस क्षेत्र में सफाई मित्र रोज सुबह घर-घर कचरा लेने नहीं आएगा। कचरा फेंकने वालो से अर्थदण्ड वसूलने के लिए जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्शेना को निर्देशित किये। यह नहीं चलेगा हम लोग सफाई भी करें और लोग घर का कचरा नालियों में भी फेंकेगें।

## पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष के पहल पर सीएमओ ने दिया अनापत्ति प्रमाण पत्र

# रामानुजगंज नगर पंचायत का खैर खवाह कर्मचारी कर रहा था व्यापारी को परेशान

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रामानुजगंज नगर पंचायत कार्यालय में वर्षो से जमे हुए अड़ियल कर्मचारियों के द्वारा नगर के संभ्रांत नागरिकों को किसी भी काम के लिए जबरन 1 से 2 महीने तक दौड़ाने के बाद भी उनका काम नहीं किया जा रहा है जो पूरे नगर में आए दिन चर्चा का विषय बना रहता है नगर के एक व्यापारी को अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए विगत कई महीनो से दौड़ाया जा रहा था इसकी खबर जब पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष कुमार गुप्ता को लगा तो उनके फटकार के बाद उनका काम हो पाया। नगर के एक व्यापारी अपने नवीन भवन निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु नगर पंचायत रामानुजगंज कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था पहले तो नगर पंचायत के खैर खवाह कर्मचारी के द्वारा उनको कार्यालय का चक्कर लगवाए गया इसके बाद उनसे बकाया टैक्स जमा करने के बाद भी ऊलजुलूल बातें करते हुए उनको धमकाया गया कि 2025 का भी टैक्स जमा कीजिए इसके बाद ही अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाएगा। परेशान व्यापारी आप बीपी सबसे कहने लगा की नगर पंचायत के द्वारा हमारे साथ बहुत गलत व्यवहार किया जा रहा है जबकि हमारे द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए पूर्व के बकाया टैक्स को हमारे द्वारा पटा दिया गया है। जब इस बात की खबर पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष कुमार गुप्ता को लगी तो उन्होंने पीड़ित व्यापारी के लिए नगर पंचायत के प्रभारी सीएमओ सुधीर श्रीवाश को कड़ी फटकार लगाते हुए कहां की जब आपने पूर्व बकाया के सारा टैक्स जमा करा लिया है तो व्यापारी को वर्ष 2025 का टैक्स पटाने हेतु क्यों मजबूर किया जा रहा है जब 2025 आएगा उस समय व्यापारी टैक्स जमा करेगा। तब जाकर प्रभारी सीएमओ सुधीर श्रीवाश के द्वारा व्यापारी को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। व्यापारी का कहना है कि यदि पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष कुमार गुप्ता ने पहल नहीं की होती तो शायद हमें न जाने कई महीनो तक परेशान किया जाता व्यापारी ने उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

**वर्तमान परिषद के कार्य प्रणाली पर उठे सवाल**-रामानुजगंज नगर पंचायत के वर्तमान परिषद के कार्य प्रणाली को लेकर हमेशा सवाल उठाते रहे हैं लेकिन शायद उनको आम नागरिकों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रहा है क्योंकि पीड़ित नागरिक जब भी संबंधित परिषद के अधिकारी एवं पदाधिकारी को फोन लगाकर अपनी पीड़ा बताने की चेष्टा की जाती है तो उनके द्वारा कभी फोन रिसीव नहीं किया जाता और वही कॉल बैक रात्रि 10:00 बजे की जाती है जब परेशान नागरिक हार थक कर सो जाता है फिर अपने काम की पूर्ति के लिए जब सुबह फोन करता है तो उनके द्वारा फिर फोन नहीं उठाए जाते। आम जनता से बहुमत प्राप्त कर दौलत के दम पर पद हासिल करने वाले यह भूल जाते हैं कि 5 वर्षो के बाद उन्हीं के चौखटों पर नाक रगड़ना पड़ेगा फिर भी इस बात का उनको परवाह नहीं होता?

**अपनी निजी लाभ के लिए चढ़ा रखा है कपार पर** -रामानुजगंज नगर पंचायत के द्वितीय स्तर के पदाधिकारी अपने निजी लाभ के लिए कुछ कर्मचारियों को अपने कपार पर चढ़ा रखा है जिसका खामियां नगर की जनता को आए दिन भुगतना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि सारे कर्मचारी नगर की जनता को परेशान करते हैं लेकिन एक्का दुक्का कर्मचारी का व्यवहार नगर की जनता से ऐसा है कि उनसे लोग बात भी करना पसंद नहीं करते लेकिन मजबूरन काम के अभाव में उनसे मुलाकात कर चर्चा करना पड़ता है उनके बोली वचन भी कर्कशा जैसा है जो सुनने के बाद बहुत बड़ा आघात लगता है जनहित में लोक सेवकों का आम जनता के साथ ऐसा कुरूर व्यवहार इस क्षेत्र के विधायक एवं सांसद का दामन दाग दार करने के लिए काफी है? बेहतर तो यही होगा कि राज्य में सरकार बदल गई है और सुशासन की सरकार में आम जनता के साथ उनका व्यवहार शौमय होना चाहिए।

# कलेक्टर ने जिले के 23 शिक्षकों को विनोबा पुरस्कार से किया सम्मानित

- 10 नवाचारी शिक्षक, 6 उत्कृष्ट शाला और 7 संकुल समन्वयक को मिला सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत 23 शिक्षकों को सम्मानित किया। जिसमें धमधा ब्लॉक के 11, पाटन ब्लॉक के 07 और दुर्ग ब्लॉक के 05 शिक्षक शामिल है। जिले के विभिन्न स्कूलों के 10 शिक्षकों को माह सितम्बर और अक्टूबर के लिए 'पोस्ट ऑफ द मंथ' और 'बोलेगा बचपन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट दुर्ग कायक्रम के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की माह सितम्बर में आयोजित मासिक परीक्षा मे उत्कृष्ट परिणाम देने वाले 6 विद्यालय के प्राचार्यो को एवं माह अगस्त से अक्टूबर तक जिस क्लस्टर के विद्यालयों ने सक्रिय सहभागिता के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उन संकुलों के 7 संकुल समन्वयकों को सम्मानित किया गया। विनोबा ऐप के माध्यम से हर महीने जिले के नवाचारी शिक्षकों को ''पोस्ट ऑफ द मंथ'' और विभिन्न कौशल संवर्धन पहल में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाता है। इसके अलावा बोलेगा बचपन, टॉप 3 क्लस्टर और उत्कृष्ट दुर्ग कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों का भी सम्मान किया जाता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर सु चौधरी ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी।

## संपादकीय

### कड़ी टक्कर

### महाराष्ट्र में चुनाव संपन्न

**भारत** के सबसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में से एक महाराष्ट्र में आज सभी 288 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो चुका है। यह चुनाव ऐसे समय में हुआ है जब राजनीतिक विखंडन और सामाजिक अशांति चरम पर है, जिससे इसका परिणाम राज्य और राष्ट्रीय राजनीति दोनों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। इस चुनाव में एक प्रमुख मुद्दा शिवसेना के भीतर विभाजन है, जो लंबे समय से महाराष्ट्र के क्षेत्रीय गौरव से जुड़ी पार्टी है। पार्टी अब दो गुटों में बंट गई है- एक का नेतृत्व उद्धव ठाकरे कर रहे हैं, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और कांग्रेस के महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के साथ है, और दूसरा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में, जिसे भाजपा का समर्थन प्राप्त है। इस विभाजन ने पार्टी के पारंपरिक मतदाता आधार को काफी हद तक खत्म कर दिया है, जिससे इस चुनाव में इसके प्रदर्शन को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। मराठा आरक्षण की मांग ने जटिलता को और बढ़ा दिया है मनोज जरांगे पाटिल जैसे लोगों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन ने इस मुद्दे को सबसे आगे ला दिया है, सत्तारूढ़ भाजपा-शिवसेना गठबंधन नीतिगत उपायों के माध्यम से इसे संबोधित करने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, अनसुलझे तनाव मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित कर सकते हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में।

भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को विदर्भ और मराठवाड़ा जैसे क्षेत्रों में कृषि संकट से और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कपास



और प्याज जैसी प्रमुख उपज के लिए गिरती फसल की कीमतों ने किसानों पर वित्तीय दबाव डाला है, जो परंपरागत रूप से एक महत्वपूर्ण मतदाता समूह है। एमवीए ने इस असंतोष का लाभ उठाया है, जो महाराष्ट्र के आर्थिक हितों की रक्षा करने में भाजपा की विफलता को उजागर करता है, जिसमें हाल ही में प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं को गुजरात में स्थानांतरित करना भी शामिल है। यह चुनाव राष्ट्रीय स्तर की गतिशीलता को भी दर्शाता है। परिणाम बढ़ती विपक्षी एकता के बीच भाजपा की अपना प्रभुत्व बनाए रखने की क्षमता का परीक्षण करेंगे और कांग्रेस और उसके सहयोगियों की ताकत का संकेत दे सकते हैं। एमवीए की जीत राष्ट्रीय विपक्ष को सक्रिय कर सकती है, जबकि भाजपा की जीत उसकी स्थिति को मजबूत कर सकती है। एक खंडित राजनीतिक परिदृश्य के साथ, महाराष्ट्र के चुनाव में कड़ी टक्कर होने की संभावना है। इसके नतीजे न केवल राज्य के भविष्य को आकार देंगे, बल्कि आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी तय करेंगे। राज्य का राजनीतिक परिदृश्य आज एक चौराहे पर खड़ा है। शिवसेना में गहरी फूट, मराठा आरक्षण पर तीखी बहस और ग्रामीण मतदाताओं पर कृषि संकट के कारण यह चुनाव राज्य की सीमाओं से कहीं आगे तक दांव पर लगा है। यह परिणाम वास्तव में राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की ताकत और इंडी गठबंधन की दृढ़ता का संकेत होगा। इसके अलावा राज्य एक आर्थिक महाशक्ति है और जो भी राज्य पर शासन करता है, उसे अपनी गति बनाए रखने के लिए कॉर्पोरेट जगत का समर्थन भी प्राप्त होता है।

# पश्चिम बंगाल ने खोया अवसर

टाटा नैनो फैक्ट्री का पश्चिम बंगाल से गुजरात में स्थानांतरण इस बात की मार्मिक याद दिलाता है कि किस तरह राजनीतिक अदूरदर्शिता ने बंगाल के औद्योगिक पुनरुद्धार के सुनहरे अवसर को पटरी से उतार दिया।





**अनिर्बान गांगुली**
(लेखक, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं)



दिवंगत रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औद्योगिक आइकन के व्यक्तित्व के कई आयामों के बारे में बात की, जिसने उन्हें लोगों का प्रिय बना दिया। उत्कृष्टता और सहानुभूति की खोज स्वर्गीय रतन टाटा के सबसे प्रमुख गुणों में से एक थी, जिसने उन्हें टाटा समूह को सफलता और विस्तार की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद की। उनके दो दशकों के नेतृत्व में, टाटा समूह ने अपने वैश्विक पदचिह्नों का अभूतपूर्व प्रसार देखा और खुद को एक जीवंत ब्रांड के रूप में स्थापित किया।

शायद पश्चिम बंगाल के कई अन्य लोगों की तरह, रतन टाटा के निधन ने मुझे सिंगूर-टाटा नैनो फैक्ट्री प्रकरण की याद दिला दी। खोए हुए अवसरों के वे काले दिन, राज्य में औद्योगिक पुनरुद्धार की उम्मीद के लिए एक बड़ी गिरावट का संकेत थे। एक पार्टी और सरकार, जिसने तीन दशकों से अधिक समय तक उग्र ट्रेड यूनियनवाद को संरक्षण दिया था, ने अचानक उस प्रवृत्ति को उलटने का फैसला किया। राज्य के विऔद्योगीकरण की अध्यक्षता करने के बाद इसे निवेश के लिए उग्र रूप से आगे बढ़ते देखना विडंबनापूर्ण था।

बंगाल की एक समय की दुर्जेय औद्योगिक शक्ति का विनाश राज्य में सीपीआई (एम) के उदय का एक नक्शा है। हावड़ा, जो कभी पूर्व का शेफ़ील्ड के रूप में प्रसिद्ध था, कम्युनिस्टों के अधीन पश्चिम बंगाल के प्रमुख औद्योगिक कब्रिस्तान में बदल गया। 1920 के दशक की शुरुआत में ही डॉ. अंबेडकर ने कम्युनिस्टों के नेतृत्व वाली ट्रेड-यूनियनवाद के अक्सर-दोहरे दृष्टिकोण को समझ लिया था। अपने बहिष्कृत भारत के पन्नों में उन्होंने लिखा कि कैसे कम्युनिस्ट देश में श्रमिक आंदोलन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे और हड़ताल के पीछे मुख्य उद्देश्य श्रमिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना नहीं बल्कि उन्हें क्रांति के लिए प्रशिक्षित करना था। वह उस कैंसर को पहले से ही देख सकते थे जो भारत के औद्योगिक अंतड़ियों में घुसने की कोशिश कर रहा था।

आइए याद करें कि कैसे तत्कालीन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने मेट्रो रेल परियोजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को मंजूरी दी थी। कम्युनिस्टों द्वारा संचालित उन्मादी ट्रेड यूनियनवाद ने कई प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रमों को नष्ट कर दिया, जैसे कि डॉ. बीसी रॉय द्वारा स्थापित हरिंगाटा मिल्क डेयरी ने राज्य भर में दूध की आपूर्ति श्रृंखला बनाई और हजारों नौकरियां पैदा कीं। ममता बनर्जी की तरह, जिन्होंने केंद्र की प्रमुख 'आकांक्षी जिला परियोजना' में पश्चिम बंगाल को शामिल करने से इनकार कर दिया और 'एकलव्य विद्यालय' योजना के प्रति उदासीन बनी रहीं, 1986 में बसु ने राज्य में नवोदय विद्यालयों की स्थापना पर रोक लगा दी थी।

1974 में, मुख्यमंत्री के रूप में सत्ता में आने से तीन साल पहले, बसु ने कंप्यूटरों की स्थापना को रोकने के लिए कोलकाता में हांगकांग बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के सामने एक रिले विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया था। फिर भी विडंबना यह है कि 1994 में उन्हीं ज्योति बसु ने विदेशी निवेश के आधार पर पश्चिम बंगाल के औद्योगिक पुनरुद्धार की संभावनाओं का अध्ययन करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय व्यापार सलाहकार आर्थर एंडरसन को नियुक्त किया। लेकिन प्रगति रुक रही थी, इसमें रोडमैप का अभाव था। इस प्रकार, जब रतन टाटा ने राज्य में निवेश करने का फैसला किया, तो यह ताजी हवा का झोंका मात्र था, यह मरते हुए औद्योगिक लोकाचार में नई जान फूंकने के लिए लंबे समय से आवश्यक हवा का झोंका था। तब एक आशावादी टाटा ने कहा था कि उन्होंने 'देश भर में छानबीन की और विभिन्न स्थानों को देखा, इससे पहले कि वे इस क्रांतिकारी परियोजना को स्थापित करने का फैसला करें, जो भारत को वास्तव में बंगाल में लोगों की कार देगी।'

> बंगाल की एक समय की दुर्जेय औद्योगिक शक्ति का विनाश राज्य में सीपीआई (एम) के उदय का एक नक्शा है। हावड़ा, जो कभी पूर्व का शेफ़ील्ड के रूप में प्रसिद्ध था, कम्युनिस्टों के अधीन पश्चिम बंगाल के प्रमुख औद्योगिक कब्रिस्तान में बदल गया।

इसने बंगाल के औद्योगिक कायाकल्प के लिए एक नए अध्याय, एक ऐतिहासिक अवसर की घोषणा की। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजनीतिक स्वार्थ और सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) और विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के बीच एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ ने प्रस्ताव का अंधाधुंध राजनीतिक विरोध किया, जिसके कारण इसे रोक दिया गया।

अपनी फीकी पड़ती राजनीतिक संभावनाओं को मजबूत करने की कोशिश में, ममता बनर्जी ने हताशा में और जानबूझकर इस परियोजना को छोड़ दिया। उनके राजनीतिक अहंकार और आत्म-केंद्रितता ने इसे डूबने का कारण बना दिया। उनके पिछले पंद्रह वर्षों में, राज्य उस नासमझ हमले और प्रतिरोध से उबरने में विफल रहा है। राजनीतिक कारणों से संकटग्रस्त टाटा द्वारा राज्य से बाहर निकलने की घोषणा के साथ ही एक महान अवसर खो गया। पश्चिम बंगाल के लोगों ने यह अवसर खो दिया।

संभावनाओं से भरे भविष्य की उनकी उम्मीदें अनिश्चितता के धुंध में खो गईं। उस समय सत्तारूढ़ दल और विपक्ष दोनों ही राज्य को एक अंधेरी गली में धकेलने के लिए जिम्मेदार थे। यह गली आज भी अंधेरी बनी हुई है। रतन टाटा ने घोषणा की कि वे कार प्लांट को गुजरात के साणंद में स्थानांतरित कर रहे हैं। यह एक ऐसा प्लांट था जो अंततः 1100 एकड़ की एक बड़ी इकाई में विकसित होगा। उस समय नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। जब टाटा पश्चिम बंगाल से बाहर निकलने की घोषणा कर रहे थे, तो मोदी ने उन्हें स्वागत है संदेश भेजा, जिसके परिणामस्वरूप प्रस्तावित नैनो फैक्ट्री गुजरात में स्थानांतरित हो गई। मोदी ने टाटा से कहा कि यह परियोजना केवल उनकी नहीं, बल्कि हमारी है।

बाद में उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि उनके एक रुपये के एसएमएस ने गुजरात की औद्योगिक संभावनाओं को बहुत बढ़ावा दिया है। रतन टाटा ने बाद में कहा कि वे मोदी के हमेशा आभारी रहेंगे कि उन्होंने उन पर भरोसा जताया और उन मुश्किल दिनों में उन्हें गुजरात आमंत्रित किया। सिंगूर-टाटा नैनो फैक्ट्री के गुजरात में स्थानांतरित होने की कहानी तुच्छ राजनीतिक झगड़ों, घोर स्वार्थ, अहंकार और पश्चिम बंगाल के भविष्य और प्रगति के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता की कमी की कहानी है। राज्य में सत्तारूढ़ व्यवस्था के बीच वह मानसिकता और दृष्टिकोण अभी भी हावी है।

इसे खत्म करना होगा। तभी पश्चिम बंगाल का औद्योगिक कायाकल्प संभव दिखाई देगा।

# खान-पान का हमारे मन पर प्रभाव

> व्यापक दृष्टिकोण से, मांसाहारी भोजन का बड़े पैमाने पर उपभोग, मानव समुदाय पर पाप का बोझ डालने का एक तरीका है।



**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

यह सही कहा गया है कि हम वही हैं जो हम खाते हैं क्योंकि हम जो खाना खाते हैं उसका सीधा असर हमारी सोच पर पड़ता है और इसलिए यह इस बात के लिए महत्वपूर्ण है कि हम आखिरकार क्या बनते हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान द्वारा किए गए हाल के अध्ययनों ने सुझाव दिया है कि मानव शरीर स्वाभाविक रूप से मांसाहारी भोजन को पचाने और आत्मसात करने के लिए नहीं बना है। यही कारण है कि आज अधिकांश चिकित्सक अपने उन रोगियों को स्वस्थ शाकाहारी भोजन की सलाह देते हैं जो जीवनशैली संबंधी विकारों से पीड़ित हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों के साथ-साथ, दुनिया भर में किए गए व्यक्तिगत शोधकर्ताओं ने भी स्पष्ट रूप से बताया है कि जब किसी जानवर को मांस के लिए मारा जाता है, तो उसे डर, चिंता और दर्द का अनुभव होता है। उसके बाद उसके हार्मोनल स्राव उसके उपभोक्ताओं तक पहुंच जाते हैं।

इसलिए ऐसा आहार शरीर और दिमाग दोनों के लिए अस्वास्थ्यकर है। कई धर्मों में, मांसाहारी भोजन को न केवल इसलिए सख्त वर्जित किया गया है क्योंकि यह अन्य जीवित प्राणियों को दर्द और पीड़ा पहुँचाता है बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह अपने उपभोक्ताओं के लिए बुरे विचारों और दृष्टिकोणों का स्रोत है। दूसरे शब्दों में, मांसाहारी भोजन मांसाहारी जीवनशैली का प्रवेश द्वार है, एक ऐसी जीवनशैली जहाँ बुराइयाँ आराम से रहती हैं। यह समझना चाहिए कि जानवरों के प्रति मानवीय क्रूरता, खुद पर क्रूरता को आमंत्रित करने के अलावा और कुछ नहीं है। साथ ही, मनुष्यों द्वारा मांस के बड़े पैमाने पर उपभोग की वर्तमान प्रवृत्ति, अन्य जीवों के प्रति हमारे नज़रिए और उन्हें अपने अधीन करने की हमारी इच्छा को उजागर करती है।



व्यापक दृष्टिकोण से, मांसाहारी भोजन का बड़े पैमाने पर उपभोग, मानव समुदाय पर पाप का बोझ डालने का एक तरीका है। कोई भी शांति मार्च, कूटनीतिक संवाद और सम्मेलन, ग्रह पर शांति नहीं ला सकते, जब हम इस ग्रह पर असहाय प्राणियों की हताश चीखों का बोझ डाल रहे हों। हम जो बोएँगे, वही काटेंगे। यह बहुत ही विडंबनापूर्ण है कि दुनिया के बड़े पैमाने पर मांस खाने वाले विकसित देशों में पालतू जानवरों के इलाज के लिए कड़े कानून हैं और यह सुनिश्चित किया जाता है कि अगर पालतू जानवर को चोट पहुँचती है, तो मालिक को जेल भी हो सकती है। हालाँकि, इन्हीं देशों में, भोजन के लिए हर दिन लाखों जानवरों को मार दिया जाता है और फिर भी कोई जेल नहीं जाता। क्या यह आश्चर्यजनक नहीं है कि इतने सारे पशु प्रेमी मांसाहारी बने हुए हैं, क्योंकि वे ऐसे भोजन को बनाने में होने वाली क्रूरता से जुड़ने में असमर्थ हैं? इससे भी ज़्यादा चौंकाने वाली बात यह थी कि कुछ तथाकथित पशु-समर्थकों द्वारा जानवरों को मारने के लिए मानवीय तरीके खोजने की अजीबोगरीब सिफ़ारिश की गई थी। लेकिन यहाँ तर्क यह है कि एक दिन उसे मारने के लिए किसी जानवर को पालने से ज़्यादा अमानवीय क्या हो सकता है।

यह हर तरह से नैतिकता का उल्लंघन है। जानवरों की पीढ़ियों को घुटन भरी कैद में रखने से ज़्यादा क्रूर क्या हो सकता है जो उन्हें केवल एक निर्दयी अंत की ओर ले जाता है? और एक-दूसरे के सामने जानवरों को मारने से ज़्यादा क्रूर क्या हो सकता है? जब एक जानवर खून से लथपथ मर रहा होता है, तो दूसरा डर कर अपनी बारी का इंतज़ार करता है। यह बहुत अफ़सोस की बात है कि सहानुभूति रखने वाले इंसानों के पास इतनी कम दयालुता बची है कि वे बस मारने का कोई बेहतर तरीका सोच सकते हैं। अब समय आ गया है कि हम सभी को खुद से एक सवाल पूछना चाहिए।

हमारे विवेक को पश्चिम के किसी शोध संस्थान द्वारा स्वीकृत तर्कसंगत तर्क की ज़रूरत क्यों है, ताकि यह महसूस हो सके कि दूसरे जीवों को मारना क्रूरता का एक रूप है? हमें यह समझने के लिए तथ्यों और आंकड़ों की आवश्यकता क्यों है कि क्रूरता कभी भी किसी भी तरह के स्वास्थ्य को नहीं ला सकती है - चाहे वह मन हो, शरीर हो या पर्यावरण हो और दुनिया में शांति और सद्भाव ला सकती है?

क्या हम यह नहीं समझ सकते कि हिंसा को देखकर जो दिल नहीं भरता, वह दूसरे साथी मनुष्यों के लिए करुणा का स्रोत नहीं हो सकता? तो हम उन लोगों से कैसे उम्मीद कर सकते हैं जो दूसरे जीवों के लिए दया की भावना नहीं रखते हैं कि वे अपने समुदाय के लिए भाईचारे और क्षमा की भावना का पोषण करेंगे? क्या हम सिर्फ़ एक रास्ते पर चलते हुए दूसरे की मंज़िल की तलाश नहीं कर रहे हैं?

बस इस पर विचार करें और फिर तय करें कि मारना है या ठीक करना है। जब जीवन सभी के लिए कीमती है, तो खुद से ऊपर उठकर जीना सीखें। सभी के लिए जीने का अधिकार होना चाहिए न कि सिर्फ़ मानवाधिकार, तभी विश्व शांति आएगी।

## आप की बात

### सड़क दुर्घटनाएं

**सड़क** परिवहन मंत्रालय की रोड एक्सीडेंट्स इन इंडिया 2023 रिपोर्ट में दिए गए आंकड़े गौरतलब होने के साथ-साथ सबक लेने वाले भी हैं । रिपोर्ट के अनुसार 2023 में सड़क हादसों में 18 वर्ष से कम आयु के 9489 बच्चों की मौत हुई है यानी देश में हर दिन 26 बच्चों को खो दिया है । दुखद पहलू है कि इनमें से 2537 बच्चों की मौत ड्राइविंग (बिना लाइसेंस) करते हुए हुई यानी हर दिन करीब सात नाबालिक चालकों ने जान गंवाई । इन सड़क हादसों में प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश तो मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर है । मौतों की सबसे बड़ी वजह ओवर स्पीडिंग के कारण हुई, इसमें दो पहिया और पैदल वाले सबसे ज्यादा शिकार हुए । यह रिपोर्ट सभी माता-पिता व पलकों के लिए नसीहत लेने वाली है कि वह अपने बच्चों को जी जान से प्यार करते हैं, तो नाबालिक को कतई वाहन चलाने हेतु ना दे । जब तक बालक पूरी तरह से बालिग व परिपक्व न हो जाए । क्योंकि सड़कों पर देखने में आता है कि बेतरतीब ओवरटेक, जल्दबाजी व हाई ओवर स्पीड मुख्यतः दुर्घटनाओं के कारण होते हैं। हेलमेट के प्रति इतनी जागरुकता के बाद भी हेलमेट की अनदेखी करना भी मौतों का मुख्य कारण है । इसलिए सड़क पर जो भी वाहन चला रहे हैं, वह कम से कम इस बेशकीमती जिंदगी से इतना प्यार करें कि सड़क पर मौत को गले न लगाना पड़े ।

**- हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### डिजिटल अरेस्ट का डर

**आज** का शिक्षित वर्ग स्वयं को डिजिटल भारत का अग्रदूत मानता है। हर नई तकनीक, हर नया ऐप, और हर ऑनलाइन सेवा उनकी जिज्ञासा का केंद्र होती है। मैं तो डिजिटली एक्टिव हूं, यह वाक्य उनकी पहचान बन चुका है। परंतु इस डिजिटल सक्रियता के चलते वे एक ऐसी नई प्रजाति के शिकार हो रहे हैं, जिसे हम डिजिटल लुटेरे कह सकते हैं। अब लुटेरे सिर्फ एक फोन कॉल पर आते हैं। तकनीक के इस युग में लुटेरे इतने डिजिटल हो गए हैं कि वे हमारे खाते खाली करने के लिए सिर्फ हमारी जानकारी पर निर्भर हैं। लुटेरों ने तकनीक को अपना हथियार बना लिया है। वे जानते हैं कि हर शिक्षित व्यक्ति अपनी सारी जानकारी ऐप्स, वेबसाइटों और सोशल मीडिया पर डालने में गर्व महसूस करता है। और यह जानकारी? हम खुद अपनी खुशी-खुशी हर ऐप पर डालते रहते हैं, जैसे यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य हो। किसी ने खाना मंगाया, तो पता ऐप पर, किसी ने बिल भरा, तो कार्ड डिटेल्स ऐप पर, किसी ने डॉक्टर से परामर्श लिया, तो स्वास्थ्य जानकारी ऐप पर। मानो जीवन का हर पहलू अब ऐप पर ही टिका हुआ है। दरअसल, यह शिक्षित वर्ग डिजिटल इंडिया का वह नायक है, जो बटन दबाकर बैंकिंग करता है, चेहरे की मुस्कान से स्क्रीन अनलॉक करता है और सोशल मीडिया पर निजी पल/जानकारियां शेयर करने के बिना तो सुबह की चाय तक नहीं पीता।

**- आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

### नोट लो, वोट दो

**महाराष्ट्र** में चुनावी माहौल के अंतर्गत भाजपा के महासचिव पर वोट के बदले नोट बांटने का आरोप लगाश गया है। साथ ही उनपर पुलिस ने उनपर व वहां के उम्मीदवार पर एफआईआर भी दर्ज कर 9 लाख से अधिक नोट भी जब्त किये हैं. जबकि विनोद तावड़े ने इसे विपक्ष का षड्यंत्र बताया है. नोट, गिफ्ट व अन्य सामान मतदान के पूर्व बांटने की परिपाटी आज से नहीं बल्कि बरसों से चली आ रही है। सामान्य बात है कि सभी राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे पर हमेशा से ही आरोप-प्रत्यारोप भी लगाती रही हैं। जबकि इसका नतीजा कुछ भी नहीं निकलता है. बस क्षणिक थोड़ी हलचल होती है बाद में वो भी बंद हो जाती है. इन सब बातों का निष्कर्ष यही निकलता है कि देश से भ्रष्टाचार समाप्त होने वाला नहीं. क्योंकि जब नोट के बदले वोट की राजनीति करके अगर सरकार बनती है तो वहीं सरकार नई नीयत और नियति साफ़ हो जाती है. तब कैसे भ्रष्टाचार ख़त्म होगा? ये सोचने वाली बात है. जब तक नोट के बदले वोट फिर चाहे वो चोरी-छिपे ही क्यों न हो ये बंद नहीं होगा और सरकार की इच्छाशक्ति इसे विरूद्ध नहीं जागेगी तब तक भ्रष्टाचार फलता-फूलता ही रहेगा। इसे समाप्त करने के बारे में सोचना भी बेमानी रहेगा।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### दुनिया में भारत

**कई** सालों से सुखद भविष्य की कल्पना करते-करते दुनियां आज उसे मुकाम पर आ टिकी है जहां उसके अस्तित्व के प्रति गंभीर खतरा नजर आ रहा है। रूस - यूक्रेन, गाजापट्टी में भीषण संघर्ष जैसे तमाम युद्ध न केवल मानव के विनाश का कारण बने हैं बल्कि इनसे आने वाली पीढ़ी और उसका सुरक्षित भविष्य भी अंधकार की गर्त में चला गया है। भीषण जलवायु बदलाव, अनियंत्रित होता तापमान और तपती धरती, जहरीले रसायनों का अंधाधुंध उपयोग और लाइलाज बीमारियों की वजह बनता प्रदूषण आज सब कुछ सुरक्षित मानव जीवन के अनुकूल नहीं बचा है। महाशक्तियों में टकराव एक नई चिंता है जो तीसरे विश्व युद्ध की आशंका पैदा करती है। वैश्विक शांति के अग्रदूत भी बड़ी-बड़ी बातों के ही धनी रह गए हैं पीठ पीछे खतरनाक शस्त्रों की पूर्ति और उकसावे की राजनीति करके अपना वर्चस्व बढ़ने की होड़ में ही लगे नजर आते हैं। ऐसे में भारत भले ही विश्व शांति का पक्षधर है लेकिन अकेला चना क्या भाड़ फोड़ेगा, आज यह अहम प्रश्न है।

**- अमृत लाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# एथेनॉल प्लांट बंद करने को लेकर चल रहे आंदोलन के दो माह पूर्ण

## आन्दोलनकारियों ने विधायक तूलेश्वर मरकाम से की भेंट, गोन्डवाना गणतंत्र पार्टी के विधायक ने विधानसभा मे इस मुद्दे को उठाने का दिया भरोसा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रांका और पथर्रा मे बदबूदार एथेनाल प्लांट को विस्थापित करने की मांग को लेकर विगत दो माह से शान्ति पूर्ण आन्दोलन अनवरत जारी है। आन्दोलन को दो महिने पूरे हो चूकें। आन्दोलन से न्यायालय तक आन्दोलनकारी निरन्तर सक्रीय हैं। इस बीच उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा कमिश्नर दुर्ग को जांच करने का निर्देश भी जारी किया गया है,वहीं आन्दोलन कारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल गोन्डवाना गणतंत्र पार्टी के विधायक तुलेश्वर मरकाम से मुलाकात कर किसानों की परेशानियों और चिंताओं तथा आशंका से अवगत कराकर इस मुद्दे को विधानसभा मे उठाने का निवेदन किया है। जिस पर मरकाम द्वारा प्रतिनिधिमण्डल की बात को गंभीरता से लेते हुए आगामी शीतकालीन सत्र मे विधानसभा मुद्दे को उठाने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही किसानो के आन्दोलन मे शीघ्र ही धरना स्थल आकर समर्थन देने का



भी वायदा किया है। आन्दोलनकारियों ने विधायक मरकाम इस प्लान्ट की अनियमितता के सभी दस्तावेज सौपें। साथ ही उद्योग पति के इशारे पर किस तरह आन्दोलनकारियों पर बेमेतरा जिला प्रशासन द्वारा झूठे मुकदमे दायर करने की जानकारी से भी अवगत कराया। धान कटाई के बाद एक बार फिर से आन्दोलनकारियों ने नए रणनीति के साथ जागरूकता अभियान चलाने का निश्चय किया है।तथा जिला प्रशासन द्वारा किस तरह ग्रामीणों के साथ झूठा व्यवहार कर उद्योग पति के हित मे काम किया जा रहा है,उसे जिला मुख्यालय मे जागरूकता अभियान चलाकर उजागर करने की योजना बनाई गई है।किसानों की ओर से किसान संघ संयोजक प्रमिल तिवारी, अमिताभ मिश्रा और सरपंच ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं पूर्व मंत्री गूरूगोसाई रूद्रगूरू से मुलाकात की तो वहीं सिददीक खान, भरत साहू, घनारराम निषाद, चंदन साहू, ऋषि साहू, रामलाल साहू आदि ने कालेश्वर मरकाम से भेंट की। इस बीच गुरू गोसाई रूद्र कूमार डा सूनीलम और पद्मश्री राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता राकेश तिवारी द्वारा भी शीघ्र ही धरना स्थल आकर किसानों को समर्थन देने का आश्वासन दिया गया है। धान कटाई एंव खेती किसानी मे व्यस्तता के चलते अभी तक जहां आन्दोलन मे सुस्ती देखी जा रही थी, उसमे अब तेजी लाने का प्रयास प्रारंभ हो चूका है। ग्राम पंचायत पथर्रा द्वारा ग्रामीण पगडन्डी पर भारी वाहन निषेध का बोर्ड लगाया कर चेताया गया है, परन्तु फेक्ट्री प्रबंधन द्वारा इसका खेला उल्लंघन करने पर भी प्रशासन कोई कार्यवाही करने की बजाय मूक दर्शक बन जा रहा है, जबकि शान्ति पूर्ण आन्दोलन करने वाले ग्रामीण पर ताबड़तोड़ झूठी एफआईआर कर मुकदमा दायर किया गया है। जिससे आन्दोलनकारियों मे प्रशासन के दोहरे रवैये से भारी आक्रोश है। यही कारण है कि खेती किसानी की व्यस्तता के बाद भी किसानो द्वारा हर संभव प्रयास इस प्लान्ट को बंद करने के लिए निरन्तर जारी है। वहीं दो माह से इस प्लान्ट के प्रारंभ होने की अफवाह भी उड़ाई जाती रही है, परन्तू एक दिन धुआं उगलना के बाद अभी प्लान्ट प्रारंभ नही हो पाया है, जिसे अफवाह से किसानो के मनोबल तोड़ने के रूप मे देखा जा रहा है।

# जिले में अब तक 29135.80 मेट्रिक टन धान की खरीदी



पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु गत् वर्ष की भांति समितियों अंतर्गत स्थापित 143 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से की जा रही है। अब तक 7433 किसानों से कुल 29135.80 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। उन्होने बताया कि सभी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सुचारू रूप से की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार सभी खरीदी केन्द्रों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। जो किसान अपना संपूर्ण धान विक्रय कर लिए है। उनसे सहमति के उपरांत उनके शेष धान के रकबे का रकबा समर्पण की कार्यवाही करते हुए उनका शेष रकबे को लॉक किया जा रहा है। जिससे की कोई भी कोचिया या व्यापारी उनके शेष रकबे पर अपना धान का विक्रय ना कर सके। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राजस्व, खाद्य, मंडी एवं सहकारिता विभाग का संयुक्त जांच दल गठन किया गया है, जो कोचिया एवं व्यापारियों के प्रतिष्ठानो में जांच कर रहे है। उन्होने बताया कि 19 नवंबर 2024 की स्थिति में ग्राम डढारी के सुरेश कुमार साहू से 40 क्विंटल धान, ग्राम कुसुमकसा के कृपाराम सिन्हा से 36.80 क्विंटल धान, ग्राम गुजरा के नरेश कुमार भुआर्य से 31.20 क्विटल धान।

# जिला अस्पताल में जनऔषधि केन्द्र बंद होने के कगार पर : डॉ सौरभ निर्वाणी

### छत्तीससगढ़ी महासभा ने जताया ऐतराज बाहर की महंगी दवाई न लिखें धरती के भगवान

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार मरीजो को महंगी दवाई की मार से बचाने के लिए शासकीय अस्पतालों के परिषर में जनऔषधि केंद्र के संकल्पना और उद्देश्य से सस्ती दवाओं के सहज उपलब्धता के लिए जन औषधी केंद्र खुलवाये,बहुत ही कम दाम में मरीजों के लिए उनके परिजनों को दवाएं उपलब्ध हो जाये, अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने जिला अस्पताल के



इमरजेंसी वार्ड में चिकत्सकों से मिलकर, डाक्टरो के अनएथिकल प्रैक्टिस बिहैवियर पर आपत्ति दर्ज कराई, उन्होंने सीएचएमओ डॉ. यशवन्त ध्रुवे से कहा कि महंगी दवाई न लिखें धरती के भगवान,जन औषधि केंद्रों में मिलने वाली एक ही रसायनिक मिश्रण की 5 रुपैये की दवाई बाहर 19 रुपये की मिलती है लगभग 4 गुना महंगा और कई बार तो 8 से 10 गुना महंगा भी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशवन्त ध्रुवे ने छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ निर्वाणी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि पूर्व में भी जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों को एडवाइज़री जारी की गई थी, लेकिन इस बार उन्हें सख्त हिदायत दी जाएगी, उन्होंने छत्तीससगढ़ी महसभा के कार्यकर्ताओं के सजगता और जागरूकता के लिए धन्यवाद भी दिया, जिला चिकित्सालय परिसर में जन औषधि केंद्र संचालक दिलीप साहू ने बताया की सभी दवाई स्टॉक में रहता है जो शासन के निर्देशों के तहत किसी भी जन औषधि केन्द्र में होने चाहिए पर उपलब्ध कंपोजिसन के बावजूद डॉ. लिखते नही हैं और मरीज के परिजनों को महंगे दर पे वही दवाई बाहर जा कर मजबूरी में लेनी पड़ती है, छत्तीसगढ़ी महसभा के संयोजक डॉ.सौरभ निर्वाणी को उन्होने उपलब्ध स्टॉक को भी दिखाते हुए कहा कि केंद्र सरकार की सबसे जन कल्यणकारी योजना का वैसा लाभ मरीजों को नही मिल पा रहा है, स्थिति में सुधार होना चहिए। डॉ निर्वाणी ने विधायक दीपेश साहू से मुलाकात कर उन्हें भी स्थिति की जानकारी देने की बात कही है।

# धान उपार्जन केन्द्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा मिलने से जिले के किसान काफी खुश

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में राज्य में किसानों के हित में लगातार योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष पहल की जा रही है। वर्तमान में धान खरीदी महाभियान के अंतर्गत किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्रों मे धान विक्रय किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को त्वरित रूप से धनराशि उपलब्ध कराने जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा प्रदान की गई है। माइक्रो एटीएम की सुविधा मिलने से किसानों को अब अपनी जरूरतों के अनुसार धान उपार्जन केन्द्रो में 02 हजार से लेकर 10 हजार रूपये तक की धनराशि अपने एटीएम कार्ड के माध्यम से निकाल पा रहे हैं। धान उपार्जन कैन्द्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा मिलने से जिले के किसान काफी खुश हैं उन्हें अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने हेतु राशि निकालने के लिए बैंक का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। उन्हें उपार्जन केन्द्र मे ही आसानी से धनराशि प्राप्त हो पा रही है। माइक्रो एटीएम की सुविधा लेने वाले नया पारा बालोद के किसान दानी साहू ने बताया कि शासन द्वारा दी गई यह सुविधा हम किसानों के लिए काफी मददगार साबित हुआ है। उसने बताया कि जब फसल पककर तैयार हो जाती है तो उसे काटने और धान के रूप में उपार्जन केन्द्र तक लाने में काफी व्यस्तता रहती है। ऐसे समय में हमें फसल कटाई हेतु मजदूरों के मजदूरी भुगतान, धान की मिंजाई सहित धान उपार्जन केन्द्र तक धान के परिवहन हेतु भुगतान के लिए धनराशि की काफी जरूरत होती है। ऐसे व्यस्त समय में हमें पहले बैंक या दूर स्थित एटीएम का चक्कर लगाना पड़ता था। लेकिन अब उन्हे धान उपार्जन केन्द्र में ही माइक्रो एटीएम की सुविधा मिल जाने से मजदूरी भुगतान, परिवहन हेतु भुगतान सहित अन्य छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में काफी सहुलियत मिली है।

# सरकार की नीति राज्य को डोलता छत्तीसगढ़ बनाने की : मोनेश बंछोर

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शराब उपभोक्ताओं के लिए एक नया मोबाइल एप्लीकेशन मनपंसद ऐप शुरू किया गया है। इसके जरिए ग्राहक शराब की उपलब्धता, दुकानों, ब्रांडों और कीमत से जुड़ी जानकारी हासिल कर सकेंगे। इस नए एप्लीकेशन के शुरू होने के बाद सत्तारूढ़ बीजेपी और विपक्षी कांग्रेस के बीच जुबानी जंग शुरू है। इस तरह ऐप जारी होने के बाद कांग्रेस नेता मोनेश बंछोर ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि इन नीतियों से गली-गली में शराब बहने लगेगी। आम जनता परिवार के साथ भोजनालय, होटलों, ढाबों में शराबियों से रुबरु होगी. भाजपा सत्ता में आने के बाद प्रति वर्ष 11000 करोड़ रु या अधिक की शराब बेचकर प्रदेश को डोलता छत्तीसगढ़ बनाने में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केवल सरकार चलाने राजस्व बढ़ोतरी के लिए धान के कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ को शराब का कटोरा बनाने में तुली है। सरकारी स्कूलों, अस्पतालों में पैसों के लेनदेन के लिए क्यू आर कोड सुविधा नहीं है लेकिन शराब दुकानों में है। उन्होंने कहा कि जनता में आक्रोश है कि सत्ता के लिए झूठे आंदोलन करने वाली पार्टी प्रदेश को शराबमय बना दी है। जिससे प्रदेश में प्रतिदिन आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है।

# शासकीय आयोजन स्थल बन कर रह गया है खेल मैदान

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



एक ओर सरकार कहती है खेलो इंडिया, दूसरी तरफ बालोद में खिलाड़ियों से छीना जा रहा मैदान। खिलाड़ियों की परेशानी को देख सामने आए छग एथलेटिक्स संघ प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ लूनिया बालोद स्थित सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम जो कि बालोद नगर के दानदाता सरयू प्रसाद अग्रवाल के द्वारा अपनी जमीन का दान स्थानीय खिलाड़ियों को खेल सुविधा हेतु स्टेडियम निर्माण के लिए दिया गया था। लेकिन वर्तमान में यह स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए कम बल्कि शासकीय आयोजनों के लिए महज आयोजन स्थल बन कर रह गया है। जिसके चलते बालोद जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से खिलाड़ी, शासकीय विभाग में नौकरी के लिए फिजिकल तैयारी करने वाले बेरोजगार युवा सहित अन्य लोग स्टेडियम पहुंचते है। लेकिन कुछ दिनों के अभ्यास के बाद मैदान से इन्हें हटा दिया जाता है तथा मैदान को जिस खिलाड़ियों के लिए बनाया गया उसका लाभ उन्हीं खिलाड़ियों को नहीं हो पाता। वहीं इन दिनों सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में वन विभाग द्वारा आयोजित सीधी भर्ती के लिए स्टेडियम का अधिग्रहण कर लिया गया तथा स्टेडियम अपने अभ्यास के लिए पहुंचने वाले युवाओं और खिलाड़ियों को वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मैदान के भीतर आने से रोक लगा दिया गया। वहीं खिलाड़ियों द्वारा जिस जगह प्रेक्टिस किया जाता था उस स्थान पर बड़े बड़े गड्ढे कर दिये गये हैं। यही नहीं अगर खिलाड़ी तथा छोटे छोटे बच्चे स्टेडियम में चले जांए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की बात कहकर बाहर जाने की धमकी विभागीय लोगो द्वारा दी जा रही थी जिसको लेकर स्थानीय खिलाड़ियों ने प्रशासन के इस रवैए का कड़ा विरोध करते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर और प्रदेश एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ लूनिया सहित अन्य जगहों पर किया गया। वहीं इस पूरे मामले को लेकर जिले के खिलाड़ियों कि माने तो स्टेडियम का निर्माण खिलाड़ियों के लिए किया गया था। लेकिन पिछले कुछ समय से ये स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए कम और सरकारी आयोजनों के लिया ज्यादा उपयोग में आने से खिलाड़ियों को इस स्टेडियम का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि मामले को लेकर छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ लूनिया ने कहा मामला उनके संज्ञान में आने के बाद तत्काल उनके द्वारा जिले के कलेक्टर से बातचीत की गई तथा स्टेडियम के खेल मैदान का उपयोग सिर्फ खिलाड़ियों के लिए किए जाने की मांग की गई है तथा आने वाले दिनों में इस मैदान का उपयोग सिर्फ खिलाड़ियों के लिए हो ताकि जिले के खेल प्रतिभा को किसी भी तरह का कोई दिक्कत ना हो।

# विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्य की बैठक



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में जिले के समस्त हाई, हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्यो एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में उपस्थित कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हम इस वर्ष शिक्षा गुणवत्ता वर्ष मना रहे हैं, अतः सबसे महत्वपूर्ण बात यहीं है कि सभी प्राचार्य, विद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता हेतु आवश्यक कार्य योजना बना कर उसे क्रियान्वित करने की दिशा मे अपना संपूर्ण प्रयास करें। कमजोर विद्यार्थियों का चयन कर उनकी उपचारात्मक शिक्षा हेतु एवं मेधावी विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन कक्षाओं का आयोजन करें। जिला प्रशासन प्रतिभावान बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग, एन.डी.ए. प्रवेश परीक्षा के लिए सेना के अधिकारियों के द्वारा मार्गदर्शन, साथ ही प्रदेश के उत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों आई.आई. टी., एम्स, आई.आई.एम., एन. आई. टी., लॉ यूनिवर्सिटी, ट्रिपलआईटी आदि में शैक्षणिक भ्रमण की व्यवस्था करने का प्रयास कर रहा है। इस वर्ष हमारे जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम में अपेक्षित सुधार हेतु कलेक्टर ने निर्देश दिए।

# विधायक दीपेश साहू ने जोहार भेंट मुलाक़ात के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्या

## कहा क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए अपने कर्तव्यों को पूरा करते रहूंगा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जनता की सुविधा और समृद्ध बेमेतरा के संकल्प के साथ विधायक दीपेश साहू द्वारा बेमेतरा विधानसभा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। समाज सेवक के साथ ही एक जनप्रतिनिधि के रूप में भी जनता के हर सुख-दुःख में साथ रहने वाले विधायक दीपेश साहू ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बेरला मे जोहार भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम की शुरुवात कर क्षेत्र की देवतुल्य जनता जनार्दन से जोहार भेंट मुलाक़ात कर क्षेत्र से प्रमुख विषयों और जनता के सुझाव व क्षेत्र के विकास हेतु ग्राम वासियों और क्षेत्रवासियो से चर्चा किया गया। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि इस जोहार भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम से हमारा मुख्य उद्देश जनता से सीधे संवाद और क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों को जानना है ताकि उसका सही समय पर उचित निराकरण हो सकते और जनता की समस्याओं के



समाधान के साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित हो सके। जनाकांक्षाओं की पूर्ति हो या समृद्ध व खुशहाल बेमेतरा बनाने का हमारा जो संकल्प है उसे पूरा करने के लिए जनता के सहयोग व सुझाव को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों को पूरा करने हम कटिबद्ध है। बेरला मे जोहार भेंट मुलाक़ात के माध्यम से क्षेत्रवासियों को उनके गाँव के नजदीक ही शासकीय योजनाओं की जानकारी व उसके लाभ के साथ ही स्थानीय मुद्दों, उनकी आवश्यकताओं व समस्यों का त्वरित निराकरण की सुविधा उन्हें मिलेगा , जिसके लिए उन्हें जिला अथवा तहसील कार्यालय आने-जाने की असुविधा नहीं उठाना पड़ेगा। विधायक दीपेश साहू ने कहा की हमारा लक्ष्य है कि जनता को मूलभूत सुविधाएँ और शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक मिल सके, सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता एवं क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी सीधे जनता से संवाद करने पर स्पष्ट रूप से सामने आते हैं साथी उनके निराकरण के लिए बेहतर सुझाव भी जनता के द्वारा हमें मिलते हैं जिसे पूरा करने का प्रयास हमेशा ही हमारा प्राथमिकता रहता है। हमें पूरा विश्वास है कि इस जोहार भेंट मुलाक़ात के माध्यम से अब उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा साथ ही मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर समृद्ध बेमेतरा का हमारा संकल्प भी जन सहयोग व सुझाव से जरुर पूरा होगा। मैं सभी क्षेत्रवासियों को इसके लिए बधाई देता हूँ।

# जिला पंचायत सीईओ डॉ. कन्नौजे की सराहनीय पहल, उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कर बेहतर कार्य करने वाले सरपंच-सचिवों का किया गया सम्मान

## गांवो के सर्वांगीण विकास में सरपंच, सचिवो की होती हैं महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. सजंय कन्नौजे









पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे (आइएएस) के द्वारा जिले में प्रारंभ नवाचार को आगे बढ़ाते हुए जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में गुंडरदेही जनपद पंचायत के सरपंच, सचिव, अधिकारी, कर्मचारियों को पूष्प गुच्छ भेट करते हुए सम्मानित किया गया एवं उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सरपंच, सचिव एवं अधिकारी व कर्मचारियों को इस हेतु प्रशस्ति पत्र भी वितरित किया गया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे के द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, एनआरएलएम के लंबित कार्यो को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने को कहा गया तथा अपने ग्रामो को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु विशेष पहल करने के साथ ही ÷एक पेड मॉं के नाम' महाअभियान में हिस्सेदारी लेते हुए सभी को अपनी माता के नाम से वृक्षारोपण कर रोपित पौधो की सुरक्षा एवं देखभाल करने अपील किया गया तथा इस अभियान में ग्रामीण जनो को प्रोत्साहित कर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं जल-संचय तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया।

### स्वच्छ एवं सुपोषित पंचायत की दिशा में करें कार्य

इसी क्रम में उन्होंने 15वें वित्त की राशि से जेम पोर्टल में खरीदी करने व किये गये कार्यों कि जियो टेग हेतु पोर्टल में एण्ट्री करने तथा अपने ग्राम पंचायतो के आय के स्त्रोत बढ़ाने के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए सरपंच, सचिव को कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि गांवो के सर्वांगीण विकास में सरपंच, सचिवो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, अतः आप पंचायतीराज के तहत 29 प्रकार के सभी सेवाओ के कार्य का अपने ग्राम पंचायत में जानकारी देते हुए स्वच्छ व सुपोषित पंचायत की दिशा में कार्य करें।

### प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

उक्त कार्यक्रम में शासन की महत्वूपर्ण योजनाओ का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन करने वाले सुशीला देवागंन सरपंच ग्राम पचांयत मोहंदीपाठ, संतोषी सिन्हा सरपंच ग्राम पचांयत गब्दी, प्रतिभा देवदास सरपंच कान्दुल, अजोर सिंह निषाद सरपंच ग्राम पंचायत धनगांव, कुलदीप साहू सरपंच ग्राम पंचायत परसदा (डंग), कमलेश्वरी यादव सरपंच ग्राम पंचायत परना, रामेश्वर चन्द्राकर ग्राम पंचायत कुथरेल, खिलेन्द्र कुमार साहू सरपंच ग्राम पचांयत देवरी (ख), ओमप्रकाश साहू सरपंच ग्राम पंचायत किलेपार, चुकेश्वर साहू सरपंच ग्राम पचांयत चिरचार, ओंकार बेलचन्दन सरपंच ग्राम पचायत सिब्दी, संजय कुमार साहू सरपंच ग्राम पचांयत कुरदी, रूपम कुमार देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत पैरी, आरोप चन्द्राकर सरपंच ग्राम पंचायत सिकोसा, मीना देवागंन सचिव ग्राम पंचायत गब्दी, रेखराम साहू सचिव ग्राम पंचायत कान्दुल, रोशन देशमुख सचिव ग्राम पंचायत परसदा (डंग), अंजू मकोड़े सचिव ग्राम पंचायत परना, बसंत साहू सचिव ग्राम पंचायत कुथरेल, गुलाबचंद साहू सचिव ग्राम पंचायत, देवरी (ख), दुलेश्वरी साहू सचिव ग्राम पंचायत चीरचार, डिलेश्वर अमृत सचिव ग्राम पंचायत सिब्दी, कुमलाल साहू सचिव ग्राम पंचायत कचान्दुर, सुरेश कुमार साहू सचिव ग्राम पंचायत बिरेतरा, सोनकुंवर साहू सचिव ग्राम पंचायत पैरी, नरेन्द्र कुमार पटेल सचिव ग्राम पंचायत सांकरी, दशरथ निषाद सचिव ग्राम पंचायत खप्परवाड़ा, सुरेन्द्र कुमार चन्द्राकर करारोपण जनपद पंचायत गुण्डरदेही, निखिल श्रीवास्तव, कोमल कश्यप तकनीकी सहायक जनपद पंचायत गुंडरदेही, मनीष कुमार साहू कम्प्यूटर आपरेटर (प्र.मं.आ.यो.ग्रा.) जनपद पंचायत गुंडरदेही को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा अन्य ग्राम पंचायतो के सरपंच व सचिवो को बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उप-संचालक पंचायत, सहायक परियोजना अधिकारी, मनरेगा, पीएम आवास, एनआरएलएम, एसबीएम एवं जनपद पंचायत गुंडरदेही सीईओ एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पंजाब एण्ड सिंध बैंक दल्ली राजहरा के नये ब्रांच में एटीएम का लोकर्पण



पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पंजाब एण्ड सिंध बैंक दल्ली राजहरा के नये ब्रांच में एटीएम का लोकर्पण बैंक प्रबंधक पास्कल टोप्पो, जूनियर बैंक प्रबंधक आर दिलीप कुमार, कैशियर राजविंदर कौर अनूप कुमार पाण्डे, लोमेश पटेल बोधन साहू सहित ग्राहकों के उपस्थिति में पंडित से विधि विधान से पूजा अर्चना करा कर उद्घाटन किया गया। ज्ञात रहे कि बैंक के ग्राहक लगातार एटीएम की मांग कर रहे थे,उन्हें रूपये निकालने दूसरे बैंक के एटीएम में जाना पड़ता था। जिसका निराकरण होने से पंजाब एण्ड सिंध बैंक धारकों में हर्ष व्याप्त है। समस्त बैंक धारकों ने बैंक प्रबंधक टोप्पो का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर टोप्पो ने कहा की बैंक में आने वाले ग्राहक को सुविधा देने हम सभी बैंक के अधिकारी व कर्मचारी की पहली प्राथमिकता होती है साथ ही उन्होंने यह भी कहा की यह बैंक देश की आजादी के पूर्व की है। उन्होने आगे कहा की बैंक के पासबुक धारक हैं,तो बैंक है और उसके बाद ही हम सभी बैंक के अधिकारी कर्मचारी हैं। इनकी सेवा ही हमारा पहला दायित्व बनता है।

### उत्तम दुबे का निधन



**बेमेतरा।** जिले के पत्रकार एवं सिटी प्रेस क्लब के संरक्षक महेश दुबे के बड़े भाई उत्तम दुबे 65 साल का अकस्मात निधन हो गया है, जिसका अंतिम संस्कार बेमेतरा के सिंघोरी वार्ड में स्थित मुक्ति धाम में किया गया। जहां पर स्वजनों के अलावा समाज एवं अन्य समाज के नागरिकों ने दुबे को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में ग्राम बीजाभाट तथा बेरला सहित कई धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया निरीक्षण में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को किसानों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया इस दौरान पूर्व विधायक ने निरीक्षण में पाया कि धान खरीदी केदो में पर्याप्त मात्रा में बारदाने नहीं है बारदानो की कमी है कई धान खरीदी केंद्र में 50 प्रतिशत ही मात्रा बारदाने हैं और कहीं उसे भी कम साथ ही साथ किसानों ने विधायक पूर्व विधायक को बताया कि धान खरीदी केंद्रों में धान गीला है कहकर किसानों को लौटाया जा रहा है उनके धान नहीं खरीदी किये जा रहे हैं इसी तरह भाजपा सरकार ने घोषणा की थी कि धान खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से एक मुफ्त राशि किसानों के खातों में दी जाएगी जबकि धान बेचने वाले किसान बता रहे हैं कि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर 2320 रुपए ही धान के प्रति क्विंटल के हिसाब से उनके खातों में राशि भेजी गई है इस तरह भाजपा सरकार?3100 में धान खरीदने का ढोंग कर रही है तथा किसानों को एक मुफ्त 3100 रुपए राशि देने का छलावा कर रही है इसी तरह किसानों ने पूर्व विधायक को बताया कि धान खरीदी केदो में तौल में भी बहुत अंतर है कहीं प्रति बोर 40 क्विंटल 700 ग्राम धान की तौले की जा रही है तो कहीं 41 क्विंटल 200 ग्राम धान की तौले की जा रही है इस तरह किसानों के गाड़ी कमाई में भाजपा सरकार डडी मार रही है पूर्व विधायक ने धान खरीदी केंद्रों में भारी अवस्था को भी देखा पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने इस संबंध में प्रशासन से बात करने की बात कही है तथा किसानों के साथ हो रहे अन्य को लेकर जल्द ही बड़ा कदम उठाने की बात कही है पूर्व विधायक को किसानों ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों में किसानों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जा रहा है धान तौलाई के नाम पर किसानों को परेशान कर रहे हैं इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि अभी तो धान खरीदी का प्रारंभ ही हुआ है ऐसे में अगर व्यवस्था ठीक नहीं की गई तो किसानों के पूरे धान निर्धारित समय में खरीदे नहीं जा सकेंगे आज किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं भाजपा सरकार से किसानों का मोह भंग हो चुका है भाजपा सरकार मात्र किसानों को भर्रमा के उनका वोट लेना ही जानती है किसने की समस्याओं से भाजपा को कोई लेना-देना नहीं है जिस तरह की व्यवस्था धान खरीदी केंद्रों में पंनपी है उससे जाहिर है भाजपा धान खरीदी को लेकर गंभीर नहीं है इस धान खरीदी केंद्र निरीक्षण के दौरान उपस्थित मोहित वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति विजय बीजाभाट महानंद यादव लोकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा शशि प्रभा गायकवाड सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला भारत भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला मोनल सिन्हा जितेन जोशी सुनील जैन नेहा सुराना हेम सिंह वर्मा भागेलाल दिलीप यदु ओम प्रकाश साहू सहित किसान उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनो की विभिन्न समस्याएं

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए है, जनदर्शन में आज तहसील अड़भार निवासी रमेश जाटवर ने पट्टा जारी करने के संबंध में, तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम देवरीमठ निवासी मती समारीन बाई ने पीडब्लूडी रोड में अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा दिलाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत नंदौरकला निवासी फिरत सिंह ने मजदूरी राशि दिलाने के संबंध में, तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम कचंदा निवासी घनश्याम चंद्रा ने नक्शा बटांकन करने के संबंध में, तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम सिंघीतरई निवासी अमृत दास ने भूमि का कब्जा दिलाने के संबंध में, तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम देवरीमठ निवासी बाबूलाल ने ऋण पुस्तिका में खसरा एवं रकबा दर्ज कराने के संबंध में, तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम परसदा निवासी पंचराम ने सड़क निर्माण में अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा राशि दिलाने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम कुरदी के समस्त ग्रामवासियों द्वारा ग्राम कुरदी को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने के संबंध में, तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम मल्दाकला निवासी खेमराज कश्यप द्वारा शासकीय हाई स्कूल मल्दा को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम रगजा निवासी त्रिभुवन प्रसाद चौधरी ने नहर में अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा राशि दिलाने के संबंध में, जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कैथा सरपंच द्वारा नल-जल योजना के तहत पानी के लिए बिछाए गए पाइपलाइन के लिए खोदे गए गली को मरम्मत करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम करारी निवासी गुरबारी ने नवीन राशन कार्ड बनाए जाने के संबंध में, तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम सकरेली निवासी खुशराम साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में, तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम रानीगांव निवासी गणेश राम साहू ने पीएम किसान सम्मान निधि का राशि नहीं मिलने के संबंध में, तहसील बाराद्वार अंतर्गत ग्राम किरारी निवासी मती भगवंती बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दिलाये जाने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम बड़ेमुड़पार निवासी ताराचंद सिदार ने आवास प्लस में नाम जोड़ने के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया द्य जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है।

# चांपा के दर्जन भर सुलभ में नहीं केयर टेकर टेंडर निकालने रुचि नहीं ले रहे अफसर

## जनता के पैसे की हो रही बर्बादी, लोग खुले में टॉयलेट करने मजबूर

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com





जनता के पैसों की बर्बादी किस तरह की जाती है, इसकी झलक शहर में बने सुलभ शौचालयों में देखी जा सकती है। नगरपालिका की लापरवाही से वार्ड नंबर सात में करीब 10 लाख रुपए से बने सुलभ शौचालय कंडम हो गए, तो शहर में बने अन्य दर्जन भर सुलभ का भी यही हाल है। नगरपालिका कोई भी निर्माण होने के बाद उसे अपने हाल में छोड़ देती है। क्योंकि निर्माण के समय मलाई तो मिल जाती है, फिर उस निर्माण का कुछ भी हो, क्या करना है। चांपा शहर के हसदेव नदी के घाटों सहित सार्वजनिक स्थलों में करीब दर्जन भर सुलभ शौचालयों का निर्माण कराया गया है। प्रति शौचालय के निर्माण में आठ से दस लाख रुपए खर्च किया गया है। बताया जाता है सुलभ शौचालय बनने के बाद नगरपालिका ने वहां केयरटेकर की व्यवस्था नहीं की, जिसके चलते कई सुलभ तो वीरान हो गए। इधर, जनता सुलभ शौचालय प्रारंभ करने की मांग करती रही, लेकिन नगरपालिका के जिम्मेदार गहरी नींद में सोते रहे। कुछ जगहों में आपसी सहयोग से केयरटेकर रखकर सुलभ चलाया गया। लेकिन बाद में वहां देखरेख की कोई व्यवस्था ही नहीं है। नगरपालिका की लापरवाही से केयरटेकर के लिए टेंडर ही नहीं निकल रहा है, जिसके चलते लाखों के शौचालय वीरान है। नगरपालिका की यही लापरवाही के चलते सात शनि मंदिर तपसीबाबा वार्ड नंबर सात के पास बना शौचालय कंउम हो गए। इस निर्माण में जनता की गाढ़ी कमाई लगी हुई थी, लेकिन किसी को इससे क्या। इधर, व्यवस्था में लापरवाही हावी होने के कारण लोगों में अब भी खुल में शौच की प्रवृत्ति खत्म नहीं हुई है। सुलभ शौचालय के अभाव में लोग टॉयलेट के लिए इधर भटकते हैं तो वहीं लोग खुले आसमान के नीचे यूरिन करने मजबूर हैं।

# परिक्षेत्र निषाद समाज द्वारा जनजागरण एवं भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश, विधायक कुंवर सिंह निषाद

पायनियर संवाददाता < पाटन
www.dailypioneer.com





पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने गृह विधानसभा पाटन के रानीतराई में कौही किकिरमेटा परिक्षेत्र निषाद समाज द्वारा जनजागरण एवं भूमिपूजन समारोह में सम्मिलित हुए।जिसमें 11.50 लाख के विकास कार्यों में जैतखाम चबूतरा निर्माण विधायक निधि से 3 लाख,सामुदायिक भवन निर्माण निषाद समाज 6.50लाख,हाईस्कूल में कलामंच (जिप निधि) 2लाख रुपए का भूमिपूजन किया गया।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सामाजिक बंधुओं के द्वारा गर्मजोशी स्वागत किया गया। इसके पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक कुंवर सिंह निषाद के द्वारा सियारामचंद्र, आराध्य देव भक्त गुहा निषादराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निषाद समाज मेहनती, ईमानदार और संघर्षशील समाज है।सभी एक साथ जोड़ो आगे बढ़ो की रीति से काम करने की आवश्यकता है।सामाजिक रूढ़िवादी परम्परा है वो आज अप्रासंगिक हो गया है। ऐसे नियमों में बदलाव होना चाहिए इसके साथ ही नशा मुक्ति की ओर हमे बढ़ना चाहिए शराब के साथ साथ लोग सुखा नशा कर रहे है। जिसके कारण प्रतिदिन रायपुर, दुर्ग, भिलाई सहित पूरे प्रदेश में हत्याएं, चाकूबाजी, बलात्कार हो रहा है। हमें समाज जन जागरण अभियान चला की आवश्यकता है। बघेल ने आगे कहा सामाजिक उत्थान के लिए पहले समय में पैसे का महत्व नहीं था पहले लोग काम से जानते थे जिसे सामाजिक हित का ज्ञान, काम से उसी पहचान होती है कलयुग में पैसा प्रधान हो गया है और छत्तीसगढ़ के लोग पैसा के ऊपर ज्यादा जोर नहीं देते है पारिवारिक जीवन चल जाए इस पर जोर देते थे जिसके चलते उद्योग धंधों में बाहरी लोगों का कब्जा होता गया और हम लोग कमजोर होते गए।

जब हमारी पार्टी को मौका मिला तब हमने आर्थिक रूप से कैसे मजबूत हो इस पर कार्य किए इसके लिए सबसे पहले सत्ता में आने के बाद किसानों का कर्जा माफी किए, 2500रुपए में धान खरीदी किए, कोदो, कुटकी,रागी बोन वाले के लिए समर्थन मूल्य घोषित किए, घर चलाने के लिए सबसे जरूरी अनाज है उसे 7 किलो से 35 किलो किए, बिजली बिल आधा किए थे भूमिहीन मजदूरों को?7000 रुपए हमारी सरकार दे रही थी, गोठान की व्यवस्था कराए जिससे घुमंतू पशु को रखा जाए, जिसमें महिलाओं को रोजगार मिला जिसमें वर्मी कंपोस्ट,प्राकृतिक पेंट बनाएं इसमें 2 लाख महिलाएं प्रदेश में काम कर रहे थे ये सभी योजना आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए शुरू किए थे। निषाद (केवट)समाज के प्रतिनिधियों द्वारा मछुआ नीति में परिवर्तन की मांग कर रहे थे जिसे हमारी सरकार ने मछली पालन को कृषि का दर्जा दिलाया जिससे खेत में मत्स्य पालन करने वाले को जीरो प्रतिशत ब्याज पर लोन मिलता था । और कमर्शियल बिजली बिल नहीं लगता था।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री संतोष कुमार पटेल ने कार्यप्रणाली पर उठाया सवाल



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे बोर्ड, जोन और मंडल से कर्मचारी संगठनों की मान्यता के लिए होने वाले चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री संतोष कुमार पटेल ने पत्रकार वार्ता मे कहा कि संघ समर्थित इस संगठन ने पूर्व में मान्यता प्राप्त संगठनों एआईआरएफ, एनएफआईआर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। पटेल ने कहा कि रेल्वे में 10-10 वर्षों से काबिज यूनियन और कांग्रेस ने एनपीएस लागु हुआ, तब दोनों यूनियन के नेता कहां और क्या कहे थे? लाल सलाम कहने वालों के अनुसांगिक संगठन 2009 तक केंद्र सरकार में रहे तब एनपीएस का विरोध क्यों नहीं किया? पटेल ने कहा कि मेंस कांग्रेस से सम्बंधित जी संजीव रेड्डी 6 साल राज्य सभा के सदस्य रहें तब एनआईपीएस पर सवाल क्यों नहीं किया? यही नहीं 19 सितम्बर 13 को पीएफआरडीए बिल संसद में पास हुआ तब एमपीएस का दोनों यूनियन ने विरोध क्यों नहीं किया? उन्होंने कहा कि कर्मचारी भाइयों के अलाउंस के साथ खिलवाड हुआ? दोनों संगठनों नेता क्या कर रहे थे। कर्मचारियों की सीएल 15 से घटा कर 10 कर दी गयी तब दोनों यूनियन के नेता कहाँ थे। रेल कर्मचारी की संख्या 24 लाख से 11 लाख हो गयी और काम का बोझ दुगना हो गया, आपके नेता तय क्या कर रहे हैं? पटेल ने कहा कि हर रेल कर्मचारी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं पर आपके पदाधिकारियों को सभी सुविधा उपलब्ध हैं। इन्हीं नेताओं के कारण प्रत्येक रेल कर्मचारी का 18 महीने का एचआरए का नुक्सान हो रहा है। पार्सल आफिस, टिकट विक्रय, बड़े-बड़े बेस किचन ठेके, सफाई कर्मचारी रेल रख रेक अनुरक्षण का कार्य ठेके पर दे दिए गए। क्या कर रहे मेंस यूनियन कांग्रेस के नेता।

# अवैध धान को लेकर सख्त सक्ती जिले के कलेक्टर

■ टीएल की मीटिंग में कहा- धान के कोचिंयो एवं बिचौलियों पर हो त्वरित कारवाई

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में चल रहे धान खरीदी कार्य के दौरान कोचिया, बिचौलियों द्वारा किसी भी प्रकार से अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए है। साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए गए,समय सीमा की बैठक में कलेक्टर तोपनो ने धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखें । उन्होंने जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में बारदाना, किसानों के लिए छाया, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जिले में सुव्यस्थित ढंग से धान खरीदी कार्य करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के लिए किए जा रहे तैयारियों की जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी से ली। कलेक्टर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को आगामी निर्वाचन कार्य के लिए रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति, सेक्टर ऑफिसर की नियुक्ति, रूट चार्ट, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष की स्थापना, मतदान केंद्रों की सुव्यस्थित स्थापना, मतदान दलों तथा सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के लिए वाहन आदि की जानकारी संकलित कर निर्धारित समय पर सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, बैठक में कलेक्टर ने जिला पंचायत परियोजना निदेशक को जिले में वृहद स्तर पर प्रधानमंत्री आवास मेला का आयोजन कराने के लिए स्थल चिन्हांकन कर सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास मेला आयोजन का विभिन्न माध्यमों से जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी ली गई और आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के लिए शिविर लगाकर तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन,चिरायु योजना सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है, कलेक्टर ने शिक्षा विभाग अंतर्गत विकासखंडवार जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के कार्य की वीकली रिपोर्ट की जानकारी लेते हुवे जाति प्रमाण पत्र के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए है।

# बिटकॉइन घोटाले में भूपेश और कांग्रेस नेता अपनी भूमिका पर जनता को जवाब दें : भाजपा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बिटकॉइन घोटाले के खुलासे के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत प्रदेश के कांग्रेस नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा है कि बिटकॉइन मामले में, जिसके तार महाराष्ट्र चुनाव से जुड़े हैं, छत्तीसगढ़ में भी कार्रवाई हुई है और इस मामले में अब बघेल की भूमिका को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। श्रीवास्तव ने पुरजोर मांग की कि बिटकॉइन घोटाले मामले में भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता अपनी भूमिका पर प्रदेश की जनता को जवाब दें। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में लंबे समय तक महत्वपूर्ण पदों पर रही एक नेत्री ने 'एक्स पोस्ट' कर यह पूछा है कि बिटकॉइन मामले में लिप्त जिस गौरव मेहता के यहां छत्तीसगढ़ में कारवाई हुई है, उसके पूर्व सीएम भूपेश बघेल से क्या संबंध थे? महादेव ऐप मामले में तो यह स्पष्ट ही हुआ है कि कांग्रेस सरकार में आर्थिक मामलों के तार अंतरराष्ट्रीय गिरोहों से जुड़े रहे हैं, ऐसे में बिटकॉइन घोटाले का यह खुलासा महत्वपूर्ण है। कांग्रेस को, खासकर भूपेश बघेल को इसका जवाब देना चाहिए। श्रीवास्तव ने कहा कि इस मामले जो ऑडियो टेप सामने आया है, उसमें महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की बातचीत भी है। अगर इसमें महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष इन्वॉल्व है और अपराध करने वाला छत्तीसगढ़ में है, तो यह क्यों न माना जाए कि इसमें छत्तीसगढ़ कांग्रेस और इस प्रकार के कार्यों में महारत रखने वाले भूपेश बघेल इन्वॉल्व हैं? इससे पहले भी राज्य में कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा अन्य चुनावी राज्यों में कांग्रेस को भ्रष्टाचार के रुपयों से फंडिंग करने के तथ्य सामने आ चुके है। भ्रष्टाचार के हर आरोपी के साथ छत्तीसगढ़ से भूपेश बघेल का इनवॉल्वमेंट पाया गया है, फिर वह सौम्या चौरसिया हो, समीर विश्नोई हो, एजाज ढेबर के भाई अवनर ढेबर हो या कोई और।

# अनिल साहनी का निधन



**रायपुर।** एमएल साहनी एवं कांता साहनी के पुत्र अनिल साहनी (भूतपूर्व जीएसटी अधिकारी) का 21-11-2024 को प्रातः निधन हो गया है। अंतिम संस्कार 22-11-2024 को प्रातः 11:00 बजे न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में रखा गया है। उठवाने का कार्यक्रम 23-11-2024 को गुरुद्वारा साहेब, श्याम नगर में संध्या 3:00 से 4:00 बजे रखा गया है।

**कार्यालय नगर पंचायत भिंभौरी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्रमांक/ /लो.नि.वि./न.पं./2024-25 भिंभौरी, दिनांक 20/11/2024

**// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत भिंभौरी में कार्यालय, कलेक्टर (जिला योजना एवं सांख्यिकी), बेमेतरा अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से लोक निर्माण विभाग में प्रचलित भवन एस.ओ.आर. से प्रभावशील निविदा प्रपत्र (ए) में वर्तमान संशोधन से कम/अधिक, प्रतिशत/आईटम दर पर मुहरबंद लिफाफे में तीन लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 27.11.2024 समय 3.00 बजे तक
2. परीक्षण पश्चात् निविदा प्रपत्र जारी करने का दिनांक व समय - 02.12.2024 समय 4.00 बजे तक
3. स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में निविदा प्राप्त होने का दिनांक - 11.12.2024 समय 3.00 बजे तक
4. निविदा खुलने का दिनांक व समय - 11.12.2024 समय 3.00 बजे

उपरोक्तानुसार कार्य की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत भिंभौरी एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in देखा जा सकता है।

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें।

''स्वच्छ नगर, स्वच्छ भिंभौरी सम्पूर्ण कर समय पर अदा करें''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भिंभौरी
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद किरन्दुल**
**जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक/931/लो.नि.वि./न.पा.परि./2024 किरन्दुल, दिनांक 19/11/2024

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली से अधोसंरचना/15वें वित्त एवं अन्य मद अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निम्नलिखित विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु प्रपत्र (अ) में मैनुअल निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. ला. (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 18 अफिस के पास कर्मचारी आवस 4 नग | 23.81 | 28.11.2024 समय अपरान्ह 5.00 बजे तक। |
| 2 | वार्ड क्र. 01 हरिचॉद मंदिर रोड में आर.सी.सी. नाली एवं रिटर्न वाल निर्माण कार्य | 16.86 | |

उपरोक्त श्रमिकों हेतु निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइड http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, किरन्दुल

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग**
**नारायणपुर संभाग नारायणपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 2659/N.I.T.-05/व.ले.लि./2024-25 नारायणपुर, दिनांक 20/11/2024

**// निविदा सूचना प्रकाशन //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी वर्ग ''द'' से ''अ'' तक पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनूअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथ :- 28.11.2024 सांयः 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 03.12.2024 सांय 5.30 बजे तक (रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट द्वारा)
निविदा खोलने की तिथि :- 04.12.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| नि.क्र. | कार्य का नाम | अमानत राशि/निविदा प्रपत्र की राशि | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| T0002 | 50 सीटर नवीन आई.टी.आई. महिला छात्रावास भवन का मरम्मत कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 2000/- 300/- | 1.78 |
| T0026 | उप जेल में मुलाकातों परिजन हेतु अधुरे निर्मित शौचालय निर्माण कार्य (पंचम आमंत्रण) | 2000/- 300/- | 0.86 |

नोट :- निविदा प्रपत्र दिनांक 24.10.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निम्न अभिलेखों की राजपत्रिय अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकेंगें।
(1) विभाग के पंजीयन की छायाप्रति। (2) जी.एस.टी. पंजीयन की छायाप्रति।
(3) बैंक साल्वेंसी (जारी दिनांक से 12 माह तक वैद्य)
(4) आयकर रिटर्न चालू वर्ष की छायाप्रति।
(5) अमानत राशि का लिफाफा एवं निविदा प्रपत्र का लिफाफा अलग-अलग प्राप्त होगा।
(6) आयकर चुकता प्रमाण-पत्र या विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न (फार्म-16 सरल)
(7) पेन कार्ड की सत्यापित प्रतिप्रस्तुत करना अनिवार्य है।

अन्य विवरण कार्यालयिन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

**कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी का होगा।**

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग
नारायणपुर

G-242503964/2

# विश्व डायबिटीज दिवस पर आयोजित एनसीडी कैंप में 37 हजार लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



जिले में विश्व डायबिटीज दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ्य जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष एनसीडी कैंप का आयोजन किया गया। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर यह कैंप आयोजित किया गया। इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट परिसर में कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्ट्रेट कार्यालय 109 अधिकारी-कर्मचारियों का बीपी एवं शुगर की जांच की गई। जिसमें संभावित बीवी के 37 लोग, मधुमेह के संभावित 6 लोग तथा 69 लोग सामान्य पाये गय। जिले में आयोजित कैंपों में 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का ब्लड प्रेशर (बीपी) और ब्लड शुगर की जांच की गई। इसके साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके लिए जिले में कुल 160 टीमों का गठन किया गया था, जिन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक व्यापक रूप से इस कैंप का संचालन किया। यह विशेष शिविर 20 नवंबर को आयोजित किया गया था, इस शिविर में जिले भर में 37,783 लोगों का ब्लड प्रेशर और शुगर का परीक्षण किया गया। इनमें से 3,178 लोगों में बीपी और 2,273 लोगों में शुगर की संभावित समस्या का पता लगाया गया। चिन्हित लोगों को समय पर उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई थी। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और मितानिन बहनों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह अभियान न केवल स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान में सहायक रहा बल्कि जिले में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# दिव्यागजनों के लिए सामाजिक संचेतना कार्यक्रम संकल्प का शुभारंभ, कलेक्टर अवनीश शरण हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



दिव्यांगजनों के हित में सामाजिक संचेतना कार्यक्रम संकल्प का विधिवत उदघाटन शासकीय शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर में किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर जिले के कलेक्टर अवनीश शरण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, साथ ही बिलासपुर शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक आर पी आदित्य, समग्र शिक्षा के ए डी पी ओ अनिल तिवारी संस्था के प्राचार्य मीता मुखर्जी एवं संकल्प कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ अखिलेश तिवारी सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा बिलासपुर उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य द्वारा स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का संस्था में आगमन एवं इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम के प्रारंभ हेतु संस्था के चयन हेतु साधुवाद दिया गया। कलेक्टर द्वारा संकल्प कार्यक्रम के प्रारम्भकर्ता डॉ अखिलेश तिवारी को इस संवेदनशील और नवाचारी अभियान के लिए शुभकामनाएं प्रदान किया गया तथा कार्यक्रम के प्रतिभागियों से आग्रह किया गया कि किसी भी दिव्यांग व्यक्ति के प्रति दया भाव प्रदर्शित करने के स्थान पर उन्हें विकास के समान अवसर प्रदान करे। अवनीश शरण द्वारा दिव्यांगो के प्रति व्यवहार तकनीक पर बारीकी से प्रकाश डाला। दिव्यांग बच्चो के साथ अन्य बच्चों की तरह ही व्यवहार करे, उनसे पूछ कर ही सहयोग की पेशकश करें, सहयोग या सहायता के नाम पर आवश्यक रूप से शारीरिक संपर्क न करें, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से सीधे बात करें न कि उनके व्यक्तिगत सहायक से। दिव्यांगो के प्रति समानता सद्भावना सहचर्य एवं समावेशन की भावना रखते हुए उन्हें एक जिम्मेदार मानव संसाधन के रूप में परिष्कृत करने की बात कही। संकल्प कार्यक्रम के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए डॉ अखिलेश तिवारी द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यागता की पहचान करना, दिव्यागता के प्रति पालकों, सहपाठियों, शिक्षकों ,शैक्षिक प्रशासकों, शासकीय कर्मचारियों एवं आम जनों को जागरूक करते हुए दिव्यांगजनों के प्रति समाज में प्रचलित नकारात्मक अवधारणा को समाप्त करना है।

# हमर स्वस्थ लइका कार्यक्रम पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न




पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने के लिए एम्स रायपुर यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से महिला एवं बाल विकास विभाग अति गंभीर कुपोषित बच्चों का समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन हमर स्वस्थ लईका कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न हुआ। उक्त कार्यशाला जिला पंचायत सभा कक्ष में संपन्न हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केन्द्र जाटवर द्वारा कुपोषण के स्तर में कमी लाने में समुदाय की भूमिका के बारे में अवगत कराया गया साथ ही कुपोषण से होने वाले बच्चों के प्रभाव पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में होन वाली मृत्यु के कारणों में कुपोषण का अत्यधिक योगदान है क्योंकि बच्चों में बीमारी का संक्रमण होने की अधिक संभावना होती है,अतः बार-बार बीमार पड़ते है और उन्हें पुनः स्वस्थ होने में काफी समय लग जाता है। सामान्य बच्चों की तुलना में कुपोषित बच्चों में सामान्य बीमारियों जैसे दस्त, निमोनिया आदि से लगभग 9 से 20 गुना मृत्यु का खतरा बढ़ जाने की जानकारी दी गई।

# आई.टी.आई. सकरी में नशामुक्त अभियान के तहत संगोष्ठी का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर नशा से बचने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम प्रति सप्ताह जागरूकता शिविरों का आयोजन स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय आई.टी.आई. सकरी बलौदाबाजार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 226 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम ने बताया कि नशा करने से मानसिक स्तर में विकृतिया उत्पन्न होती है, जो की स्वयं के लिए है एवं समाज के लिए भी घातक है। नशा शुरु में जरुर आनन्दित करता है, परन्तु समयानुसार यह हमारी जीवन शैली पर प्रभाव डालता है जिससे हमारा सम्पूर्ण जीवन नष्ट हो जाता है। नशें के दुष्प्रभाव अलग-अलग स्तर पर होते है, बच्चों को अलग प्रभाव, जवानों को अलग प्रभाव, बुजुर्गो की अलग प्रभाव करता है परन्तु इसका अन्तिम प्रभाव मौत का सामना करना पड़ता है। इस हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति केन्द्र भी सहयोग करता है। नशामुक्ति केन्द्र में मनोचिकित्सक उपलब्ध है, दवाईया भी दी जाती है एवं सकारात्मक सोच को अपने मन में रखकर नशे को जिन्दगी से विदा देना है, अन्यथा इस नशे की लत हमें जिन्दगी से विदा कर देगी। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है, शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक ऐसी बिमारी है जो समाज को खोखला करती है एंव इससे कई परिवार नष्ट हो रहे है, इसलिए नशे से दुर रहे। नशा मुक्त भारत अभियान, मानसिक स्वास्थ्य एवं महिला उत्पीड़न के बारे में बताया गया साथ ही नशामुक्ति हेतु संकल्प भी लिया गया। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफ लिविंग कहा जाता है इसके संबध में भी जानकारी बच्चों को दी गई जिससे वह अपना जीवन सहजता एवं सरलता से यापन कर सके एवं जीवन की कठनाईयों का सामना कर सकें। इस अवसर पर मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल, सखी वन स्टॉप सेन्टर तुलिका परघनिया एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित आईटीआई के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# आयुष्मान योजना से बिरहोर आदिवासी युवक को मिला नया जीवन

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



आयुष्मान भारत योजना लोगों के लिए वरदान बन रही है, सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बिरहोर जनजाति के युवक जातिराम को योजना के तहत त्वरित स्वास्थ्य सहायता मिली है। परिवार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। जिले के सीपत पाली निवासी जाति राम 2 नवंबर को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। जातिराम के सिर पर गहरी चोट आई थी। उन्हें आयुष्मान योजना अंतर्गत अनुबंधित निजी अस्पताल श्रीराम केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज शुरू हुआ। गंभीर स्थित और आर्थिक सहायता के लिए मरीज के परिजनों ने कलेक्टर जनदर्शन में मदद की गुहार लगाई। कलेक्टर अवनीश शरण ने संवेदनशील पहल करते हुए मरीज के आयुष्मान योजना से बेहतर इलाज के निर्देश दिए। पीवीटीजी बिरहोर जनजाति के मरीज जाति राम का योजना के तहत डाक्टरों की विशेष निगरानी में इलाज शुरू हुआ और 14 दिनों तक आईसीयू में रहने के बाद, उनकी स्थिति में सुधार होने लगा। पैर की सर्जरी और सिर के गंभीर चोट का भी इलाज किया गया। बेहतर इलाज की सुविधा मिलने से अब जातिराम पूरी तरह स्वस्थ्य है। आयुष्मान भारत योजना के तहत, जातिराम के परिवार को 1.02 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिला। जातिराम के परिवार ने कहा, ' हम आयुष्मान भारत योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ हॉस्पिटल के डॉक्टरों और स्टाफ का शुक्रिया अदा करते हैं। उनकी मदद से हमारा बेटा आज जिंदा है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से शासकीय एवं आयुष्मान भारत योजना से पंजीकृत निजी चिकित्सालयों में पूर्णतः निशुल्क इलाज की सुविधा मिलती है। आयुष्मान योजना में न सिर्फ बीमारियों के इलाज की निः शुल्क व्यवस्था है बल्कि एक्सीडेंट होने की स्थिति में भी निः शुल्क उपचार का प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत जिला बिलासपुर में 54 शासकीय एवं 73 आयुष्मान से सम्बंधित निजी चिकित्सालय उपलब्ध है। आयुष्मान कार्ड के लिए सभी छत्तीसगढ़ के निवासी पात्र है बीपीएल राशन कार्ड धारी परिवारों को 5 लाख तक उपचार की पात्रता है। वही एपीएल राशन कार्ड धारियों को 50 हजार तक उपचार की पात्रता है। साथ ही वय वंदन योजना अंतर्गत समस्त 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग व्यक्तियों हेतु 5 लाख इलाज की पात्रता आयुष्मान योजना में की गई है ।

# रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया दुबे जिलाध्यक्ष दवा व्यापारी संघ



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल बेमेतरा में जेवरा निवासी भर्ती मरीज जिनका हीमोग्लोबिन 3 ग्राम रक्त कमी पूर्ति हेतु उन्हें ओ पॉजिटिव रक्त चाहिए था जो कि जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में उपलब्ध नहीं था, परिजन परेशान थे, जिला अस्पताल के एक कर्मचारी ने जानकारी होने पर चर्चा किया जिन्हें ईलाज के लिए मरीज लेकर आए दवा व्यापारी संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश दुबे ने सुनकर ब्लड बैंक में संपर्क किया और उनके लिए स्वयं रक्तदान किया दिनेश दुबे का रक्त समूह ओ पॉजिटिव था, आवश्यकता पड़ने पर और कई बार दिनेश दुबे ने रक्त दान किया है, जिला अस्पताल बेमेतरा के इनके पुण्य कार्य का प्रशंसा करते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया है। दिनेश दुबे ने कहा रक्तदान के बाद खुशी और मन प्रसन्नचित रहता है, रक्तदान से कोई भी शारीरिक कमजोरी नहीं होता जरूरतमंदो को समय पर रक्त उपलब्ध हो तो कई जाने बचाई जा सकती है,इसलिए ब्लड बैंक में हमेशा ब्लड उपलब्ध रहे इसके लिए आम जन युवा साथी स्वयं आकर रक्त दान करने पर जोर दिया।

# विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने दिव्यांग जनों को प्रदान किए कृत्रिम अंग



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मारवाड़ी युवा मंच बसना और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, रांची (झारखंड) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क कैलिपर्स शिविर का समापन अग्रसेन भवन बसना में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बसना के विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल और विशिष्ट अतिथियों,जिला उपाध्यक्ष भाजपा रमेश अग्रवाल और राजेश अग्रवाल ने भगवान अग्रसेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य और सुगम जीवन की कामना की। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजनों से दिव्यांगजनों को न केवल चलने-फिरने में सुविधा होगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। इससे उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिलेगा। भविष्य में इस तरह के किसी भी आयोजन के लिए मैं पूर्ण सहयोग करूंगा। शिविर में 125 दिव्यांग जनों ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से कई को कृत्रिम अंग, कैलिपर्स, बैसाखी और श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। शिविर के दौरान 9 मरीजों को कृत्रिम हाथ, 34 को घुटने के नीचे के कृत्रिम पैर, 19 को घुटने के ऊपर के कृत्रिम पैर, 8 को कैलिपर्स, 5 को स्पोर्टिंग कैलिपर्स, 12 को बैसाखी, 8 को स्टिक और 11 को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए।

# सोनी कंपनी जापान एवं यूनिसेफ की टीम सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य और बाल संरक्षण कार्यक्रम से हुए रूबरू

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और यूनिसेफके संयोजन में जिले में सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य और बाल संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अवलोकन हेतु गत दिवस सोनी कंपनी जापान से युका एंडा, यूइचिरो यामादा, मिका मोरीनो, चिहिरो शिमिजु, युका मारुको, दीपिका नानैया, युसुके मोरी, माने आइडा, मदोका ओत्सुका और राधिका (सोनी कंपनी जापान), यूनिसेफ दिल्ली के प्रतिनिधि राधिका श्रीवास्तव, राघव अरोरा, ज्योति रविचंद्रन, डॉ. सैयद हबी अली, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ प्रतिनिधि डॉ. गजेन्द्र सिंह, चेतना देसाई, रितेश कुमार ने भाग लिया। यह कार्यक्रम विकासखंड केशकाल के सिकागाँव में आयोजित किया गया पंच प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्व सहायता समूह की महिलाएं और स्वयंसेवकों ने आगंतुकों का मांदरी नाचा एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। प्राथमिक शाला सिकागाँव में शिक्षकों के साथ पंथक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें शिक्षिका जयन्ती ठाकुर एवं यशवंत साहू ने सामाजिक भावनात्मक कौशल के महत्व को बताया। बच्चों ने डर और तनाव को खत्म करने के लिए लाल गुब्बारा व सांप सीढ़ी की गतिविधि भी की साथ ही आई ई सी मटेरियल का प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं किशोरियों हेतु बनाये जाने वाले पोषण पखवाड़ा का प्रदर्शन किया गया, जिसमें पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य के संबंध पर चर्चा हुई। समुदाय में सभी लोगों को पोषण युक्त भोजन को अपने आहार में शामिल करने की सलाह दी गई। ग्राम पंचायत में मानसिक स्वास्थ्य और बाल संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ग्रामीण महिलाओं एवं युवोदय कोण्डानार चौंप्स के वॉलिंटियर्स द्वारा अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान उड़न छू ताली, शम्मी डांस एवं बस्तर अंचल की क्षेत्रीय गाने पर नृत्य किया गया। सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा रखने के तरीकों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान युवोदय स्वयंसेवकों द्वारा समुदाय में परिवर्तन लाने हेतु किये गये अथक प्रयासों के संग्रहण के रूप में सदय पुस्तिका का विमोचन सभी आगंतुको द्वारा किया गया।

# नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न, ड्रग्स पर कार्रवाई तेज करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) और नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी सचिव नरेंद्र दुग्गा ने की। बैठक में सुकमा जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना की गई। दुग्गा ने रोस्टर के अनुसार विभिन्न गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए।

### ड्रग्स और तंबाकू पर सख्त निर्देश

प्रभारी सचिव ने पुलिस विभाग को ड्रग्स तस्करी के मामलों में सख्त कार्रवाई करने और ड्रग्स के ट्रैफिकिंग पर नियंत्रण के लिए विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, विद्यालयों के 200 मीटर के भीतर तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर कोटपा एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

### आश्रम और विद्यालयों की आकस्मिक जांच के निर्देश

आश्रम और आवासीय विद्यालयों में बच्चों के हॉस्टल रूम की आकस्मिक जांच के लिए भी निर्देश जारी किए गए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सके। इस बैठक में कलेक्टर देवेंद्र ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, डीएफओ अशोक कुमार पटेल, अपर कलेक्टर गजेंद्र ठाकुर सहित विभिन्न समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् 3 दिव्यांग छात्र को दी गई प्रोत्साहन राशि, कलेक्टर चौधरी ने सौंपी राशि का चेक




पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना क्षितिज अपार संभावनाएं के तहत उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् 03 दिव्यांग छात्र क्रमशः हितेश कुमार जोशी और हेमंत कुमार साहू को 6-6 हजार रूपए तथा निशार अहमद को 12 हजार रूपए उच्च शिक्षा प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में दिव्यांग श्रेणी में जिले के प्रवीण्य सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त छात्रा कुमारी खुशी कुम्भकार को 5 हजार रूपए राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित परिहार एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# किरन्दुल गजराज कैम्प में स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



**किरन्दुल।** किरन्दुल के वार्ड क्रमांक 3 गजराज कैंप के दुर्गा मंडप में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का बी पी,शुगर,सिकलिंग का जाँच की गई एवम टेली मेडिसिन कन्सल्टेंसी, टीबी का स्क्रिनिंग, मलेरिया जाँच किया गया, सामान्य बीमारियों के उपचार हेतु दवाईया वितरित किया गया साथ ही आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया। 45 लोगों का जांच किया गया। शिविर में डॉ चन्द्रिका नाग, शमीम रज़ा, चंदा बरोई, अंजू मरकाम, ममता ठाकुर, मीना बैध, सुनीता कड़ती, सुभद्रा ठाकुर, नूपुर मण्डल, यामिनी पारकर, ओमीन पटेल, दीपा मांझी एवं वार्ड क्रमांक 3, 4,5,6 के सभी मितानिन का सहयोग रहा।

# टीबी फोरम की बैठक संपन्न




पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

अनुविभागीय अधिकारी, कोंटा सबाब खान की उपस्थिती में ब्लॉक स्तरीय टीबी फोरम की बैठक आयोजित की गई। जिसमे टीबी का राज्य, जिला ओर ब्लॉक स्तर पर मजूदा स्थिति, विभागीय सहयोग, टीबी पर जनजागृती को बढाना पे चर्चा हुई, साथ ही सार्वजनिक स्तर, ग्राम स्तर पर टीबी पर जागरुकता ओर निक्षय मित्र बनकर सहयोग करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा की पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत बनाना है साथ ही साथ पुरे जिले मे टीबी को खत्म करना है। इस मीटिंग में अनिविभागिय अधिकारी शबाब खान, जनपद पंचायत से नेताम, स्वास्थ्य विभाग से बी. डी. एम. गंगी मड़काम, स्वास्थ्य अधिकारी, शिक्षा विभाग से संकुल समन्वयक, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकेश रॉय, एस. टी. एल. एस. सतोष चव्हाण, एस. टी. एस. कुंजाम, पीरामल की जिला टीम से राजेश सोलंकी, अमोल बोरकर प्रोग्राम लीडर सुकमा, लेप्रा संस्था से अमित कुंदू उपस्थित थे।

# समिति से बाहर के किसान की प्रशासक के लिए अनुशंसा बार-बार एक ही व्यक्ति को अवसर दिए जाने से भी नाराजगी

## सहकारिता समितियों में नियुक्ति के लिए प्रकोष्ठ से कोई रायशुमारी नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सहकारिता समितियों में प्रशासकों की नियुक्ति को लेकर की जा रही अनुशंसा पर विवाद खड़ा होने के आसार हैं। जानकारी आ रही है कि कुछ समितियों की ओर से प्रशासक के लिए दूसरे सहकारी समिति के सदस्यों की अनुशंसा कर दी गई है। हालांकि जिला स्तरीय छानबीन समिति से क्लिन चिट मिलने के बाद ही नियुक्तियां की जाएगी। इधर, भाजपा से जुड़े लोगों को इन नियुक्तियों में तरजीह दी जा रही है। लेकिन इसमें पक्षपात और भेदभाव के मामलों को लेकर संगठन में अंदरखाने नाराजगी पनप रही है। जानकारी है कि एलबी नगर के मंडल अध्यक्ष बोधी साहू को लालबहादुर नगर समिति का अध्यक्ष बनाने की अनुशंसा की गई है। जबकि वे पटपर के किसान हैं और उनका सोसायटी क्षेत्र कोलिहापुरी है। इसी तरह भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार के तौर पर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने वाले पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जयपाल सिन्हा के नाम की अनुशंसा खुर्सीपार के लिए की गई है। वे भाजपा संगठन में मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी भी रहे हैं। उनकी अनुशंसा से निचले स्तर के कार्यकर्ता नाराज है। एक ही व्यक्ति को लगातार पद दिए जाने की वजह से यह स्थिति बन रही है। इसी तरह मुसरा सोसायटी में भी ओम साहू के नाम की अनुशंसा किए जाने की खबर है। जानकारी है कि वे यहां की समिति के सदस्य ही नहीं है। नियुक्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और महिलाओं को जगह न मिलने की आशंकाओं को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

### सरकार ने संशोधन पारित किया, सहकारी समितियों में प्रशासकों की नियुक्ति की जा रही

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सहकारिता उपायुक्त कार्यालय द्वारा सहकारिता समितियों में प्राधिकृत अधिकारी मनोनित किए जा रहे हैं। वर्ष 2020-21 में समितियों के संचालक मंडल का कार्यकाल खत्म होने के बाद चुनाव न होने के चलते समितियां इनके बगैर ही संचालित हो रहीं थीं। बीते 3 सितंबर को भाजपा सरकार ने सहकारिता समिति में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति हेतु संशोधन किया है। जिसके बाद सहकारिता उपायुक्त समितियों की अनुशंसा पर प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त कर रहे हैं। समितियों की मॉनिटरिंग के लिए की जाने वाली इन नियुक्तियों में राजनैतिक व्यक्तियों के नाम सामने आ रहे हैं। नियमतः इस पद की जिम्मेदारी सहकारी केंद्रीय बैंक या सहकारिता के अधिकारियों को सौंपी जानी थी। लेकिन सरकार ने राजपत्र में प्रकाशन कर नियुक्ति/मनोनयन के लिए इसमें संशोधन पारित कर दिया है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में यह मनोनयन किया जा चुका है। राजनांदगांव जिले में भी जल्द ही सूची जारी किए जाने की खबर है। प्राधिकृत अधिकारी या जिन्हें प्रशासक भी कहा जा सकता है के पद पर धान के व्यवसाय से जुड़े व्यक्ति की नियुक्ति न किए जाने का प्रावधान है। मंडी, राईस मिल का व्यापारी वर्ग इस जिम्मेदारी के लिए पात्र नहीं है। कुछ स्थानों में शिकायत आ रही है कि मंडी के लाइसेंस धारक, धान खरीदी करने वाले कोचिये और अन्य अपात्रों के नाम की अनुशंसा समिति प्रबंधकों ने की है जिन पर मुहर लगाए जाने की तैयारी है।

### सहकारिता प्रकोष्ठा दरकिनार

दूसरी ओर सहकारिता के क्षेत्र में नियुक्तियों के लिए भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ को विश्वास में नही लिया जाने से भी मामला गरमा गया है। प्रकोष्ठ को किनारे किए जाने से भी नेताओं में नाराजगी है। एक ही व्यक्ति को कई पद दिए जाने, महिलाओं और एसटी-एससी वर्ग को नज़र अंदाज किए जाने से इन नियुक्तियों में राजनीतिक पेंच भी आ रहा है। दूसरी ओर जिले की विभिन्न 74 सेवा सहकारी समितियों में भी प्रशासकों की नियुक्ति में वर्ग में मनमानी की शिकायतें भाजपा संगठन के अंदरखाने बढ़ती ही जा रही है।

### चार साल बाद नियुक्तियां

गौरतलब है कि वर्ष 2020-21 से समितियां बगैर संचालक मंडल के संचालित हो रही हैं। बीते 3 सितंबर को सरकार ने समितियों में प्रशासक की नियुक्तियों की पात्रता में संशोधन पारित किया है। राजपत्र में प्रकाशन के बाद नवंबर में इन नियुक्तियों के लिए समितियों से अनुशंसा मांगी जा रही है। सहकारिता उपायुक्त के आदेश के बाद समितियों में प्रशासकों की नियुक्ति कर दी जाएगी। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में यह नियुक्तियां की भी जा चुकी हैं। राजनांदगांव जिले में सूची का इंतजार किया जा रहा है।

### समिति का सदस्य होना जरुरी

सहकारिता उपायुक्त शिल्पा अग्रवाल ने बताय कि, अनुशंसाएं तीन सदस्यीय जिला स्तरिय छानबीन समिति से होकर जाएंगे। इस समिति के अध्यक्ष कलेक्टर हैं जबकि सहकारिता उपायुक्त और कृषि उप संचालक भी इसमें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि, समिति में पात्रता की जांच होगी। सब ठीक होने पर सूची में नियुक्तियों के लिए आगे निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि, समितियों में नियुक्ति के लिए जाति या लिंग वर्ग की कोई बाध्यता नहीं है। प्रशासक का उस समिति का सदस्य होना, उस पर ऋण बकाया न होने व उसके किसी परिजन का वैतनिक कर्मचारी न होने आवश्यक बिंदुओं में से शामिल है।

# मंगियाटोला के ग्रामीण कलेक्टर से मिले, नौनिहालों के लिए भवन मांगा


शिक्षा के लिए बदहाली भी ढो रहे मासूम... भवन नसीब नहीं, ग्रामीणों ने झोपड़ी से तैयार की कक्षाएं, 1992 में बना भवन खंडहर हो चुका

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुरिया ब्लॉक के ग्राम मंगियाटोला में झोपड़ी में लग रही प्राथमिक शाला की कक्षाओं के मामले में गुरुवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर से मिलकर गुहार लगाई। गांव में शिक्षा के लिए बदहाली से जूझते नौनिहालों की ये खबर पायनियर ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। ग्रामीणों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर समस्या के निराकरण के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि, स्कूल में 30 बच्चों का दाखिला है। सभी बांस-बल्लियों से बने झोपड़ी में पढ़ रहे हैं। न शौचालय की सुविधा मिल रही है और न ही भवन की। बच्चे अपनी ही समस्याओं से जूझते हुए पढ़ाई करने मजबूर हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्रामीणों को जल्द से जल्द भवन की उपलब्धता के लिए व्यवस्था का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि शासन को भवन निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है। इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा की बात भी उन्होंने कही। इस दौरान ग्राम पटेल चेतन कुंजाम, ग्राम प्रमुख पुनऊ राम कोमरे, उमेन्द्र सिंह खुर्साम, उमेश कुमार कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# आलू की खेती में फायदा, 20 प्रतिशत कम पानी की खपत : अशोक चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा व किसान नेता अशोक चौधरी ने गर्मी में धान की फसल के बदले किसानों को आलू की खेती करने की सलाह दी। आलू की खेती में धान के मुकाबले 20 प्रतिशत से भी कम पानी की जरूरत पड़ती है और यदि सही ढंग से खेती की जाए तो धान के मुकाबले मुनाफा डेढ़ गुना ज्यादा होता है। चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान काटने के बाद पचेड़ी खेती आलू की जो 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक आसानी से कर सकते हैं, ऐसे आलू की खेती वैज्ञानिक तरीके से करें तो 200 क्विंटल तक प्रति एकड़ उपज ले सकते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में कम से कम 100 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन होने का अनुमान है। एक एकड़ खेती में 40 हजार प्रति एकड़ खर्च आएगा। 2 से 3 हल्की सिंचाई करनी पड़ेगी, बुवाई के 15 से 20 दिन बाद खरपतवार नियंत्रण के लिए दवाई का छिड़काव करना आवश्यक है। खेती करने की विधि नीचे दिया जा रहा है, जो कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया है। 1 एकड़ में 100 चिंटल यदि उपज होती है, तो 10 किलो के हिसाब से यदि बिक्री होगी तो एक लाख की बिक्री होगी, उसी हिसाब से 60 हजार एक एकड़ में बचत होने की संभावना है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के धान के बदले कम पानी की खपत वाली फसल की सिफारिश को किसान नेता अशोक चौधरी ने समर्थन किया है और उसी के अनुरूप आलू की खेती की सुझाव किसानों को दिया है।

# केरल-हरियाणा की टीमों में मारपीट, अस्पताल पहुंचे खिलाड़ी और कोच

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नेशनल स्कूल गेम्स के के तीसरे दिन बास्केट बॉल मैच में देर शाम केरल व हरियाणा की महिला अंडर-14 टीमें आपस में भिड़ गई। खिलाड़ियों में मैच के दौरान वाद-विवाद के बाद मारपीट हो गई। घटना में घायल केरल की खिलाड़ियों और कोच को गुरुवार की सुबह मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। बहरहाल, इस मामले में पुलिस से किसी तरह की शिकायत अब तक नहीं हुई है।

स्टेडियम प्रभारी रणविजय सिंह ने बताया कि, हमें बाद में घटना की सूचना मिली। केरल की टीम की कुछ खिलाड़ियों और कोच को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया था। हमने उसने संपर्क करके पुलिस के पास चलकर मामले को सुलझाने की बात कही। लेकिन कोच ने जीएम से बात कर निर्णय लेना का कह दिया। बताया जा रहा है कि, टूर्नामेंट के दौरान स्कोर और खेल के अन्य नियमों को लेकर लगातार तकरार की स्थिति बन रही है। दूसरे टूर्नामेंट में जिस पर स्कोर या सामान्य स्थिति आंकी जाती है उस पर फॉउल दिए जाने के मामलों को लेकर भी टीमों के मैनेजमेंट और खिलाड़ी हैरान और नाराज हैं। हालांकि खुलकर अब तक किसी टीम ने ऐसे मामलों की शिकायत नहीं की है। गौरतलब है कि आयोजन के पहले ही दिन से टूर्नामेंट में अव्यवस्था का मामला तूल पकड़े हुए है। सेप्रेट सेंट्रल मेस में डाइट में कटौती, टैंकर से पीने के पानी की सप्लाई और खिलाड़ियों को जमीन पर गद्दे बिछाकर ठहराए जाने जैसी कई खामियां सामने आई हैं। फेडरेशन के तय नियमों के उलट ऐसी मेजबानी पर टीमें भी संतुष्ट नहीं है। कई टीमें दूसरे ही दिन से सेंट्रल मेस छोड़कर होटलों में खाना खा रही है। सपोर्टिंग स्टॉफ के लिए भी ये व्यवस्था काफी नहीं रहीं।

### छत्तीसगढ़ की बालक-बालिका पहुंची सेमीफाईनल में

68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेले गए क्वार्टर फाईनल मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ के बालक-बालिकाओं ने अपना दम दिखाते हुए बॉस्केटबॉल 14 एवं 17 वर्ष के सेमीफाईनल में जगह बना ली है। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 22 नवम्बर 2024 सुबह 11 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता के चौथे दिन खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में 14 वर्ष बालिका बॉस्केटबॉल मैच में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को 47-24 अंकों से हरियाणा ने केरल को 51-37 अंकों से दिल्ली ने तमिलनाडू को 56-43 अंकों से एवं मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने पंजाब को एकतरफा मुकाबले में 43-14 अंकों से पराजित कर सेमीफाईनल में पहुंची। बालक 14 वर्ष में दिल्ली ने सीआईएससीई को 68-43 अंकों से राजस्थान ने मध्यप्रदेश को 69-38 अंकों से, हरियाणा ने उत्तरप्रदेश को और मेजबान छत्तीसगढ़ ने बालकों ने सीबीएसईडबलूएसओ को 27-16 अंकों से हराकर सेमीफाईनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता के 17 वर्ष बालक वर्ग में भी मेजबान छत्तीसगढ़ के बालकों ने आसान क्वार्टर फाईनल मैच में हरियाणा को 36-15 अंकों से दिल्ली ने सीआईएससी को और राजस्थान ने महाराष्ट्र को हराया। इस वर्ग में सबसे तेज गति से खेले गये रोमांचक मुकाबले में तमिलनाडू ने पंजाब को 88-80 अंकों से हराकर सेमीफाईनल में पहुंची। सेमीफाईनल मैच दूधिया रोशनी में रात्रि में खेला गया।

### आज डॉ. रमन सिंह शहर में

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एक दिवसीय प्रवास पर कल अपने निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव आ रहे है, वे इस दौरान अखिल भारतीय शालेय खेल-कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लेंगे व अनेक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। डॉ. रमन सिंह सुबह 10.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.00 बजे दिग्विजय स्टेडियम आयेंगे जहां 68 वी अखिल भारतीय शालेय खेल-कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लेकर दोपहर 01.00 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचेगे, जहां स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। वे शाम 04.00 बजे एक बैठक में भी भाग लेंगे तथा रात्रि 08.15 बजे पृथ्वी पैलेस शिवनाथ नदी के पास दुर्ग में एक वैवाहिक समारोह में भी उपस्थित रहेंगे इसके बाद रायपुर के लिये प्रस्थान कर जायेंगे।

# 22 लाख के गार्डन में न झूला, न हरियाली बैठने के लिए बेंच तक नहीं लगाई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



वार्ड 41 के हॉस्पिटल कॉलोनी में नवनिर्मित उद्यान के उद्घाटन से अतिथियों ने किनारा कर लिया। 22 लाख की लागत से निर्मित इस उद्यान में न झूले हैं और न ही मनोरंजन के दूसरे उपकरण। लोगों के बैठने के लिए भी यहां कोई सुविधा नहीं है। यहां तक की उद्यान में पेड़, पौधे और हरी घास भी नहीं है। इस पूरे निर्माण को लेकर स्थानीय पार्षद राजेश चंपू गुप्ता और वार्डवासियों ने सवाल दागे हैं।

गुरुवार को गुपचुप तरीके इंदिरा नगर-झूलेलाल वार्ड 41 की हॉस्पिटल कालोनी में 22 लाख की लागत से निर्मित गार्डन का लोकार्पण किया जाने की तैयारी थी। लेकिन अधूरे उद्यान की जानकारी फैलते ही अतिथियों और अधिकारियों ने ही पहुंचना ही मुनासिब नहीं समझा। वार्डवासियों और पार्षद की नाराजगी को भांपते हुए सभी ने इससे दूरी बना ली।

आरोप लग रहे हैं कि निगम अधिकारियों और ठेकेदार ने सत्तापक्ष के संरक्षण में इस निर्माण में खेल कर दिया है। मोटी कमीशन और भ्रष्टाचार के खुले आरोप लग रहे हैं। आरोप से इतर वस्तुस्थिति देखें तो यहां उद्यान के नाम पर मिट्टी का पटाव और रेलिंग लगाने के अलावा कोई कार्य नहीं किया गया है। किसी सूरत में इस निर्माण की लागत 22 लाख रुपए नहीं मानी जा सकती। यहां एक पौधा भी नहीं रोपा गया है।

# सांसद संतोष पांडे ने नेताओं के साथ देखी द साबरमती रिपोर्ट



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोहमर्षक सच्ची घटना पर बनी द साबरमती रिपोर्ट फिल्म इन दिनो सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म पर ट्रेड किए हुए है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने द साबरमती रिपोर्ट देखी और विषय के महत्व को देखते हुए इस फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने का ऐलान किया है। सांसद संतोष पांडे ने शहर के मंडी माल में स्थित सिनेमा हाल में भाजपा के नेताओं के साथ द साबरमती रिपोर्ट देखी। सांसद संतोष पांडे ने इस अवसर पर कहा कि द साबरमती रिपोर्ट फिल्म के संवेदनशील व आँखें खोल देने वाली सच्चाईयुक्त अभिनय को सभी लोग जरुर देखें। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच लाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा आदि उपस्थित थे।

# विद्युत लाइनों के निकट धान की मिंजाई से हो रही निर्बाध विद्युत व्यवस्था बाधित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



किसानों के द्वारा अपने धान के फसलों की कटाई कर मिसाई के कार्य को कराया जा रहा है। इस दौरान खेत खलियानों में विद्यमान विद्युत लाइनों के नीचे धान फसल की मिंजाई का कार्य थ्रेसर मशीन के माध्यम से कर रहें हैं, धान मिंजाई से उड़ने वाला पैरा/भूसा विद्युत लाइनों में चिपक कर रात में ओस आने के कारण नमी से लाइनों में फे स टू फे स संपर्क होने से विद्युत लाइनों में व्यवधान उत्पन्न हो रहें हैं जिससें निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाये रखने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर विद्युत विभाग द्वारा किसानों से जागरूकता एवं सतर्कता बरतते हुए विद्युत व्यवधान एवं विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट धान मिंजाई के कार्य को नही करने की समझाईश दी गई है। विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों ने बताया कि मैदानी अधिकारियों द्वारा डोंगरगढ़, मोहला, खैरागढ़, छुरिया, डोंगरगांव एवं राजनांदगांव के ग्रामीण क्षेत्रों के खेत खलियानों से गुजरे हुए 33 के.व्ही. लाइनों, 11 के.व्ही लाइनों एवं एलटी लाइनों के नीचे या आसपास किसानो द्वारा थ्रेसर मशीन से धान मिंजाई कार्य से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण हेतु ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को इस संदर्भ में मुनादी कराने हेतु अपील की गई है, ताकि विद्युत लाइनों एवं वितरण ट्रांसफार्मरों में धान मिंजाई से उडने वाला पैरा/भूसा ना चिपके और ना कोई विद्युत व्यवधान उत्पन्न हो।

## 2 लाख 89 हजार रुपए किए थे खाते से पार, कड़ी से कड़ी जोड़कर झारखंड पहुंची पुलिस

# ऑनलाइन ठगी कर महिला को चपत लगाने वाले झारखंड के दो ठगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com



ऑन लाइन ठगी कर लोगों के बैंक खाते से रूपए चुराने वाले झारखंड के दो ठगों को मोहला-मानपुर जिला पुलिस ने झारखंड में जाकर गिरफ्तार किया है। उक्त ठगों ने जिला रहवासी एक महिला से ऑन लाइन ठगी की थी। ठगी की शिकार महिला की रिपोर्ट पर मामले की तसीश कर रही पुलिस जांच में कड़ी से कड़ी जोड़कर झारखंड पहुंची। झारखंड के देवघर जिले से उक्त ठगी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जिले के गोटाटोला थाने लाया। जहां से न्यायालय में पेश करने के उपरांत गिरफ्तार किए गए दोनों ठगों को जेल दाखिल कराया गया।

पुलिस के मुताबिक बीते 30 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गोटाटोला निवासी महिला नवली बाई के मोबाईल नम्बर 9669997731 को हैक कर उसके बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजैक्शन के रूप में फ्रॉड किया गया। प्रार्थी महिला नवली बाई द्वारा उक्त ट्रांजेक्शन के जरिए उसके बैंक खाते से कुल 2,89,000/- रूपए की आनलाइन धोखाधडी किए जाने की लिखित शिकायत थाना गोटाटोला जिला मोहला मानपुर में दर्ज कराई गई।

गोटाटोला पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर थाने में धारा 318(4) बीएनएस का अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान सायबर सेल की तकनीकी सहायता से तथा बैंक से प्राप्त जानकारी के आधार पर धोखाधड़ी करने वाले अज्ञात आरोपी की पताशाजी करने पर जिस संदिग्ध मोबाइल नंबर के जरिए फ्रॉड किया गया उक्त मोबाईल नम्बर का टावर लोकेशन देवघर झारखण्ड का होना पाया गया। वहीं आगे की जांच में संदिग्ध मोबाईल नम्बर एवं धोखाधडी से सबंधित खाता झारखंड राज्य के देवघर जिला अंतर्गत देवपुरी थानाक्षेत्र के ग्राम जागनीडीह निवासी विकास कुमार यादव (22) तथा मुकेश यादव (26) का होना पाया गया।

आरोपियो की तलाश करने जिले की साइबर सेल टीम के साथ गोटाटोला पुलिस जांच में प्राप्त झारखंड राज्य के उक्त पते पर पहुंची। दोनों संदिग्ध आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में आरोपियों ने प्रार्थी महिला द्वारा बताए गए घटना दिनांक को अपने मोबाइल के जरिए महिला के मोबाइल को हैक कर ऑन लाइन ठगी को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियो द्वारा ऑनलाइन माध्यम से ठगी व धोखाधड़ी करने में उपयोग किए गए 03 नग मोबाईल, 03 नग सीम कार्ड को भी जप्त किया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ के मोहलाड्डमानपुर जिला अंतर्गत गोटाटोला थाने लाया गया। बहरहाल दोनों आरोपियों को जेल दाखिल करा दिया गया है।

# खेत में बेरिगेटिंग व पानी भरने से किसानों का बवाल

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



ब्लॉक के दिवानझिटिया में एक व्यक्ति की मनमानी के कारण अराजक स्थिति पैदा हो गई है। दरअसल एक किसान द्वारा अपने खेत में बेरिगेटिंग कर अगले क्रॉप की तैयारी के लिए पानी छोड़ दिया। जिससे गांव के लगभग 100 एकड़ से अधिक रकबे में हार्वेस्टर नही पहुंच पाने से फसल कटाई बाधित हो गई। ऐसी परिस्थिति निर्मित होने से किसानों ने बवाल खड़ा कर दिया। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त हालात पैदा होने पर किसान अपनी बातों को शासन प्रशासन तक पहुंचाने के लिए महिलाओं को साथ लेकर गत दिनों स्थानीय एसडीएम कार्यालय तथा तहसीलदार कार्यालय पहुंचे थे। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को बताया कि गांव के फिरतूराम यादव ने अपने खेत में धान कटाई के तुरंत बाद ट्यूबवेल से अपने खेत में पानी भर दिया है। इससे यादव के खेत के पीछे अन्य ग्रामीणों के खेतों में आने जाने या हार्वेस्टर ले जाने का रास्ता नहीं है। किसानों के मुताबिक किसानों की लगभग 200 एकड़ की कटाई बाधित हुई है। इस शिकायत के बाद नायब तहसीलदार झरना राजपूत, आरआई विरेन्द्र तिवारी व यशवंत साहू, पटवारी अजय राणा व नीरज द्विवेदी सहित स्थानीय हल्का पटवारी ने विवादित स्थल पहुंचे थे।

### राजस्व अमला ने किया सीमांकन

किसानों की शिकायत के बाद बुधवार को राजस्व अमले ने विवादित स्थल का सीमांकन किया। सीमांकन 11 बजे से प्रारंभ होकर देर शाम 6 बजे खत्म हुआ। जानकारी के अनुसार अनावेदक फिरतूराम यादव द्वारा नाले के किनारे शासकीय भूमि पर लगभग 20 डिसमिल अतिक्रमण का मामला सामने आया। इसके अलावा गांव के अन्य किसानों के भी अतिक्रमण उभरकर आये। राजस्व अमले ने अंततः सरपँच व सचिव को अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी सौंपकर मामले में इतिश्री किया।

# टेंडर गड़बड़ी मामले में जांच समिति गठित, जांच पूर्ण होने तक अपात्र ठेकेदारों ने निविदा प्रपत्र आवेदन को सुरक्षित पेटी में सीलबंद करने की मांग की

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत डौंडीलोहारा में 1 करोड़ 37 लाख रुपये के निर्माण कार्यो में भारी गड़बड़ी व दस्तावेज में कुटरचना के आरोप लगाते हुए जिला कांट्रेक्टर एसोसिएशन बालोद व निविदा में शामिल ठेकेदारों ने कलेक्टर को इस गड़बड़ी की जांच कराने व टेंडर को निरस्त करने की मांग की थी। जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल के निर्देश पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने 3 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। जिनको एक सप्ताह में मामले की जांच कर जांच प्रतिवेदन सौपने को कहा गया है। जांच समिति में डौंडीलोहारा एसडीएम शिवनाथ बघेल, सहायक कोषालय अधिकारी नेमेंद्र देशमुख, जिला महाप्रबंधक उद्योग व व्यापार केंद्र गोपाल राव को जिम्मेदारी दी गई है। बता दे कि नगर पंचायत डौंडीलोहारा में टेंडर को लेकर समय समय पर विवाद की स्थिति बनती रहती है। और कई बार मामला नगरीय निकाय संचनालय तक भी पहुंचा है। इस बार भी निकाय के द्वारा आमंत्रित निविदा में निकाय के जिम्मेदार अधिकारियों के ऊपर दस्तावेज में कूटरचना करने, नियम विरुद्ध कार्य करने व योग्य ठेकेदारों को अपात्र बनाकर निविदा से बाहर करने का आरोप लगाया गया है। निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाने वाले ठेकेदार में महावीर तातेड़, रजत भन्साली, प्रतीक शर्मा, प्रकाश शर्मा, विष्णुप्रताप सिंह हैं। जिन्होंने निकाय में सभी नियमो को ताक पर रख अपने चहेते ठेकेदार को टेंडर देने, आवेदन तिथि बढ़ाने, वही आवेदन परीक्षण की तिथि भी बढ़ाकर अनुचित कार्य करने का आरोप लगाया हैं। निविदा भेजने की अंतिम तिथि डौंडीलोहारा पोस्ट आफिस में दोपहर 1 बजे तक थी, जिसमे लगभग 7 ठेकेदारों में से मात्र तीन लोग ही फार्म जमाकर पाए, वही पात्र बनाये गए कुछ ठेकेदार समय पर फार्म पोस्ट आफिस में जमा नही कर पाए, जिससे टेंडर फिर विवादों में पड़ते दिखाई दे रहा है।

### निविदा प्रपत्र आवेदन को पेटीमय सीलबद्ध करने की मांग

ठेकेदारों ने एसडीएम को पत्र लिख निविदा के संबंध में शिकायत करते हुए कहा है कि 21 नवंबर को ठेकेदारों द्वारा विभाग को निविदा प्रपत्र प्राप्त हुई है, जिसमें जांच कमेटी गठित है, जब तक निविदा संबंधी जांच पूर्ण नहीं हो जाती तब तक विभाग को प्राप्त समस्त निविदा प्रपत्र को पेटीमय सीलबद्ध कर रखा जाने हेतु सीएम को निर्देशित करने की मांग की हैं। अपात्र बनाए गए ठेकेदारो का कहना है, कि निकाय में अब कुछ भी कार्य सम्भव है। जब दस्तावेज में कूटरचना हो सकता है। तो सावधानी जरूरी है।

### निकाय पर आरोप

4 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक आवेदन ठेकेदार से लेना था, लेकिन ठेकेदारों ने आवेदन तय समय पर जमा नही किया, जिससे निविदा निरस्त होती, लेकिन कुछ ठेकेदारों को फायदा पहुचाने तिथि को आगे बढ़ाया गया। तिथि बढ़ाये जाने और आवेदन प्राप्त होने के बाद जांच परीक्षण के नाम पर पुनः तिथि को बढ़ाकर दस्तावेजों में कुटरचना कर कुछ ठेकेदारों के आवेदन से दस्तावेज हटा दिया गया। आवेदन परीक्षण के दिन योग्य ठेकेदारों के पास पर्याप्त दस्तावेज थे, जिन्होंने आवेदन में जमा किया था, बावजूद उनको कूटरचना कर अपात्र बना दिया गया। निकाय के द्वारा पात्र बनाये गए ठेकेदार निकाय में आवेदन देने फार्म लेने आये ही नही, बावजूद उनको नियमो के विपरीत फार्म दिया व आवेदन लिया गया। टेंडर को मनचाहे लोगो को देने की नीयत से लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा हेतु जारी शर्त व नियमो के विपरीत शर्त व नियम डालकर गड़बड़ी करने का काम किया गया हैं।

# नगर साहू समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



नगर साहू समाज भाटापारा का दीवाली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह साहू छात्रावास भाटापारा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्द्र साव (विधायक भाटापारा), अध्यक्षता सुनील साहू (अध्यक्ष जिला साहू संघ बलौदाबाजार) एवं अतिथि- चैतराम राम साहू (पूर्व विधायक), रेवाराम साहू (संरक्षक, जिला साहू संघ) दीनदयाल साहू (उपाध्यक्ष जिला साहू संघ), अतिथि दिनेश साहू (महामंत्री, जिला साहू संघ), वासुदेव साहू (ए.ई.) थे। अतिथि के रूप में तहसील साहू संघ एवं परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्षगण शामिल हुए। इस भव्य आयोजन में साहू समाज के 10 वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस वर्ष एसआई के पद पर चयनित हुए नगर की 6 प्रतिभाओं तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले खेल प्रतिभाओं का भी सम्मान हुआ। इस गरिमामयी आयोजन में नगर के पत्रकार बंधुओं का आत्मीय सम्मान किया गया। डॉ वीणा साहू को समाज सेवा के लिए, तथा अजय साहू एवं डॉ इन्द्राणी साहू को साहित्य के लिए,सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि इन्द्र साव ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि पालक अपने बच्चों की प्रतिभा को समझें और उनके अनुरूप उन्हें आगे बढ़ाये। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी देना जरुरी है। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील साहू ने नगर साहू समाज की गतिविधियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारी डॉक्टर आकांक्षा साहू,रायपुर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि इरादे पक्के हो तो आपको मंजिल अवश्य मिलेगी। इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। नगर साहू संघ के अध्यक्ष राजेश साहू ने स्वागत उदबोधन दिया, तथा सरस्वती साहू ने राज गीत प्रस्तुत की। अंत में तिलक साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस सफल आयोजन के लिए नगर साहू समाज से छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, सचिव मनीराम साहू, लुकू साहू, तिलक साहू, पीताम्बर साहू, रवि साहू, अमृत साहू (मीडिया प्रभारी), जीतनारायण साव, निकेश साहू, लिकेश साहू, लाला साहू, पीलाराम साहू, रामचंद्र साहू, भागवत साहू, सतीश साहू, गणेश साहू, कमला साहू, नीरादेवी साहू, कल्याणी साहू, संध्या साहू, डॉली साहू, पेमिन साहू का योगदान रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से संतराम साहू, बाबूलाल साहू, सुकृत साहू, शंकर साहू, सालिक राम साहू, लेखराम साहू, हिरमत साहू, सरस्वती साहू, दमयंती साहू, प्रमिला साहू, डॉ हरिकिशन साहू, सुखमती साहू उपस्थित रहे।

# विश्व विरासत सप्ताह के तीसरे दिन हाईस्कूल के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया





पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति विभाग छत्तीसगढ शासन के अधीन पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में आयोजित विश्व विरासत सप्ताह (19 से 25 नवंबर 2024) के तीसरे दिन हाईस्कूल (कक्षा 9वीं और 10वीं) के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.पी. पुजारी शास. अंग्रेजी माध्यम स्कूल राजातालाब, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शास. विद्यालय माना कैंप, प्यारे लाल यादव शास. उच्चतर माध्यम शाला बैरन बाजार, शास. महात्मा गांधी विद्यालय रीवा, शास. उच्चतर मा. विद्यालय डंगनिया, पी.जी. उमाठे अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय शांतिनगर, सेजस स्कूल लालपुर, प्रो. जे.एन. पांडेय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल नलघर चौक के कुल 61 विद्यार्थियों ने भाग लिया। धरोहर संरक्षण में हमारी भूमिका विषय पर केंद्रित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने अपने निबंध लिखकर प्रस्तुत किए हैं। प्रतियोगिता के परिणाम 25 नवंबर को घोषित किए जाएंगे और सफल प्रतिभागियों को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। यह आयोजन नई पीढ़ी में अपने धरोहरों के प्रति लगाव और जागरूकता का विकास करने के लिए किया जा रहा है।

# कलर्स ने अपने पहले अंतरिक्ष पर आधारित प्रेरणादायक ड्रामा 'अपोलीना - सपनों की ऊंची उड़ान' के साथ बड़े सपने देखने की भावना को दिए पंख

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




जब सितारे आवाज़ देते हैं, तो केवल बहादुर ही उनका जवाब देने की हिम्मत करते हैं! एक लाजवाब कॉस्मिक ट्रिब्यूट में, कलर्स ने अपने पहले अंतरिक्ष पर आधारित ड्रामा 'अपोलीना - सपनों की ऊंची उड़ान' को सम्मान देते हुए, एक तारे का नाम अपोलीना रखकर गैलेक्टिक इतिहास रचा है। इस आकाशीय भाव के साथ, चैनल ने न केवल आकाश को रोशन किया है, बल्कि हर जगह के ड्रीमर्स के दिलों में उत्साह भी पैदा किया है, और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने हेतु ऊंची उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया है। कलर्स की कहानी बताने वाले आकर्षक यूनिवर्स में एक नया सदस्य, यह शो बड़ी महत्वाकांक्षाओं वाली एक छोटे शहर की लड़की - अपोलीना की प्रेरणादायक कहानी बताता है, जो 'कर के दिखाऊंगी' के मोटो के साथ जीती है। भारत की पहली महिला एस्ट्रोनॉट बनने के लिए दृढ़ संकल्पित, वह अपने सपने को जीने और अपने पिता के खोए हुए सम्मान को फिर से हासिल के सफर पर निकलती है। यह निजी संघर्षों की गंभीरता को एक्सप्लोर करता है, जहां अपोलीना 'गद्दार की बेटी' कहे जाने के भारी बोझ से जूझती है। उसके पिता, जिनकी प्रतिष्ठा पर एक स्कैंडल के कारण कलंक लग गया था, इन प्रतिकूलताओं से ऊपर उठने में उसकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्य भूमिका में अदिति शर्मा और गिरधर शुक्ला की भूमिका में संदीप बसवाना अभिनीत, और फोर लायंस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड और कथा कॉटेज प्रोडक्शन एलएलपी द्वारा निर्मित, 'अपोलीना - सपनों की ऊंची उड़ान' का प्रीमियर 3 दिसंबर को होगा। और यह हर शाम 6:00 बजे, केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। लखनऊ में रहने वाली, अपोलीना साहसपूर्वक अंतरिक्ष में जाने के अपने सफर की योजना बनाती है, वह भी ऐसी दुनिया में रहते हुए जहां उसकी उम्र की लड़कियों से अपने करियर के बजाय रसोई संभालने की उम्मीद की जाती है। अपने पिता गिरधर से मिलने वाले एकमात्र समर्थन के साथ, वह रूढ़िवादी पूर्वाग्रहों से निपटती है, और एस्ट्रोनॉट बनने के जुनून को जीती है। अपोलीना के पिता को उसका भविष्य सुरक्षित करने की कोशिश करते समय एक झूठे अपराध में फंसा दिया जाता है, जिससे वह सलाखों के पीछे चले जाते हैं। जबकि अपोलीना अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष करती है।

# भारत में ओप्पो फाइंड एक्स-8 सीरीज़ लॉन्च हुई अत्याधुनिक इनोवेशन के साथ फ्लैगशिप एक्सिलेंस पेश की गई

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




ओप्पो इंडिया ने भारत में ओप्पो फाइंड एक्स-8 सीरीज़ का लॉन्च किया। ओप्पो की इनोवेशन की विरासत को आगे बढ़ाते हुए फाइंड एक्स-8 सीरीज़ में फ्लैगशिप मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400 एसओसी, दो टेलीफोटो लेंस के साथ क्वाड-कैमरा सेट-अप, हाई डेंसिटी क्विक चार्जिंग सिलिकॉन कार्बाईड बैटरी, और कलर ओएस 15(एंड्रॉयड 15 पर आधारित) जैसी खूबियाँ हैं। इसमें आईपी68 और आईपी69 रेटेड टिकाऊ और लाईटवेट बिल्ड के साथ फोटोग्राफी और प्रो डक्टिविटी में सुधार के लिए अनेक एआई फीचर्स दिए गए हैं। इस सीरीज़ में फाइंड एक्स-8 प्रो का मूल्य 16 जीबी रैम + 512जीबी स्टोरेज के लिए आईएनआर 99,999 रुपये है। स्टैंडर्ड फाइंड एक्स-8 दो स्टोरेज वैरिएंट्स 12जीबी+ 256जीबी के लिए आईएनआर 69,999 रुपये और 16जीबी रैम + 512जीबी के लिए आईएनआर 79,999 रुपये में उपलब्ध है। ये सभी डिवाईस 3 दिसंबर से ओप्पो ईस्टोर, फिलिपकार्ट एवं अन्य रिटेल आउटलेट्स से प्रि-ऑर्डर की जा सकेंगी।

# विप्र कॉलेज में शिक्षा विभाग में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह रूबरू 24 का आयोजन सीनियर विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने कहा कि एक उत्तम विद्यार्थी में ही उत्तम शिक्षक बनने की संभावनाएं होती है। आप देश के भावी भविष्य के भावी निर्माता हो। अगर आज आप अच्छे विद्यार्थी बनेंगे, अपने विषय में पारंगत होंगे, तभी आप अच्छे शिक्षक बन सकते हैं। इसलिए महाविद्यालय के संसाधनों का उपयोग करते हुए आपको अपना प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ पूर्ण करना चाहिए। इसके बाद शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. दिव्या शर्मा ने नॉन अटेंडिंग के भ्रम को दूर करने विद्यार्थियों को शपथ दिलाया कि अपना पाठ्यक्रम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूर्ण करेंगे एवं एक अच्छे शिक्षक बनने के सारे गुण अपने अंदर विकसित करेंगे। इसके बाद मंच विद्यार्थियों को सौंप दिया गया। सबसे पहले सीनियर विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया और अपने अनुभव से जूनियर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके बाद जूनियर विद्यार्थी ने भी अपना परिचय दिया और सीनियर विद्यार्थियों की मांग पर डांस और सॉन्ग प्रस्तुत किया ।विद्यार्थियों ने इस अवसर पर रोमांचक और मजेदार गेम का भी आनंद लिया। चार घंटे की यादगार समारोह के बाद विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हुए अध्ययन अध्यापन में एक दूसरे की सहायता करने की बात कही। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के समस्त विद्यार्थियों सहित प्राध्यापक उपस्थित थे।

### एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने जिले में निवासरत सब इंस्पेक्टर परीक्षा में चयनित युवाओं को दी बधाई

बेमेतरा। सब इंस्पेक्टर (उप निरीक्षक) परीक्षा में बेमेतरा जिले में निवासरत चयनित (सफल) युवाओं ने पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) से सौजन्य भेट मुलाकात की। उन्होने सब इंस्पेक्टर (उप निरीक्षक) परीक्षा में चयनित (सफल) युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) द्वारा सब इंस्पेक्टर (उप निरीक्षक) परीक्षा में चयनित (सफल) युवाओं राधिका यादव पिता मौनी चंद बेमेतरा, मोहिनी पटेल पिता कामता पटेल तंदुभाठा (घोटवानी), आकाश बघेल पिता लक्ष्मी नारायण (दर्री), नागेश्वर पिता सुरेश घृतलहरे मोहलाई, जागेश्वर



महिलांगे पिता पंचराम महिलांगे मनियारी, किशन कुमार पिता दशरथ निर्मलकर मनियारी, मनोज बघेल पिता लक्ष्मीनारायण दर्री, राजा ध्रुव पिता छन्नू ध्रुव दाढी, सनत राजपूत पिता इंद्रराघव सिंह जंगलपुर, देवाशीष पिता टीकम सिंह वर्मा पथर्री कला, सुरज कुमार पिता मेहतरू राम मटका, कान्हा पिता सुशील कुमार घिवरी, नीलमणी निषाद पिता संतोष निषाद देवरबीजा, शेखर सिंह राजपूत पिता नरेंद्र सिंह थान खम्हरिया को शुभकामनायें देते हुए कहा कि पुलिसिंग एवं आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने तथा अपने उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए समाज में कानून तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

# शिवरतन शर्मा की सक्रियता से लगभग 70 करोड के नवीन विद्युत उप केंद्र की मिली स्वकृति

- उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रयास से मिली सफलता, क्षेत्र के रोहरा, तरेंगा एवं कोदवा गांव में बनेगा नया विद्युत उपकेंद्र

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com




विधानसभा की प्रगति एवं तरक्की के लिए प्रयासरत रहने वाले उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा की सक्रियता से क्षेत्र की जनता के लिए विकास की कड़ी में एक कड़ी और जुड़ी जिसमे लगभग 70 करोड़ के नवीन विधुत उप केंद्र की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा प्राप्त कर ली गई है। जिसमें भाटापारा विधानसभा के ग्राम रोहरा में अति उच्चदाव विधुत उपकेंद्र (132/33 केवी) लागत लगभग 65 करोड़ और मुख्यमंत्री ऊर्जा अधोसंरचना योजना अंतर्गत ग्राम तरेंगा एवं कोदवा में 33/11 केवी लागत लगभग 05 करोड़ के नवीन उप विधुत केंद्र प्रारंभ किये जायेंगे। लंबी दूरी की लाइन होने के कारण अक्सर तार टूटकर गिरते रहते हैं और लाइन ब्रेक डाउन में रहती है। लेकिन अब इन उपकेन्द्र के बन जाने से आस पास के समीपस्थ गांवों की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा और उन्हे निर्बाध बिजली मिल सकेगी।

नया उप केंद्र बनने से बेहतर होगी इलाके की बिजली व्यवस्था, किसानों एवं जनता हो मिलेगा लाभ- इस स्वीकृति पर शिवरतन शर्मा ने बताया कि इस कार्य के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किया जिसका अब लाभ प्राप्त हुआ है, रोहरा में उप केंद्र बन जाने से क्षेत्र में व्याप्त ओवर लोडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी. साथ ही भाटापारा शहर के विधुत सप्लाई के अतिरिक्त भाटापारा-सिमगा शहर के समीपस्थ 60 से 70 गांवो की विधुत व्यवस्था को लाभ मिलेगा, ब्रेक डाउन की स्थिति में कम समय मे विद्युत व्यवस्था सुचारू हो सकेगी,, शिवरतन शर्मा ने कहा कि रबी एवं खरीफके मौसम में किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त बिजली की सप्लाई हो पाएगी। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि- इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री ऊर्जा अधोसंरचना योजना से ग्राम तरेंगा एवं कोदवा में 33/11 केवी उप विधुत उपकेंद्र खुल जाने से 20-25 गांवो की बिजली व्यवस्था में सुधार होगा और निर्बाध बिजली प्राप्त होगी।

उक्त स्वीकृती के लिए शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। विदित हो कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से अब तक इन 11 महीनों में शिवरतन शर्मा के प्रयासों से लगभग 150 करोड़ की राशि से अधिक के विकास कार्यो की स्वीकृति क्षेत्रवासियों को प्राप्त हो चुकी है।

**कस्टम मिलिंग की दर हुई आधी, बढ़ती महंगाई के बीच कटौती से नाराज़गी**

# जिले के राइस मिलरों का 200 करोड़ से अधिक का बकाया, जूझ रहे आर्थिक तंगी से

- इधर खरीदी केंद्रों में धान की आवक बढ़ी, संग्रहण केंद्रों में भेजने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के राइस मिलर्स सरकार की नई पॉलिसी से नाराज़ चल रहे है, वे काम करने की इच्छुक नज़र नही आ रहे है। 2024-25 के कस्टम मिलिंग हेतु एक भी राइस मिलर्स ने पंजीयन/अनुबंध नही कराया हैं। नए नियम में बदलाव को लेकर लगातार सरकार से बात करने की कोशिश मिलर्स द्वारा की जा रही हैं। लेकिन उन्हें सफलता नही मिल पाई हैं। वही 2021-22 एवं 2022-23 की बकाया राशि का मिलरों को भुगतान नही होने से वे काफी परेशान व चिंतित चल रहे है। जिले के राइस मिलरो को आर्थिक तंगी झेलनी पड़ रही है। शासन की ओर से उन्हें 2021-22 व 2022-23 का करीबन 200 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना शेष हैं। जो आज तलक नही किया गया हैं। गुरुवार को जिला राइस मिलर के पदाधिकारीयो में डीएमओ से नए नियमो में बदलाव करने और बकाया भुगतान जल्द करने सहित तमाम विषयो पर चर्चा की। बालोदराइस मिल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ताराचंद सांखला ने बताया कि बकाया राशि नही मिल पाने की वजह से मिलर्स कर पास बीजी बनाने के लिए पैसे नही है, वर्तमान स्तिथि में बैंक वाले ब्याज के लिए परेशान कर रहे है। जिसकी वजह से मानसिक संतुलन भी मिलरों का खराब हो रहा हैं। वही प्रदेश एवं जिला राइस मिल एसोसिएशन के संरक्षक मोहन भाई पटेल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जो कस्टम मिलिंग की पॉलिसी में बदलाव किया है, उसमे मिलरों को काम करना बेहद ही कठिन है। धान एवं चावल का जो दर तय किया गया है, वो अन्याय पूर्वक है। न्यूनतम दर में काम करने कहा जा रहा है। दो साल की पूर्व बकाया राशि नही मिल पाने की वजह से कई मिलरों के बैंक खाते एनपीए होने के कगार पर है, मिलरों की आर्थिक स्तिथि इतनी खराब हो गई है, की हर माह बैंक का डेढ़ स 3 लाख रुपये तक ब्याज लग रहा है। शासन से सभी मुद्दों पर चर्चा चल रही हैं, लेकिन आशानुकूल परिणाम नही मिल पाया हैं।

**मिलरों ने शासन के बचाएं 60 करोड़ रुपये- आकाश**-जिला राइस मिल एसोसिएशन के सचिव आकाश कटारिया ने बताया कि सरकार ने कस्टम मिलिंग की राशि को 120 से घटाकर 60 रुपये कर दिया गया हैं। परिवहन दर भी कम कर दिया गया है। पिछले वर्ष बालोद जिले में 75 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। जिसमें रखरखाव और शार्टेज देखा जाए तो 2किलो प्रति बोरा के हिसाब से कुल 38 हजार क्विंटल शार्टेज आता है, तो इस 38 हजार क्विंटल धान के शार्टेज और रखरखाव का खर्च कगभग 130 करोड़ रुपये होता है, लेकिन उसकी जगह में 75 लाख क्विंटल की मिलिंग मिलर्स करता है तो लगभग 90 करोड़ रुपये मिलरों को भुगतान करता, जिसमें शासन का रखरखाव, बारदाना सहित सभी खर्च बचते। उन्होंने कहा कि अकेले बालोद जिले ने सरकार को 60 करोड़ रुपये बचा कर दिया है। तो ऐसे में प्रदेश के 33 जिला मिलाकर अरबो रुपये शासन के मिलरों ने बचाए हैं। शासन को चाहिए कि वो अपने नई नियमो पर पुनः विचार करें, और पॉलिसी में बदलाव करे।

**लग सकता है कई मिलो में ताला-** जिलेभर के राइस मिलर्स ने साफतौर पर कह दिया है कि उन्हें दो साल का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में वे इस बार मिलिंग नहीं कर पाएंगे। इधर पूर्व की कांग्रेस सरकार ने कस्टम मिलिंग की दर में अच्छी खासी बढ़ोतरी की थी। मिलर्स को प्रति क्विंटल कस्टम मिलिंग पर 120 रुपए दिए जा रहे थे। लेकिन इस साल भाजपा सरकार ने कस्टम मिलिंग की दर कम कर दी है। अब प्रति क्विंटल मिलर्स को 60 रुपए दिए जाएंगे। कस्टम मिलिंग की दर में कटौती से राइस मिलर्स नाराज हैं। मिलिंग दर में कटौती से पूरे प्रदेश की राइस मिलों में संकट मंडरा रहा है। जिले के मिलर्स रतन नाहटा, चंद्रेश नाहटा, सुबोध टावरी, दीपक उपाध्याय का कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। पांच साल में बिजली बिल, हमाली, मशीनों के दाम सहित सभी चीजें काफी महंगी हुई है। उधर शासन ने मिलिंग को पांच साल पुरानी दर पर वापस ला दिया है। ऐसे में मिलर्स को आर्थिक संकट से जूझना पड़ेगा। कई मिलों में ताला लग सकता है।

**एक भी पंजीयन नहीं**-धान खरीदी शुरू होने से पहले ही राइस मिलर्स ने कस्टम मिलिग करने में असमर्थता व्यक्त कर दी है। जिला विपणन द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन भी शुरू किया गया है, लेकिन समस्याओं को देखते हुए मिलर्स पंजीयन के लिए सामने नहीं आ रहे। वही जिले में इस बार धान खरीदी के दौरान 81 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदने का लक्ष्य शासन द्वारा तय किया गया है। ऐसे में परिवहन की प्रक्रिया प्रभावित होने से पूरी धान खरीदी की प्रक्रिया ही पटरी से उतर सकती है।

**परिवहन दर में भी कटौती**-राज्य शासन ने मिलिंग के दाम को आधा करने के साथ-साथ परिवहन दर में भी कटौती कर दी है। 25 किलोमीटर के भीतर धान और चावल का परिवहन करने पर मिलर्स को 14 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जाएगा। मिलर्स का कहना है कि इस रेट से ज्यादा हमाली की दर है। ऐसी स्थिति में उन्हें परिवहन में भी घाटा उठाना पड़ेगा।

**समय पर चावल जमा नहीं करने पर अब पेनाल्टी**-कस्टम मिलिंग की नई नीति के अनुसार समय पर चावल जमा नहीं करने पर राइस मिलर्स को पेनाल्टी जमा करना होगा। मिलर्स ने बताया कि वे तो चावल जमा करने के लिए तैयार रहते हैं, लेकिन एफसीआई के डिपो पैक हो जाते हैं। ऐसे में वे चाहकर भी चावल जमा नहीं कर पाते हैं। चावल जमा नहीं होने पर उन्हें बिना गलती के ही पेनाल्टी भरना पड़ेगा।





कवर्धा। पायनियर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कबीरधाम जिले से काफी संख्या में पत्रकारगण शामिल हुए, जिसमें प्रमुख रूप से पायनियर के जिला ब्यूरो चीफ भुवन पटेल, श्याम टंडन, दीपक कुमार मागरे, इलियाज खान, सूरज चन्द्राकर, डी.एन. योगी, प्रकाश वर्मा, विजय धृतलहरे, नरेन्द्र तिवारी, योगेश साहू, जगदम्बिका साहू समेत काफी संख्या पत्रकार तथा आमजन शामिल हुए।

# पानी की बहुलता एवं बांध वाले क्षेत्रों में मत्स्य टूरिज्म को दिया जाएगा बढ़ावा : मंत्री रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पानी की बहुलता एवं बांध वाले क्षेत्रों में मत्स्य टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे मत्स्य कृषकों के आय भी बढ़ेगी और निरंतर रोजी-रोजगार की व्यवस्था भी होगी। उन्होंने कहा कि मत्स्य किसानों को कलस्टरों और समितियों से जोड़कर समृद्ध बनाया जा सकता है। इसके लिए किसानों को भी आगे आना चाहिए। कृषि मंत्री नेताम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में स्थित कृषि मंडुपम में विश्व मात्स्यिकी दिवस पर छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित एक दिवसीय मत्स्य कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि मत्स्य किसानों के निरंतर उन्नति और विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री मत्स्य किसान संपदा योजना शुरू की। पृथक से मत्स्य मंत्रालय का गठन किया है। निश्चित ही इससे छोटे-छोटे मत्स्य किसान को रोजगार मिलेगा और उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बहुत से किसानों के पास डबरी व गांव में तालाब होते है। जिसके माध्यम से मत्स्य पालन कर रोजी-रोजगार करते है। उन्होंने कहा कि सरकार मत्स्य किसानों के लिए संचालित योजना में 60 प्रतिशत अनुदान का भी प्रावधान किया है। मत्स्य कृषकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धमतरी, दुर्ग, रायपुर जैसे पानी की बहुलता वाले क्षेत्रों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए। संगोष्ठी कार्यक्रम को मंत्री केदार कश्यप ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति गिरीश चंदेल, मत्स्य कृषक बोर्ड के अध्यक्ष हेमलता निषाद, रामकृष्ण धीवर, नेतराम निषाद, कृष्णा हिरवानी, आनंद निषाद, बसंत सहित सहकारिता विभाग के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में मत्स्य कृषक उपस्थित थे।

# बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीतने पर खिलाड़ियों को उद्योग मंत्री देवांगन ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

गोवा में एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर कोरबा लौटे खिलाड़ियों को वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बधाई देकर उनका हौसला अफजाई किया। 15 नवंबर से 17 नवंबर तक गोवा के मापुसा पेंडम इंडोर स्टेडियम में एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, कंबोडिया, वियतनाम समेत अन्य देशों के 300 खिलाड़ी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में कोरबा के हार्दिक दुरेजा 85 किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक, विशाल कुमार साहू 63 किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक, मुस्कान जायसवाल 57 किलोग्राम भार में रजत पदक जीता। मंत्री देवांगन के कोरबा जिले के कोहड़िया स्थित निवास पर सभी प्रतिभागियों ने मंत्री लखन लाल देवांगन और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन से सौजन्य भेंट कर अपनी उपलब्धि की जानकारी दी। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने खिलाडियों को उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कोरबा शहर के खिलाड़ियों ने यह गौरवमयी उपलब्धि हासिल की है। उनकी मेहनत और लगन से प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिलेगी। सभी पर हमें गर्व है और आशा करते हैं कि भविष्य में वह और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे। इस अवसर पर पीतांबर साहू, महेन्द्र सिंह, अनिल डडसेना, केदारनाथ जायसवाल, मो आरिफ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रबी फसल में धान पर प्रतिबंध के मामले में सरकार स्थिति स्पष्ट करे : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रबी सीजन में धान की खेती पर भाजपा सरकार के द्वारा प्रतिबंध लगाने का विरोध करते हुये कहा है कि मुख्यमंत्री कहते है रबी में धान की फसल पर प्रतिबंध नहीं है। कलेक्टर गांव-गांव में मुनादी कर किसानों को रबी फसल में धान लेने पर कार्यवाही की धमकी दे रहे, सरकार स्थिति स्पष्ट करे। मुख्यमंत्री की तथा सरकार की बिना जानकारी के गांवों में मुनादी कैसे करवाई जा रही है सरकार स्थिति स्पष्ट करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान और किसान छत्तीसगढ़ की पहचान है, अभिमान है, छत्तीसगढ़ की समृद्धि का आधार है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी सरकार रबी फसल में धान बोने वाले किसानों को हतोत्साहित कर रही है। धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर जिले के कलेक्टरों के द्वारा कोटवारों के माध्यम से गांव-गांव में मुनादी करा कर धान की फसल नहीं लेने के लिए किसानों को धमकाया जा रहा है। भाजपा सरकार के इशारे पर अधिकारी मौखिक आदेश देकर अघोषित तौर रबी सीज़न में धान के किसानों पर 50,000 रुपए प्रति एकड़ का भारी भरकम जुर्माना लगाने की धमकी गांव-गांव में किसानों को दी जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि खेत और मौसम के अनुकूल फसल का चयन करना किसानों का अधिकार है।

# फरार 12 वारंटी समेत 15 बदमाश गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 15 बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनमें 12 वारंटी, जो विभिन्न मामलों में फरार चल रहे थे, और 3 अन्य बदमाश, जो अशांति फैलाने में संलिप्त थे, शामिल हैं। सभी गिरफ्तारियां थाना आजाद चौक क्षेत्र में की गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के नेतृत्व में 20 नवंबर की रात 10 बजे एक विशेष बैठक में सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्ते और नगर पुलिस अधीक्षक आज़ाद चौक अमन कुमार झा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने रातभर विशेष अभियान चलाकर 12 वारंटियों को उनके ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया। साथ ही, अशांति फैलाने वाले 3 बदमाशों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों को 21 नवंबर को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से, पुलिस लाइन से बस मंगानी पड़ी और थाना प्रभारी ने खुद इस प्रक्रिया को पूरा किया। वारंटियों और बदमाशों की गिरफ्तारी में सउनि अनिल साहू, आरक्षक दीपक सेन, राजेश सोनी, मुकेश पांडेय और भोजराज सोनवानी ने प्रमुख भूमिका निभाई। उनकी इस सफलता पर एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने टीम को पुरस्कृत किया। इस कार्रवाई ने रायपुर पुलिस की अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख को स्पष्ट कर दिया है। अधिकारियों ने जनता को भरोसा दिलाया है कि अपराध नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की फांसी लगाकर खुदकुशी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर में पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद किया गया है, जिसमें पुलिस जवान समेत अन्य लोगों का नाम लिखा हुआ है। इस घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शव लेकर टिकरापारा थाने पहुंचे हैं और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे। भीड़ को नियंत्रित करने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, टीकरापारा थाने के एक हवलदार की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने खुदकुशी की है। मृतक का नाम मोहम्मद शहजाद शेख बताया जा रहा है। बीते दिनों मारपीट मामले में मृतक और उसके दोनों बेटों को पुलिस ने थाने लाया था। इस बीच शहजाद की खुदकुशी का मामला सामने आ गया।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403